संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 17 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 307 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### जानलेवा दिल्ली की हवा: 18 इलाकों में आबोहवा बेहद खराब

**नई दिल्ली:** हवा की गति कम होने से आधी दिल्ली में हवा गंभीर श्रेणी में पहुंच गई है। आसमान में स्मॉग की मोटी चादर छाई दिखी। प्रदूषण का स्तर बढ़ने से लोगों को सांस लेने परेशानी शुरू हो रही है। नेहरू नगर में सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 449 दर्ज किया गया। जहांगीरपुरी में 443, पंजाबी बाग में 439, बवाना में 433 व आनंद विहार में 427 के साथ 18 इलाकों में एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया। वहीं, 17 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी के दर्ज की गई। मथुरा रोड में सबसे कम एक्यूआई 311 दर्ज किया गया। हालांकि, यह बेहद खराब श्रेणी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक बुधवार को 17 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इसमें एनएसआईटी द्वारका व अलीपुर में 399, नॉर्थ कैंपस, नजफगढ़ व सीरीफोर्ट में 394, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 386, पूसा में 385 व श्री अरबिंदो मार्ग में 388 एक्यूआई दर्ज किया गया। यह बेहद खराब श्रेणी में है।

सीपीसीबी का नहीं चल रहा है सर्वर

सर्वर में आई खराबी के चलते दिल्लीवालों को बुधवार को प्रदूषण के स्तर का सही अपडेट नहीं मिल पाया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मोबाइल एप में प्रतिघंटे मिलने वाला वायु सूचकांक नहीं मिल रहा है। यह स्थिति बीते दो-तीन दिन से जारी है। दमघोंटू हवा के चलते आम लोगों में भी वायु गुणवत्ता सूचकांक के बारे में रियल टाइम अपडेट जानने की इच्छा पैदा हुई है, लेकिन लोगों को निराशा हाथ लग रही है।

### जानलेवा भीड़: ट्रेन में अधिक यात्री होने से घुट गया दम

**हापुड़:** दिवाली के बाद छठ पूजा के चलते पूर्वांचल और बिहार की तरफ जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ कम नहीं हो रही है। गुरुवार को अवध असम एक्सप्रेस में पत्नी के साथ स्लीपर कोच में सवार असम जा रहे युवक को अधिक भीड़ होने के कारण सांस लेने में दिक्कत हो गई, लेकिन ट्रेन के हापुड़ पहुंचने से पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया। जीआरपी ने शव को हापुड़ स्टेशन पर उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। राजस्थान के जोधपुर निवासी ललित कुमार पुरोहित अपनी पत्नी जग्गी के साथ अवध असम एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-4 में सवार होकर अपनी ससुराल असम के डिबरूगढ़ जा रहे थे।

# राजस्थान: भाजपा का संकल्प पत्र जारी

## युवाओं को पांच साल में 2.50 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया

**वादों का पिटारा**

8 450 रुपए में सिलेंडर... युवाओं को 2.50 लाख सरकारी नौकरी का वादा

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर-** **भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र (संकल्प पत्र) बृहस्पतिवार को जारी किया जिसमें युवाओं को पांच साल में 2.50 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने यहां आपणो अग्रणी राजस्थान संकल्प पत्र-2023 का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर परीक्षापत्र लीक व अन्य घोटालों की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया जाए। जेपी नड्डा ने कहा, हमारी सरकारी यह सुनिश्चित करेगी कि ऐसे मामलों में दोषियों को दंड मिले। नड्डा ने कहा, केन्द्र सरकार ने हर क्षेत्र में राजस्थान के विकास किए कार्य किया है लेकिन हम डबल इंजन की सरकार चाहते हैं। क्योंकि यहां पर तुष्टिकरण, परीक्षापत्र लीक, घोटाले और भ्रष्टाचार वाली सरकार है और उसे हटाना आवश्यक है। नड्डा ने कहा, अन्य पार्टियों के लिए घोषणापत्र महज एक औपचारिकता है, पर भाजपा के लिए यह विकास का खाका है। इसलिए ये संकल्पपत्र मात्र पन्नों पर लिखे शब्द नहीं हैं वह हमारे लिए ऐसे वाक्य हैं जिन्हें पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं।

संकल्पपत्र में किए ये वादे

इस संकल्पपत्र की मुख्य बातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के लिए वित्तीय सहायता को बढ़ाकर 12000 रुपए सालाना करना, गेहूं की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के ऊपर बोनस देकर 2700 रुपये प्रति क्विंटल पर खरीदने की व्यवस्था करना, लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत सभी गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर सेविंग बांड देना, सभी गरीब परिवारों की महिलाओं को 450 रुपए में घरूलू सिलेंडर देना, अगले पांच वर्षों में प्रदेश के युवाओं को 2.50 लाख सरकारी नौकरी देना तथा पिछली सरकार के कार्यकाल में हुए सभी भ्रष्टाचार के मामलों पर श्वेत पत्र लाना शामिल है।

### गेहूं और धान की एमएसपी पर बोनस की व्यवस्था

**गुरुवार को** भाजपा ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा-पत्र जारी कर दिया। अपने घोषणा-पत्र में भाजपा ने 'जन जन की पुकार, आ रही है भाजपा सरकार' का नारा भी दिया है। 75 पन्ने के संकल्प पत्र में तमाम वर्गों और क्षेत्रों के लिए संकल्पों पर जोर दिया गया है।

**किसानों के लिए क्या?**

अपने संकल्प पत्र में किसानों से भी भाजपा ने कई वादे किए हैं। इनमें 2700 रुपये प्रति क्विंटल पर गेहूं की खरीदी की बात है। गेहूं और धान की एमएसपी



पर बोनस की व्यवस्था करने की बात भी कही गई है। प्रदेश में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की मौजूदा राशि को बढ़ाकर किसानों को सालाना 12,000 रुपये की आर्थिक मदद करने का भी वादा किया गया है। घोषणा पत्र जारी करते वक्त भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के 19,400 ऐसे किसान हैं, जिनकी जमीन कुर्क कर ली गई है। हम कांग्रेस सरकार के राज में नीलाम हुई किसानों की जमीनों का उचित मुआवजा देने के लिए मुआवजा नीति लाएंगे।



### मुख्यमंत्री फ्री स्कूटी योजना शुरू होगी

**घोषणा-पत्र के** वादों के मुताबिक, जिसके मुख्यमंत्री फ्री स्कूटी योजना शुरू होगी, अंतर्गत कक्षा 12वीं पास करने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही लखपति दीदी योजना शुरू होगी, जिसके अंतर्गत 6 लाख से ज्यादा ग्रामीण महिलाओं की कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके उनकी वार्षिक आय कम से कम 1 लाख हो, यह सुनिशित किया जाएगा।

### 'हर जिले में एक महिला थाना स्थापित करेंगे'

**घोषणा-पत्र** में भाजपा ने कहा कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक महिला थाना स्थापित करेंगे। सभी पुलिस स्टेशन में महिला डेस्क स्थापित करेंगे और सभी प्रमुख शहरों में एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन करेंगे। सभी प्रमुख शहरों में पिंक बस का नेटवर्क शुरू किया जाएगा। पुलिस बल में महिलाओं की न्यूनतम 33% भर्ती सुनिश्चित की जाएगी। भाजपा ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों एवं शैक्षणिक संस्थानों में महिला सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगाएंगे एवं 500 कालिका पेट्रोलिंग टीम तैनात करेंगे। वहीं महिलाओं के खिलाफ हुए अपराधों के मामलों में त्वरित न्याय दिलाने के लिए नए फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करेंगे।

# 'बीजेपी अमीरों की जेब भरती है, हम गरीबों की'

## राजस्थान एक ऐसा प्रदेश है, जहां स्वास्थ्य का अधिकार है, कैंसर हो जाए, हार्ट अटैक हो जाए, घुटना बदलवाना हो, एक पैसा खर्च नहीं होता आप का: राहुल



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर** **श्रीगंगानगर में** राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान एक ऐसा प्रदेश है, जहां स्वास्थ्य का अधिकार है। कैंसर हो जाए, हार्ट अटैक हो जाए, घुटना बदलवाना हो, एक पैसा खर्च नहीं होता आप लोगों का। ये सुविधा आपको कहीं और देखने को नहीं मिलेगी, ये सिर्फ राजस्थान सरकार ही कर सकती है। मैंने तो गहलोत से कहा भी कि 25 लाख का बजट भी कम है इसको और बढ़ाइए। 500 रुपये का गैस सिलेंडर हम देते हैं इसका फायदा गरीब लोगों को ही तो मिल रहा है। एक वो किसानों, गरीबों और मजदूरों के साथ खड़ी होती है और दूसरी वो सरकार जो अरबपतियों के साथ खड़ी होती है। आप जानते हो बीजेपी अरबपतियों के साथ खड़ी होने वाली सरकार है। पहले अडानी दुनिया के अमीर लोगों के 600 नंबर पर थे। आज मोदी

**बीजेपी निशाने पर**

8 500 रुपये का गैस सिलेंडर हम देते हैं इसका फायदा गरीब लोगों को ही तो मिल रहा है

अपने मित्र को दूसरे नंबर पर लाकर खड़ा कर दिया। अदानी पैसा कमाते हैं और उस पैसे को विदेश में इस्तेमाल करते हैं, विदेश की कंपनियां खरीदते हैं। हमारी सरकार क्या करती है, हम किसानों-मजदूरों के जेब में पैसा डालते हैं। उसका फायदा ये होता है कि गांव के लोग गांव में ही पैसा खर्च करते हैं, शहर में पैसा खर्च करते हैं, छोटे दुकानदारों से शर्ट, पैंट, अनाज खरीदते हैं और ये पैसा सीधा गांव में और शहर में जाता है। इससे राजस्थान की अर्थव्यवस्था चालू हो जाती है।

# कॉलेजियम के फैसले के बचाव में सीजेआई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** **तमिलनाडु में** न्यायमूर्ति विक्टोरिया गौरी की नियुक्ति पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने टिप्पणी की है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, वकील के रूप में उनके विचारों के आधार पर किसी व्यक्ति को 'पक्षपाती' नहीं मानना चाहिए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने अधिवक्ता लक्ष्मना चंद्रा विक्टोरिया गौरी को मद्रास उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। बता दें कि विक्टोरिया को भाजपा का करीबी बताकर विवाद पैदा करने का प्रयास हो रहा है। इसी बीच कॉलेजियम के फैसले का बचाव करते हुए मुख्य



न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, जिस भाषण को लेकर विक्टोरिया को विवादों में घसीटने का प्रयास हो रहा है, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने न्यायाधीश के कथित भाषण की प्रकृति को "बहुत ध्यान से" देखा। कॉलेजियम ने केंद्र सहित सभी हितधारकों के साथ प्रतिक्रिया साझा की। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, किसी को केवल उनके विचारों के आधार पर किसी

**टिप्पणी**

8 वकील के रूप में उनके विचारों के आधार पर किसी व्यक्ति को 'पक्षपाती' नहीं मानना चाहिए: चीफ जस्टिस

व्यक्ति को "निष्पक्ष रूप से बुलाना" नहीं चाहिए। बता दें कि विक्टोरिया मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के समक्ष केंद्र का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। ऐसी वकील को पदोन्नत करने का प्रस्ताव भाजपा से जुड़े होने के आरोपों के बाद विवादों में घिर गया है।

# इस्राइल ने गाजा के अल शिफा अस्पताल में तैनात किए बुलडोजर

**गाजा:** हमास के हथियारों और उपकरणों का जखीरा मिलने के बाद से ही इस्राइल ने गाजा के अल शिफा अस्पताल में अपना अभियान तेज कर दिया है। इस्राइल ने अस्पताल के नीचे मौजूद सुरंग नेटवर्क में कमांड सेंटर होने का आरोप लगाया है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र और मध्य पूर्वी देशों ने इस्राइल की इस कार्रवाई की निंदा की। इस्राइल ने कहा- हथियारों का जखीरा मिला इस्राइली सैनिकों ने दिनभर अस्पताल में खोजबीन जारी रखी। इस दौरान इस्राइली सैनिकों द्वारा एक वीडियो भी बनाया गया।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा में चल रहे हैं रेस्क्यू ऑपरेशन पर निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कमिश्नर गढ़वाल, आईजी गढ़वाल एवं राहत एवं बचाव में लगी एजेंसियों से सिलक्यारा में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन तथा टनल में फंसे श्रमिकों की कुशलक्षेम की हर पल की अपडेट ले रहे हैं।

# उड़ी में आतंकवादी लॉन्च कमांडर समेत दो ढेर



**टीम एक्शन इंडिया/बारामुला** **उत्तरी क**श्मीर के बारामुले जिले के उड़ी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास मुठभेड़ में आतंकी लॉच कमांडर बशीर अहमद मलिक समेत दो आतंकी मारे गए। घुसपैठ कर रहे आतंकियों के पास से हथियार और पाकिस्तानी नकदी बरामद की गई है। गुरुवार को सेना के अधिकारियों ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बारामुला के उड़ी सेक्टर में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों से मिले विशेष इनपुट पर सतर्कता को और अधिक बढ़ाया गया। बुधवार को बिगड़े मौसम के बीच नियंत्रण रेखा पर तैनात सैनिकों ने सीमा पर से आतंकियों को आते देखा। उन्हें ललकारे जाने पर मुठभेड़ शुरू हुई। इस दौरान दो आतंकवादी मारे गए। मौके पर तलाशी अभियान चलाया गया।

मारे गए आतंकियों की पहचान आतंकी बशीर अहमद मलिक और अहमद गनी शेख के तौर पर हुई है। दोनों घुसपैठिए पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि आतंकी बशीर लॉच कमांडर था। बशीर नियंत्रण रेखा के पार से कई बार आतंकवादियों की घुसपैठ करा चुका था। इस बार वो खुद इस पार आने की कोशिश में ढेर कर दिया गया। बशीर उत्तर में लीपा से लेकर दक्षिण में पीओजेके और राजोरी के इलाकों तक आतंकी तंजीमों के लिए एक महत्वपूर्ण आतंकवादी लॉन्च कमांडर था। उसने नियंत्रण रेखा के पार अनगिनत आतंकवादियों की घुसपैठ को अंजाम दिया। उसके खात्मे से नियंत्रण रेखा के पार आतंकी ढांचे और उसके समर्थकों को दिया गया बड़ा झटका है।

**सफलता**

8 बशीर पीओजेके और राजोरी के इलाकों तक आतंकी तंजीमों के लिए आतंकवादी लॉन्च कमांडर था

# चंद्रयान-3 के रॉकेट का हिस्सा नियंत्रण से बाहर: इसरो

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु** चंद्रयान-3 के लॉन्च व्हीकल LVM3 M4 का एक हिस्सा नियंत्रण से बाहर हो गया है। यह पृथ्वी के वातावरण में फिर से प्रवेश कर गया है। इसकी जानकारी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने बुधवार को दी। अनियंत्रित होने वाला हिस्सा लॉन्च व्हीकल का क्रायोजेनिक अपर स्टेज था, जिसने चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को तय कक्षा में स्थापित किया था। इसरो ने बताया- यही हिस्सा बुधवार 15 नवंबर की दोपहर 2:42 बजे



पृथ्वी के वातावरण में दाखिल हुआ। इसके अनियंत्रित होने की वजह अभी साफ नहीं हुई है। आशंका है कि यह उत्तर प्रशांत महासागर में गिरेगा। इसका फाइनल ग्राउंड ट्रैक भारत के ऊपर से होकर नहीं गुजरा। चंद्रयान-3 के LVM3 M4 लॉन्च व्हीकल का क्रायोजेनिक अपर स्टेज, जो अनियंत्रित होकर पृथ्वी के वातावरण में दोबारा दाखिल हुआ। चंद्रयान-3 के LVM3 M4 लॉन्च व्हीकल का क्रायोजेनिक अपर स्टेज, जो अनियंत्रित होकर पृथ्वी के वातावरण में दोबारा दाखिल हुआ।

इसरो के बयान के मुताबिक चंद्रयान-3 को लॉन्च किए जाने के 124 दिन बाद यह रॉकेट बॉडी पृथ्वी में री-एंटर हुई।

**झटका**

8 पृथ्वी के वातावरण में लौटा, प्रशांत महासागर में गिर सकता है; इसरो ने कहा- वजह पता नहीं

# माओवादियों ने हमास समर्थक रैली को उड़ाने की दी धमकी

**टीम एक्शन इंडिया/कोझिकोड** **भारतीय** कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) ने कोझिकोड के जिला कलेक्टर को एक पत्र भेजकर धमकी दी है। इन माओवादियो ने कथित तौर पर धमकी दी है कि अगर सरकार और पुलिस ने माओवादियों के खिलाफ कार्रवाई को रोका नहीं तो 'फेक कॉमरेड्स की होने वाली हमास के समर्थन वाली रैली में विस्फोट किया जाएगा। माओवादियों का ये पत्र बुधवार को कलेक्टर कार्यालय को मिला था। इसके बारे में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। जिला प्रशासन के अधिकारी ने इस बारे में बताया कि माओवादियों की तरफ से मिले पत्र में कहा गया है कि सरकार कोझिकोड जिले की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय 'विदेशी आतंकवादियों' के लिए रैलियां आयोजित कर रही है। उन्होंने यह भी कहा है कि माओवादियों को गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद, हुई सुनवाई

**प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्म भूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में अदालत आयुक्त नियुक्त करने की मांग पर दाखिल अर्जी पर बृहस्पतिवार को सुनवाई हुई। मंदिर पक्ष की ओर से दलील दी गई कि मस्जिद के नीचे कई ऐसे प्रतीक हैं जो हिन्दुओं की भावनाओं से जुड़ें हुए हैं। हालांकि, मस्जिद पक्ष की ओर से इसका विरोध किया गया। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान और पक्षकारों के उपस्थित न होने से नोटिस जारी करने का आदेश दिया है और कहा है कि अगली सुनवाई पर सभी पक्षकार उपस्थित हों।

**गैर-धार्मिक नहीं** 'तुष्टीकरण" वाली सरकारी नीतियों ने देश के सबसे बड़े धर्म को ऐसा महसूस कराया कि उसे स्वयंभू होना होगा'

# 'सेकुलरिज्म गैर-धार्मिक नहीं, सब धर्मों का सम्मान'

**टीम एक्शन इंडिया/लंदन** **भारत के** लिए धर्मनिरपेक्षता का मतलब गैर-धार्मिक होना नहीं है, बल्कि सभी धर्मों का समान सम्मान करना है। ये बयान विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने दिया है। खास बात ये है कि विदेश मंत्री ने धर्मनिरपेक्षता का पाठ अंग्रेजों की सरजमीं से पढ़ाया। उन्होंने कहा, अतीत की "तुष्टीकरण" वाली सरकारी नीतियों ने देश के सबसे बड़े धर्म को ऐसा महसूस कराया कि उसे स्वयंभू होना होगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, समानता के नाम पर सरकारों का ऐसा रवैया निंदनीय है।



**विदेश मंत्री भारत की उदारता पर क्या बोले:** जयशंकर से पूछा गया कि क्या नेहरू युग के बाद से भारत भाजपा नेतृत्व वाली सरकार के तहत कम उदार और अधिक "हिंदू बहुसंख्यकवादी" बन गया है? अपने जवाब में विदेश मंत्री ने कहा, भारत निश्चित रूप से बदल गया है, जयशंकर ने स्पष्ट कहा कि बदलाव का मतलब यह नहीं है कि भारत कम उदार हो गया है, बल्कि अपनी मान्यताओं को व्यक्त करने के बारे में "अधिक प्रामाणिक" है। उन्होंने यह जवाब लंदन में रॉयल ओवरसीज लीग में 'हाउ ए बिलियन पीपल सी द वर्ल्ड' टाइटल वाली बातचीत के दौरान दिया। पंडित नेहरू के दौर में धर्मनिरपेक्षता पर भारत की सोच

**भारत बदल गया**

8 हमारे लिए धर्मनिरपेक्षता का मतलब सभी धर्मों के लिए समान सम्मान है: विदेश मंत्री जयशंकर

जयशंकर ने पत्रकार-लेखक लियोनेल बार्बर के एक सवाल के जवाब में कहा, आज का भारत नेहरू युग की तुलना में काफी बदल चुका है। हम भारत में धर्मनिरपेक्षता को कैसे परिभाषित करते हैं? इस सवाल पर नेहरू युग की धारणा ने तत्कालीन राजनीति की सोच और विदेश में इसके प्रसार को बहुत हद तक निर्देशित किया। विदेश मंत्री ने कहा, "हमारे लिए, धर्मनिरपेक्षता का मतलब गैर-धार्मिक होना नहीं है; हमारे लिए धर्मनिरपेक्षता का मतलब सभी धर्मों के लिए समान सम्मान है।

# जमीन घोटाला: सरकार ने सीबीआई को भेजा मामला

## मुख्य सचिव पर बेटे को 850 करोड़ लाभ पहुंचाने का आरोप

**भूमि अधिग्रहण**

8 मुख्य सचिव नरेश कुमार पर भूमि के मूल्यांकन में 22 गुना मूल्य बढ़ाने का आरोप लगा है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** सरकार ने द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना में भूमि अधिग्रहण घोटाले का मामला सीबीआई को भेजा है। मुख्य सचिव नरेश कुमार पर भूमि के मूल्यांकन में 22 गुना मूल्य बढ़ाने का आरोप लगा है, जिससे उनके बेटे करण चौहान से जुड़ी कंपनी को लाभ हो। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को बामनोली भूमि अधिग्रहण मामले से जुड़ी जांच रिपोर्ट उपराज्यपाल वीके सक्सेना को भेजी थी। विजिलेंस मंत्री आतिशी ने मुख्यमंत्री को यह रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें बामनोली गांव में 19 एकड़ जमीन के अधिग्रहण में कथित भ्रष्टाचार के लिए नरेश कुमार को पद से हटाने की सिफारिश की गई। जिसके बाद अब दिल्ली सरकार ने रिपोर्ट सीबीआई को भेजी है। दिल्ली मंत्री ने 650 पन्नों की रिपोर्ट केजरीवाल को सौंपी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले में 850 करोड़ रुपये का नाजायज फायदा पहुंचाया गया है। यह जमीन 2015 में द्वारका एक्सप्रेसवे के पास केवल 75 लाख रुपये में खरीदी गई थी। हालांकि, इस मामले में मुख्य सचिव कार्यालय ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। कार्यालय का कहना है कि कुछ दिनों पहले ही मंडलायुक्त ने स्पष्ट कर दिया था कि इस मामले में दोषी कौन है। साथ ही, जांच की बात भी की थी। आतिशी की रिपोर्ट एक शिकायत की जांच का नतीजा है जिसमें आरोप लगाया गया था कि मुख्य सचिव के बेटे को एक ऐसे व्यक्ति ने नौकरी पर रखा था जो बामनोली में लाभान्वित भूस्वामियों का रिश्तेदार था।



### कथूरिया बंधुओं को 897 करोड़ का लाभ पहुंचाने की कोशिश

**सतर्कता** मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, कथूरिया बंधुओं को 897 करोड़ का लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई, जबकि विजिलेंस की रिपोर्ट में लगभग 353 करोड़ रुपये का अनुमान था। वर्ष 2018 में जमीन के मुआवजा की कीमत तय हुई थी। फरवरी 2019 से लेकर जून 2022 के बीच तीन अलग-अलग डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने उसे नहीं बदला। नरेश कुमार के दिल्ली के मुख्य सचिव बनने के 40 दिन के अंदर ही हेमंत कुमार को दक्षिण पश्चिमी जिले का डीएम बनाया गया।
हेमंत कुमार ने डीएम बनने के एक साल के भीतर 2018 का मुआवजा 22 गुना बढ़ा दिया। उनके खिलाफ विजिलेंस इंक्वारी मुख्य सचिव ने खुद संज्ञान लेकर नहीं करवाई। हालांकि जब इस मुद्दे को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में उठाया गया, तो मंडलायुक्त और मुख्य सचिव के पास जांच के अलावा कोई रास्ता नहीं था।

**सीएम ने की मुख्य सचिव को निलंबित करने की सिफारिश:** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुख्य सचिव से जुड़े मामले में सतर्कता मंत्री आतिशी की प्राथमिक जांच रिपोर्ट को उपराज्यपाल को भेजा था। उन्होंने जांच रिपोर्ट एलजी को भेज देते हुए मुख्य सचिव को तुरंत पद से हटाने और निलंबन करने की सिफारिश की थी।
**क्या है मामला:** बामनोली जमीन अधिग्रहण मामले में आतिशी ने मुख्य सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए मंगलवार को 670 पेज की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को जो रिपोर्ट सौंपी है, उसमें घुमा फिरा कर पूरा मामला मुख्य सचिव के इर्द गिर्द ही घूम रहा है।

## सड़क दुर्घटनाओं में 10 में से आठ मृतक या तो बाइकर या पैदल यात्री

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस द्वारा साझा किए गए सड़क दुर्घटना के आंकड़ों से पता चलता है कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में पैदल यात्री और दोपहिया सवार सबसे ज्यादा असुरक्षित थे। आंकड़ों में कहा गया है कि पिछले साल सड़क दुर्घटना में मरने वालों में 43 प्रतिशत पैदल यात्री थे। जबकि कुल मौतों में 38 प्रतिशत मोटरसाइकिल चालक थे। 2022 में दिल्ली में सड़क दुर्घटनाओं में 629 पैदल यात्री मारे गए और 1,777 घायल हुए। रिपोर्ट से पता चला कि हर तीन मौतों या चोटों में से एक में दोपहिया सवार पीड़ित थे। 2022 में दिल्ली में सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों में से 552 लोगों की मौत मोटरसाइकिल चालकों के कारण हुई, जबकि 2,263 लोग घायल हुए।



बिहार और यूपी में छठ पूजा को सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है। इसमें शरीक होने के लिए बड़ी संख्या में प्रवासी लोग हर साल घर लौटते हैं। इस वजह से दिल्ली के रेलवे स्टेशनों पर प्रवासी लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस भीड़ के सामने रेलवे की तमाम तैयारी बौनी साबित होने लगी है। ट्रेन में जगह पाने के लिए लोग जद्दोजहद करते दिखाई पड़ रहे हैं।

# जहरीली होती जा रही राजधानी की आबोहवा

**दमघोंटू**

8 जहरीली होती जा रही राजधानी की आबोहवा, 500 पार पहुंचा एयर क्वालिटी इडेक्श

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिवाली** की रात दिल्ली में जमकर हुई आतिशबाजी के बाद से की हवा बिगड़ी जा रही है। हर तरफ धुएं की चादर नजर आ रही है। जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। राजधानी में वायु गुणवत्ता भगवान भरोसे है। सरकार के साथ विभिन्न एजेंसियां सर्दियों में होने वाले वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में नाकाम साबित हो रही है। पूरे एनसीआर शहरों में दिल्ली का एक्यूआई एक बार फिर गंभीर श्रेणी में बना रहा, गुरुवार को भी यही स्थिति नजर आई। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक गुरुवार सुबह 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया है। एक्यूआईसीएन के मुताबिक सुबह आठ बजे जहांगीरपुरी में 556 एक्यूआई दर्ज किया गया। वहीं, आनंद विहार में 453, नरेला में 482, पंजाबी बाग में 481, आरकेपुरम में 430 दर्ज किया गया है।



**शनिवार तक ऐसे ही रहेंगे हालात:** दिवाली के बाद लोगों ने गंभीर श्रेणी की हवा में सांस ली। ऐसे में लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। मौसमी बदलाव व हवाओं की दिशा बदलने के चलते दिल्ली का एक्यूआई समग्र रूप से गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। कमोबेश यही स्थिति शनिवार तक बने रहने की आशंका है। विशेषज्ञों का कहना है कि ठंडी हवा के कारण प्रदूषित कण वातावरण में फैल नहीं पा रहे, जिस कारण प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है।
**सीपीसीबी के सर्वर में आई दिक्कत:** सर्वर में आई खराबी के चलते दिल्लीवालों को प्रदूषण के स्तर का सही अपडेट नहीं मिल पाया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मोबाइल एप में प्रतिघंटे मिलने वाला वायु सूचकांक नहीं मिल रहा है। स्थिति बीते दो-तीन दिन से जारी है। दमघोंटू हवा के चलते आम लोगों में भी वायु गुणवत्ता सूचकांक के बारे में रियल टाइम अपडेट जानने की इच्छा पैदा हुई है, लेकिन लोगों को निराशा हाथ लग रही है।

## जीरकपुर में न्यास की जमीन कब्जाने का मामला, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अधिकारियों** ने जानकारी दी कि सीबीआई ने दिल्ली के एक न्यास की चंडीगढ़ के नजदीक जीरकपुर में स्थित करीब 100 करोड़ रुपये की बेशकीमती जमीन को कब्जाने की कोशिश के मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की हैं। पिछले साल जीरकपुर पुलिस ने दर्ज मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। अक्तूबर में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। दरियागंज स्थित गुरु नानक विद्या भंडार ट्रस्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। आरोप था कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर फर्जी ट्रस्ट बनाया। व्यक्तियों ने वीआईपी रोड पर आठ एकड़ भूमि पार्सल पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया था।
स्थानीय पुलिस ने पहले क्लीन चिट दी और फिर स्थानीय अदालत में चालान दायर किया। उच्च न्यायालय ने इसे पूरी तरह से कलाबाजी करार दिया और कहा कि जांच एजेंसी (स्थानीय पुलिस) का बदलता रुख उसके द्वारा सुने गए मामले में अच्छा संकेत नहीं है। यह कहते हुए कि मामला खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि कानून की प्रक्रिया के दुरुपयोग के लिए वर्तमान मामले में विस्तृत जांच की आवश्यकता है, ताकि सिस्टम में वादियों का विश्वास खत्म न हो।

## 'छठ पूजा दिल्ली के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार'

### दिल्ली सरकार ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरी दिल्ली में एक हजार से अधिक छठ घाट तैयार कराने का निर्णय लिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली की** मंत्री आतिशी ने ट्वीट कर कहा कि 'छठ पूजा दिल्ली के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूर्वी यूपी और बिहार से बड़ी संख्या में पूर्वांचली लोग दिल्ली में रहते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि पूर्वांचली दिल्ली को अपना घर समझें। 2015 से अरविंद केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में छठ के लिए भव्य व्यवस्था की है। हम अभी एक घाट पर हैं। ऐसे 1000 घाट दिल्ली में हैं, जहां सभी व्यवस्थाएं दिल्ली सरकार द्वारा की गई हैं।' इससे पहले भी मंत्री आतिशी ने कहा था कि छठ महापर्व लाखों श्रद्धालुओं के आस्था का त्योहार है। इसके मद्देनजर दिल्ली सरकार ये सुनिश्चित कर रही है कि इसकी तैयारी में कोई कमी न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा था कि सभी जिलाधिकारी अपने जिलों में चिन्हित घाटों पर सभी जरूरी व्यवस्था करें। स्थानीय छठ पूजा समितियों के साथ बैठकें करना शुरू कर पूजा के सफल आयोजन के लिए उनके सुझाव लें और उसके अनुसार तैयारी करें। दिल्ली सरकार ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरी दिल्ली में एक हजार से अधिक छठ घाट तैयार कराने का निर्णय लिया। इन घाटों पर साफ पानी, टेंट, बिजली, शौचालय, सुरक्षा, मेडिकल सुविधा, पॉवर बैकअप सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्था मुहैया की जाएगी। कई घाटों पर मैथली-भोजपुरी अकादमी की ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।




**छठ महापर्व**

8 स्थानीय छठ पूजा समितियों के साथ बैठकें करना शुरू कर पूजा के सफल आयोजन के लिए उनके सुझाव लें

## मैनपुरी की तारकशी कला को मेले में मिली पहचान

### सोमवार को दिल्ली में रिकॉर्ड गर्मी दर्ज की गई है। सोमवार को पारा 40.1 डिग्री पहुंच गया। सोमवार को सितंबर माह में 123 वर्ष में दूसरी बार सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मैनपुर** की तारकशी कला को ट्रेड फेयर में विशेष पहचान मिल रही। एक जमाने में तारकशी कलाकृतियां केवल मैनपुरी राजघराने के लिए बनतीं, राजघराने के लोग शाही मेहमानों को ये अनूठी कलाकृतियां भेंट करते और अपनी शानो शौकत का एहसास कराते, लेकिन इन्हें बनाने वाले कलाकारों के नाम कोई नहीं जानता। यूपी पवेलियन में कलाकार नेमीचंद्र शाक्य पहली बार तारकशी कला के साथ आए हैं। लोग तारकशी कला से बनते सामान देख रहे हैं। व्यावसायिक दिन होने के कारण दूसरे दिन मेले में खास भीड़ नहीं रही, लेकिन यूपी पवेलियन पहले दिन से सबका पसंदीदा बना है। 75 जिलों के सामान और दुर्लभ कला सबको पसंद आ रही। मैनपुरी में एक परिवार तीन पीढ़ी से तारकशी कला का काम कर रहा। राजा शिवमंगल सिंह के जमाने में मुंशीलाल ने ये काम शुरू किया। इनसे लालता प्रसाद शाक्य ने ये कला सीखी। बाद में लालता प्रसाद के बेटे राम स्वरूप शाक्य ने पिता की परंपरागत कला को आगे बढ़ाया। इन्हें इसके लिए 1977 में नेशनल अवार्ड और 2005 में शिल्प गुरु अवार्ड मिला। पिता और दादा के काम से प्रभावित नेमीचंद्र ने भी इस कला को आगे बढ़ाया। इसके लिए इन्हें भी 2005 में नेशनल अवार्ड मिला। मौजूदा समय नेमीचंद्र का पूरा परिवार परंपरागत कला से जुड़ा है।

**दुर्लभ**

8 मैनपुरी में एक परिवार तीन पीढ़ी से तारकशी कला का काम कर रहा। दुर्लभ कला सबको पसंद आ रही।

# डीडीए की सबसे बड़ी आवासीय योजना लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**डीडीए** ने अपने गठन के करीब 50 सालों के दौरान सबसे बड़ी आवासीय योजना-2023 लॉन्च की। इस योजना में उसने 32 हजार से अधिक फ्लैट शामिल किए है। इसके तहत मकान की जरूरत पूरे करने के लिए लोग दो प्रकार से फ्लैट खरीद सकेंगे। एक ओर वह ई-नीलामी के तहत फ्लैट प्राप्त कर सकते है, वहीं दूसरी ओर वे पहले आओ पहले पाओ योजना के माध्यम से भी फ्लैट ले पाएगे। इस योजना को डीडीए बोर्ड की बैठक में स्वीकृति दी गई। योजना में शामिल सभी फ्लैट नवनिर्मित बताए गए है। डीडीए के योजना के तहत पेंट हाउस की कीमत पांच करोड़ से शुरू होगी।




**1100 से अधिक लग्जरी फ्लैट भी:** डीडीए के अनुसार इस योजना की विस्तृत जानकारी जल्द ही सोशल मीडिया पर साझा की जाएगी। ये फ्लैट द्वारका, लोकनायक पुरम और नरेला में है, इनमें 1100 से अधिक लग्जरी फ्लैट भी शामिल हैं। डीडीए ने पहली बार ये फ्लैट योजना में शामिल किए हैं। ये फ्लैट द्वारका सेक्टर-19बी के पेंटाहाउस, सुपर एचआईजी और एचआईजी हैं। इन फ्लैटों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से करने का निर्णय लिया गया है।

**आशियाना**

8 ये फ्लैट द्वारका सेक्टर-19बी के पेंटाहाउस, सुपर एचआईजी और एचआईजी हैं

## 'प्रतिबंध के बावजूद शहर में प्रवेश कर रहे डीजल वाहन'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भले ही** दिल्ली पूरी तरह से जहरीली हवा में सांस ले रही है, लेकिन कुछ श्रेणियों के वाहनों के राजधानी शहर में प्रवेश पर प्रतिबंध खतरे में पड़ सकता है। दिल्ली के श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने दावा किया है कि जीआरएपी चरण-IV दिशानिर्देशों के तहत प्रतिबंध के बावजूद शहर के बाहर से डीजल वाहनों का प्रवेश जारी है।
जीआरएपी चरण-IV दिशानिर्देश इस समय दिल्ली में प्रभावी हैं और इनमें निर्माण कार्य पर प्रतिबंध से लेकर शहर में प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के प्रवेश तक विभिन्न प्रतिबंध लगाए गए हैं। हालांकि, आनंद का दावा है कि रात सिंघू बॉर्डर की यात्रा के दौरान, उन्होंने और उनकी टीम ने पाया कि जिन वाहनों को वापस कर दिया जाना चाहिए था, उन्हें जाने दिया जा रहा था।

**गंभीर आरोप**

8 टीम ने पाया कि जिन वाहनों को वापस कर दिया जाना चाहिए था, उन्हें जाने दिया जा रहा था

# युवक को गोली मारने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी**-उत्तरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में दीपावली से एक दिन पहले युवक पीयूष मान (21) को गोली मारने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में जिले के स्पेशल स्टाफ और अलीपुर थाना पुलिस ने इस संबंध में टिल्लू ताजपुरिया गैंग के दो बदमाशों को दबोचा है। इनकी पहचान ललित उर्फ चेतन और सचिन उर्फ टिंकू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक तमंचा, पिस्टल और चार कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों ने जेल में बंद टिल्लू गैंग के बदमाश चीकू के कहने पर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस को मामले में कई अन्य आरोपियों की तलाश है। अलीपुर थाना पुलिस दोनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।
बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि 11 नवंबर को अलीपुर इलाके में बाइक सवार तीन बदमाशों ने स्कूटी सवार पीयूष मान को गोली मार दी थी। हमले के बाद पीयूष को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



## भाजपा की कट्टर आलोचक शेहला रशीद के बदले सुर, मोदी-शाह की जमकर तारीफ

**प्रशंसक**

8 रशीद ने कहा, अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में शांति का माहौल है। यह फैसला सही था

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जेएनयू की** पूर्व छात्र नेता और कभी भाजपा और केंद्र सरकार की कट्टर आलोचक रही शेहला रशीद ने पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की जमकर तारीफ की है। रशीद ने कहा, अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में शांति का माहौल है। यह फैसला सही था। उन्होंने कश्मीर में हुए बदलाव का श्रेय पीएम मोदी और शाह को दिया है। रशीद ने एक साक्षात्कार में कहा कि आज जब कश्मीर को देखती हूं, तो खुशी होती है। कश्मीर में हिंसा रोकने के लिए बड़े बदलाव की जरूरत थी। शेहला ने कहा, कश्मीर गाजा नहीं है। यहां लोग केवल विरोध प्रदर्शन में ही शामिल थे। कोई खून खराबा नहीं हुआ। रशीद ने कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा दिलाने की भी बात की। कहा, जब नेशनल कांफ्रेंस और भाजपा में दोस्ती हो जाएगी, उसी दिन कश्मीर को राज्य का दर्जा मिल जाएगा। शेहला ने कहा, वामपंथी और उनके ईकोसिस्टम ने कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन लगाने के लिए सरकार की आलोचना की थी। केंद्र सरकार के फैसले का समर्थन करने के कारण सरकार के आलोचक वामपंथियों ने उनकी आलोचना की थी।
बातचीत के दौरान शेहला ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी की आलोचक से वह अब उनकी बड़ी प्रशंसक बन गई हैं। उन्होंने कहा, कोरोना महामारी के दौरान ही 2020 में उन्होंने सरकार के फैसले का समर्थन करना शुरू किया था।



# पूर्व मीडिया सलाहकार जैन ने छठ की तैयारियों का लिया जायजा

## लोक आस्था का महापर्व छठ धूमधाम से मनाया जाएगा: राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
लोक आस्था का महापर्व छठ के मद्देनजर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने वीरवार को विशेष रूप से रोहट नहर के साथ-साथ कबीरपुर, ऋषि कॉलोनी एवं बाबा कालोनी के पार्कों में बनाए गए छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव जैन ने कहा कि छठ पर्व पूर्वांचल की आस्था का प्रतीक है। छठ में सूर्यदेव की उपासना की जाती है। सायंकाल में सूर्य की आखिरी किरण व प्रातःकाल सूर्य की पहली किरण को अर्घ्य देकर ही छठ का व्रत पूरा किया जाता है। उन्होंने कहा कि छठी मैया, सूर्यदेव की बहन हैं। सूर्यदेव को अर्घ्य देने पर छठी मैया खुश होकर सभी को



सुख-शांति प्रदान करती हैं। छठी मैया निसंतानों को संतान प्रदान करती हैं। संतान को दीघार्यु प्रदान करती हैं। राजीव जैन ने कहा कि सोनीपत जिले में हजारों की संख्या में पूर्वांचली रहते हैं। ऐसे में उनकी धार्मिक आस्था का ध्यान रखना हमारा दायित्व बनता है। छठ व्रतियों की सुविधाओं के लिए पूर्वांचलियों की मांग पर शहर में कबीपुर व बाबा कालोनी में दो घाट व पार्क बनवाये गये हैं। दोनों घाटों पर प्रत्येक वर्ष हजारों श्रद्धालु छठ पूजा के लिए एकत्रित होते हैं। उन्होंने कहा कि 19 नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। ऐसे में दोनों घाटों पर सफाई, बिजली, पानी व रोशनी की

**छठ की तैयारी**

**8 रोहट नहर के साथ ही कबीरपुर व बाबा कालोनी में बनाए गए छठ घाटों का किया निरीक्षण**

पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने रोहट नहर का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कहा कि किनारे पड़ी गंदगी की सफाई शनिवार तक करवाएं तथा ऋषि कॉलोनी में बने कच्चे घाट को श्रधालुओं की भीड़ देखते हुए और चौड़ा किया जाये। इसी तरह बाबा कॉलोनी में बने छठ घाट के सामने खली पड़ी जमीं पर भी अस्थायी घाट बनाया जायेगा। राजीव जैन ने कहा कि इसके अलावा शहर के विभिन्न स्थानों पर कच्चे घाट भी बनाये जाते हैं, ताकि पूर्वांचल के भाई-बहनों को छठ पूजा में कोई समस्या न हो। राजीव जैन ने पूर्वांचलियों को छठ महोत्सव की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि हमें हमारी संस्कृति और संस्कारों को सदैव स्मरण रखना चाहिए।

इस अवसर पर संजय ठेकेदार अभिमन्यु सिंह पटेल, सतीश साहनी, अर्पित मिश्रा, अजय चौहान, अरविंद पांडे, इंद्र मिश्रा प्रदीप सिंह, रमेश सिंह, प्रभात चौधरी, अशोक तिवारी, किशन साहनी, राजकुमार शर्मा, सरवन साहनी, राजेश यादव, खूब लाल और रोहित आदि उपस्थित रहे।

# संविधान दिवस: खंड स्तरीय डैक्लेमेशन प्रतियोगिता का किया आयोजन

**स्वागत**

**8 विद्यालय के प्रिंसिपल रामपाल सरोहा ने पुष्प भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया**



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** आज कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा के प्रांगण में संविधान दिवस के उपलक्ष में खंड स्तरीय डैक्लेमेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक के सभी सी आर सी से प्रथम द्वितीय व तृतीय टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉ0 प्रीतम सिंह, अध्यक्ष डॉ0भीमराव अंबेडकर अध्ययन केंद्र कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र रहे। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी हरदीप कौर, बी आर सी रामकरण गुजराल उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रिंसिपल रामपाल सरोहा ने पुष्प भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए हुए प्रतिभागी व शिक्षक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में डॉ0 भीमराव अंबेडकर के संविधान निमार्ता महिला उत्थान वह शिक्षा में अंबेडकर की भूमिका आदि विषयों पर प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। जिसमें मधु प्रथम (रा० क० व०मा० विद्यालय लाडवा) जिया द्वितीय (रा० व० मा० वि० मेहरा) द्वितीय व नैंसी (रा० व० मा०वि० बड़ौदा) तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, खंड शिक्षा अधिकारी महोदय व विद्यालय के प्रिंसिपल रामपाल सरोहा ने प्रतिभागियों का हौसला वर्धन किया व विजेताओं को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

# सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने किया 7 गांवों में जनसंवाद

## वीकेसी नॉलेज सेंटर के चौक का किया उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
हरियाणा उदय के तहत भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने अटेली विधानसभा क्षेत्र के सागरपुर, भोडी, खोड़, धानौदा, उनिंदा, अटेली, बेगपुर गावों में जन संवाद कार्यक्रम कर लोगों की समस्याएं सुनी व सरकार की योजनाओं का फीडबैक लिया। इस मौके पर अटेली विधानसभा क्षेत्र के विधायक सीताराम यादव भी मौजूद थे। सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने डी प्लान स्कीम के तहत गांव भोड़ी में नवनिर्मित वीकेसी नॉलेज सेंटर के चौक का उद्घाटन किया। जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि अब तक देश में कई सरकारें आई लेकिन पिछले 9 सालों से इस सरकार ने देश का विकास तेजी से कराया है। उन्होंने बताया कि सरकार का देश को 2047 तक एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि पिछले 9 साल में

**सुनवाई**

**8 सांसद ने डी प्लान स्कीम के तहत गांव भोड़ी में नवनिर्मित वीकेसी नॉलेज सेंटर के चौक का उद्घाटन किया**

99 से ज्यादा प्रोजेक्ट के तहत नहरों को नदियों से जोड़ा गया है। देश की नहरों को रीमॉडलिंग कर नया बनाया व उनकी क्षमता भी बढ़ाई गई जिसके तहत हम उत्तर भारत व प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्र में पानी के सुधार को देख सकते हैं।
सांसद ने कहा कि अब शमशान घाट को शिव धाम कर दिया गया है जिसका बिजली, पानी, चार दिवारी का खर्चा अब प्रदेश सरकार देगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा ग्राम दर्शन पोर्टल के तहत गांव की फिरनी, लाइब्रेरी, जिम आदि कार्यों का प्रस्ताव ग्राम दर्शन पोर्टल पर अपलोड करें ताकि बिना देरी के कार्य हो सके।

# दिनेश व सपना जिला महेंद्रगढ़ का करेंगे नेतृत्व

**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्रगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाढोत में छात्र दिनेश का प्राचार्य अजीत सिंह यादव की अध्यक्षता में किया गया। सम्मान समारोह मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल टीम के सदस्य एवं जिला रेड क्रॉस सोसाइटी उप मंडल कोऑर्डिनेटर राजेश शर्मा झाड़ली ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाढोत का 11वीं कक्षा का छात्र दिनेश कुमार व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोरियावास की छात्रा सपना जिला महेंद्रगढ़ का नेतृत्व करेंगे शिक्षा विभाग के सौजन्य से छात्र दिनेश व छात्रा सपना जिले का प्रतिनिधि करेंगे इनका चयन मेरिट के आधार पर किया गया है।

# 'प्रेस की आजादी एक लोकतांत्रिक देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
लोकतन्त्रात्मक व्यवस्था में प्रेस को लोकतंत्र का एक अहम हिस्सा माना जाता है। प्रेस को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में जाना जाता है। इसके महत्व को समझाने के लिए हर साल 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस को हर वर्ष 16 नवंबर को इसलिए मनाया जाता है ताकि लोगों को प्रेस की स्वतंत्रता के बारे में बताया जा सके और उन्हें प्रेस के प्रति जागरूक किया जा सके। प्रेस की आजादी एक लोकतांत्रिक देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर के



तत्वावधान में आयोजित समस्त पत्रकार बंधुओ के सर्वमंगल के लिए आयोजित वैदिक यज्ञ कार्यक्रम में व्यक्त किये। मतृभूमि सेवा मिशन के विद्यार्थिओ ने वैदिक मंत्रो के माध्यम से यज्ञ में आहुति दी। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा भारत में गौरवपूर्ण पत्रकारिता का स्वर्णिम इतिहास है। भारत की आजादी में पत्रकारिता के क्षेत्र का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है।

**वैदिक यज्ञ**

**8 मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य समस्त पत्रकार बंधुओ के सर्वमंगल लिए वैदिक यज्ञ संपन्न**

राष्ट्रीय प्रेस दिवस का दिन इसलिए भी काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज के दिन लोगों को ये बताया जाता है कि कैसे प्रेस हमारे अधिकारों को हनन होने से बचाती है और लोकतंत्र के मूल्यों की सुरक्षा करती है। लोकतंत्र के मूल्यों की बहाली में प्रेस की भूमिका सबसे अहम होती है। भारत में पत्रकारिता में उच्च आदर्श स्थापित करने एवं प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए एक प्रेस परिषद को तैयार किया गया था। जिसके बाद 1966 में 4 जुलाई को एक प्रेस परिषद की स्थापना की गई थी। इस स्थापित प्रेस परिषद ने 16 नवंबर से कार्यभार संभाला था। जिसके बाद से हर साल 16 नवंबर को प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा पत्रकारिता का क्षेत्र आज बहुत जोखिमपूर्ण एवं संकटो से भरा पड़ा है। आज पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले पत्रकारों को समाज एवं सरकार से जो सम्मान प्राप्त होना चाहिए वह नही प्राप्त है। आज आवश्यकता है, देश एवं प्रदेश की सरकारे पत्रकारो के हितो एवं जरूरतों का प्रमुखता से ध्यान दे।पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है।

# दुकानदार से छीनाझपटी: दूसरा आरोपी भी गिफ्तार

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
जिला पुलिस ने दुकानदार से रुपयों के हारों की छीनाझपटी करने के मामले में शामिल दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने छीनाझपटी करने में शामिल होने के आरोप में कमल पुत्र मनफूल वासी सुन्दरम कालोनी लाडवा जिला कुरक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सतबीर सिंगला पुत्र चिरन्जी लाल वासी ग्रीन वैली कालोनी लाडवा ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी




स्वामी जनरल स्टोर के नाम से सरार्फा बाजार लाडवा में दुकान है। दिनांक 03 फरवरी 2023 को शाम के समय करीब 6 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था और ग्राहकों को सामान दिखा रहा था। जैसे ही उसने ग्राहक को दिखाने के लिये दुकान में टंगे रुपयों की माला को उतारा तो उसी समय दुकान के बाहर खडे एक लडके ने हजार/हजार रुपये के 02 हार छीनकर अपने साथी के साथ मोटरसाईकिल पर बैठकर भाग गया। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके जांच मुख्य सिपाही राकेश को सौंपी गई।

**काबू**

**8 जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके जांच मुख्य सिपाही राकेश को सौंपी गई**

# महिला पुरस्कारों के लिए 20 नवंबर तक करें आवेदन




**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं से राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक महिलाएं महिला एवं बाल विकास कार्यालय में 20 नवंबर 2023 तक अपने आवेदन जमा करवा सकती हैं। यह पुरस्कार 8 मार्च 2024 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदान किए जाएंगे। महिला पुरस्कारों के तहत इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के लिए 1 लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के लिए 1 लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए 51 हजार व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को विभिन्न आठ श्रेणियां में 21-21 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। पहली श्रेणी में एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू तथा नर्स शामिल है। दूसरी श्रेणी में महिला खिलाड़ी, तीसरी श्रेणी में साक्षर महिला समूह सदस्य, चौथी श्रेणी में राजकीय कर्मचारी, पांचवीं श्रेणी में सामाजिक कार्यकर्ता, छठी श्रेणी में महिला उद्यमी, सातवीं श्रेणी में स्त्री शक्ति पुरस्कार तथा आठवीं श्रेणी में आंगनबाड़ी कर्मी शामिल हैं।

**पुरस्कार**

**8 यह पुरस्कार 8 मार्च 2024 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदान किए जाएंगे**

# 'भाई दूज का पर्व हमें स्मृति दिलाता है कि हम सब परमात्मा की संतान'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**
ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र पर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा भैया दूज का उत्सव मनाया गया। बीके लता बहन ने भैया दूज की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि भाई दूज 5 दिवसीय महापर्व का हिस्सा हैं। उन्होंने आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि भाई दूज का पर्व मधुर रिश्ते को प्रगाढ़ करने का संदेश देता है। बहन अपने भाई को तिलक लगा कर मुख मीठा करवाती है, उसकी लंबी उम्र की मंगल कामना करती है। उन्होंने बताया कि तिलक लगाने का भावार्थ है कि मेरा भाई सदैव विजयी बने और मुख मीठा करना अर्थात सदैव मुस्कुराता रहे। भोजन खिलाना वास्तव



में ज्ञान का भोजन है। आत्मिक दृष्टि से हम परमात्मा की संतान हैं, इस स्मृति में रहेंगे तो वसुधैव कुटुंबकम की भावना विकसित होगी। भाई दूज का पर्व हमें स्मृति दिलाता है कि हम सब परमात्मा की संतान है। इसी आत्म दृष्टि से देखेंगे, तो पवित्रता की शक्ति को उजागर करके रावण राज्य पर विजय प्राप्त होगी और चारों तरफ राम राज्य होगा। राजयोगिनी बी.के सरोज बहन ने भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाई का बहन के घर आना बहुत खुशियों का दिन होता है। त्योहार हमें तीव्र पुरुषार्थी बनाते हैं और जीवन जीने का संदेश देते हैं।

**उत्सव**

**8 ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र पर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा भैया दूज का उत्सव मनाया गया**

# 20 व 21 को होगा 30 वां जिला स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** लोक कला, लोक नृत्य, लोक संगीत को बढ़ावा देने तथा नई प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए आगामी 20 व 21 नवंबर को सुबह 10 बजे लघु सचिवालय के नजदीक सभागार में 30 वां जिला स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि 20 नवंबर को लोक नृत्य एकल, लोक नृत्य समूह, थीमबेस्ड नान कॉम्पिटेटिव, पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी व कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 21 नवंबर को एकल लोकगीत, ग्रुप लोकगीत, भाषण व्याख्यान, इंप्रूविंग मिलट प्रोडक्शन साइंस प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि एकल नृत्य, समूह नृत्य, थीमबेस्ड नान कॉम्पिटेटिव, फोक सांग एकल व फोक सांग ग्रुप नृत्य की प्रतियोगिताएं सभागार में आयोजित की जाएंगी।

# रिटायर्ड कर्मचारी तालमेल कमेटी ब्लॉक बाबैन की मासिक मीटिंग सम्पन्न

**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र/बाबैन (दलबीर मलिक)** हरियाणा रिटायर कर्मचारी संगठन 1968 व हरियाणा रिटायर्ड कर्मचारी तालमेल कमेटी के तत्वाधान में ब्लॉक बाबैन में मासिक मीटिंग का आयोजन स्थानीय जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी कार्यालय परिसर में उप प्रधान रामकुमार की अध्यक्षता में किया गया। मीटिंग में विशेष तौर पर जिला सचिव बरखाराम जास्ट उपस्थित रहे। मीटिंग में उपस्थित वक्ताओं ने हरियाणा सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों को लेकर रोष प्रकट किया व संगठन को



आस्वस्त किया कि आने वाले किसी भी आंदोलन में रिटायर कर्मचारी बढ़-चढ़कर भाग लेगा ! मुख्य मांगे 65 वर्ष पर 5% 70 वर्ष पर 10% वी 75 वर्ष की आयु पूरी होने पर 15% पेंशन में वृद्धि की जाए, मेडिकल कैशलेस सुविधा पूर्ण रूप से लागू की जाए, पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाए, मेडिकल भत्ता 1000 से बड़ा कर 3000 किया जाए, रिटायर कर्मचारी की मृत्यु उपरांत एलटीसी सुविधा उसकी पत्नी को दी जाए आदि।

# 'प्रदेश में जंगलराज, बेरहमी से सरेआम किए जा रहे हैं कत्ल'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोशाद्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने हरियाणा रोडवेज के चालक राजबीर की हत्या के विरोध में हरियाणा रोडवेज कर्मचारी यूनियन की ओर से किए जा रहे आंदोलन को समर्थन दिया। जैन ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग देने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कुमारी सैलजा पीड़ित परिवार के साथ है। यहां अपने संबोधन में जैन ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की पोल खुल चुकी है। आम जनता हो या फिर सरकारी कर्मचारी कोई भी सुरक्षित नहीं है। बदमाश सड़कों पर खूनी खेल खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह



राजबीर का ऑन ड्यूटी बेरहमी से कत्ल किया गया है उस लिहाज से साफ जाहिर है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से पिट चुकी है। जैन ने सरकार से मृतक राजबीर के परिवार को एक करोड़ रुपये के मुआवजे के साथ परिवार के एक सदस्य को ग्रुप सी की नौकरी देने की मांग की है क्यूंकि कि राजबीर की हत्या ड्यूटी के दौरान हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है। जैन ने कहा कि प्रदेश में हत्या, लूटपाट, मारपीट औ? चेन स्नेचिंग जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। पूरा प्रदेश में नशे का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। सरकार केवल योजनाएं बनाकर बेहतर व्यवस्थाएं करने का ढोल पीट रही है। उन्होंने कहा कि अब जनता इस सरकार की नीतियों को भली भांति समझ चुकी है। जैन ने कहा कि अगर परिवार चाहेगा तो वे खुद उन्हें निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाएंगे ताकि आरोपियों को उनके कर्म की सजा मिल सके और परिवार को उनका हक मिल सके इसके लिए वह और उनकी टीम के परिवार को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाएगी चाहे वह किसी भी प्रकार की हो!
उन्होंने कहा कि चाहे जिला न्यायालय हो चाहे उच्च न्यायालय हो जहां तक भी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़े हम बिल्कुल निशुल्क परिवार की मदद करेंगे ! उन्होंने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने सरकार से मांग की जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए और फास्ट ट्रैक कोर्ट में इनका मुकदमा चला कर आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। रोडवेज यूनियन समर्थन देने के लिए रोहित जैन के साथ कांग्रेस डी एन टी सेल प्रदेश अध्यक्ष अशोक बरतिया, कांग्रेस पंचायती राज जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह पंजोखरा, जिला सेवादल अध्यक्ष कुलदीप सिंह गुल्लू, अधिवक्ता भजन सिंह बेहगल, केप्टन जतिंदर पाल सिंह सोढ़ी, बलबीर सिंह आदि मौजूद रहे!

**समर्थन**

**8 कांग्रेस ने रोडवेज चालक राजबीर के परिवार को हर संभव सहयोग देने का किया ऐलान**

# कांग्रेस देश की नहीं, वोट की करती है चिंता: नायब

## 2024 के लोकसभा चुनाव में हरियाणा की दस की दस सीटें जीतेगी भाजपा: प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**भारतीय जनता** पार्टी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की चिंता नहीं करती, बल्कि अपने वोट बैंक की चिंता करती है। इसके कारण ही पिछले 70 सालों से कांग्रेस पार्टी ने देश को हर क्षेत्र में पीछे धकेलने का काम किया है।
नायब सैनी वीरवार को शहर में स्थित पुरानी सब्जी मंडी में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस दौरान जिला के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। वहीं सिख समाज द्वारा शिरोपा व तलवार भेंटकर अभिनन्दन किया गया। इसी कड़ी में पार्टी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उनको 20 फुट लंबी फूलमाला तथा बुक्के एवं शॉल भेंटकर स्वागत किया गया। नायब सैनी ने अपने सम्बोधन में कहा कि वे आज कर्ण नगरी के लोगों का दिल की गहराईयों से धन्यवाद करते हैं, क्योंकि कर्ण



नगरी के लोगों ने आज उन्हें रोड शो के दौरान एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में हजारों की संख्या में इक्ट्ठे होकर बहुत अधिक मान-सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि वह आज राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जो जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में दी है, उसको बखूबी रूप से निभाने के लिए आप सबसे आशीर्वाद लेने आया हूं। आप सबका इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आशीर्वाद और प्यार मिलना नरेन्द्र मोदी और मनोहर लाल की नितियों के कारण ही सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व हरियाणा प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने पिछले 9 वर्षों में इतने काम किए हैं कि कांग्रेस पार्टी का कोई भी दिल्ली का बड़ा नेता हमारे पन्ना प्रमुख जैसे कार्यकर्ता के आगे डिबेट में टिक नहीं पायेगा।
उन्होंने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार ने देश व प्रदेश के अन्दर जनता में भय का माहौल था। इतना ही नहीं परिवहन बसों में भी आप की सीटों के ऊपर यह लिखा होता था कि सावधान कोई भी लावारिस वस्तू बम हो सकती है। वर्तमान में केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार के दौरान आमजन के हर चेहरे पर मुस्कान रहती है। वर्तमान में देश की सीमा पर भी हमारे जवान आतंकवादियों को अपना सीना चौड़ा कर सीधा ऊपर के दर्शन करवा रहे हैं।
प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि आज हर व्यक्ति की सुरक्षा करना मोदी और मनोहर सरकार की जिम्मेदारी है। इसलिए हम कह सकते हैं कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने भारत देश की दिशा और दशा बदलने का काम किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रत्येक दिन 24 घंटों में से 18 घंटे काम करके अनेकों योजनाओं के माध्यम से लोगों के बीच सीधा लाभ पंहुचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी सरकार के हाथ मजबूत करना हम सबकी भी जिम्मेदारी बनती है। आज वन्दे भारत करनाल को छू कर जा रही है, जो कि हम सबके लिए गर्व की बात है।नायब सैनी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की सरकार ने पिछले 9 वर्षों में देशभर में 11 करोड़ शौचालय बनवाने का काम किया है। कोरोना काल में केन्द्र की सरकार के साथ-साथ भाजपा पार्टी के कार्यकताओं ने भी जरूरतमंद लोगों तक सुविधाएं पंहुचाने का कार्य किया था। केन्द्र की भाजपा सरकार ने धारा 370 जैसे मुद्दे खत्म करके देश को कशमीर से कन्याकुमारी तक एक करने का काम किया। जबकि कांग्रेस की सरकार में देश के अन्दर दो प्रधान व दो निशान होते थे। आज भारत में एक प्रधान और एक निशान है।
उन्होंने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार समस्या के ऊपर समस्या बनाकर लोगों को उलझाने का काम करती थी, जबकि नरेन्द्र मोदी और मनोहर लाल ने समस्याओं का समाधान करके दिखाया।

### न्यूज फ्लैश

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुचेंगी करनाल जिला के गांव-गांव में : डॉ. वैशाली

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एडीसी डॉ.** वैशाली शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 नवंबर को शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा करनाल जिला के गांव-गांव में पहुचेंगी। इस यात्रा के दौरान केन्द्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाई जाएगी और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े नागरिकों को लाभ पहुंचाया जाएगा। इस संबंध में एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली।
उन्होंने कहा कि यह यात्रा न केवल गांव बल्कि शहर के वार्डों में भी जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी सीईओ जिला परिषद रहेंगे। इसी तरह शहरी क्षेत्र में नगर निगम से एक नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। इस संकल्प यात्रा के दौरान एक वीडियो वैन प्रचार सामग्री के साथ में गांव-गांव पहुंचेगी। इस दौरान निर्धारित कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। सरकार की योजनाओं से जुड़े हुए अलग-अलग स्टॉल व सेल्फ हैल्प ग्रुप की महिलाओं द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।
एडीसी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लाभार्थियों की सक्सेस स्टोरी भी ग्रामवासियों को दिखाई जाएंगी। जिन लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं के अलग-अलग लाभ मिले हैं ऐसे लाभार्थी मंच पर अपने विचार भी सांझा करेंगे। वीडियो वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का वीडियो संदेश भी जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस संकल्प यात्रा में गांव, वार्ड व मोहल्ले के लोग भी शामिल होंगे।
बैठक के दौरान सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार, एसडीएम असंध वीरेन्द्र सिंह ढुल, एसडीएम इंद्री अशोक कुमार, एसडीएम घरौंडा अदिति, कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौड़, डीडीपीओ राजबीर खुंडिया, रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक, सभी बीडीपीओ व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## लाला गढ़ी सड़क का निर्माण अधर में लटका, सर्दी खत्म होने के बाद ही बिछ पाएगी तारकोल की परत



**गन्नौर।** गन्नौर से लालागढ़ी होते हुए बड़ी गांव की तरफ जा रही सड़क पिछले 12 वर्षों से खस्ता हालत में थी। सड़क जगह-जगह से टूटने के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लोगों द्वारा लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग उठाई जा रही थी। जिसके चलते 3 माह पहले पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। सड़क पर रोड़ा डलवा दिया गया, लेकिन ग्रैप नियम लागू होने के चलते सड़क निर्माण पर रोक लग गई और अब सर्दियों का मौसम शुरू होने की वजह से सड़क पर तारकोल की परत भी नहीं बिछाई जा सकती। जिस वजह से इस सड़क का निर्माण कार्य अधर में लटक गया है। यह सड़क गन्नौर गांव को लाला गढ़ी, गढ़ी केसरी, बड़ी गांव व जीटी रोड को जोड़ती है। इस सड़क से कई वाहन गुजरते हैं। सड़क पर डाले गए रोड़े वाहन चालकों के लिए अब और अधिक परेशानी पैदा कर रहे हैं। सड़क पर डाले गए रोड़ों की वजह से दो पहिया वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ रहा है, लेकिन गनिमत है अभी तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है। ऐसे में स्थानीय लोगों के साथ-साथ वाहन चालक पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को कोस रहे हैं। उनका कहना है कि सड़क निर्माण कार्य अगर सही समय पर शुरू कर दिया जाता तो अब तक सड़क का निर्माण पूरा हो चुका होता।
**नहीं होता पानी का छिड़काव**: स्थानीय लोगों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क निर्माण के लिए रोड़े व मिट्टी तो डलवा दी गई, लेकिन अब इन पर पानी का छिड़काव नहीं करवाया जा रहा है। पानी का छिड़काव न होने की वजह से मिट्टी उड़ रही है। ऐसे में वाहन चालकों को दोहरी परेशानी उठानी पड़ रही है।
**सर्दी के मौसम में नहीं सूखता तारकोल- जेई:** पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई नवनीत कुमार ने बताया कि गन्नौर से बड़ी गांव की तरफ जा रही सड़क निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया था, लेकिन गैप लागू होने के बाद उसे रूकवाना पड़ा। अब सर्दी का मौसम भी शुरू हो चुका है, ऐसे में तारकोल की परत भी सड़क पर नहीं बिछाई जा सकती, क्योंकि सर्दी के मौसम में तारकोल सूख नहीं पाता। जिस वजह से सर्दी का मौसम जाने के बाद ही सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा।

## योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए हुआ दो दिवसीय मेले का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला कल्याण** अधिकारी कृष्णा भारद्वाज ने बताया कि विभाग द्वारा विभागीय स्कीमों के प्रचार-प्रसार हेतु बुधवार व वीरवार को गांव डेरा हलवाना तहसील इन्द्री में दो दिवसीय मेले एवं कैम्प का आयोजन करवाया गया। उन्होंने बताया कि इस कैंप में सभी वर्गों के परिवारों को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी विभागीय स्कीमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस मेले में जिला समाज कल्याण अधिकारी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास कल्याण विभाग, जिला निर्वाचन कार्यालय, सीएससी सेन्टर, डीसीआरआईएम कार्यालय से सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारी मौजूद रहे।

## सन्नी की हत्या का आरोपित राकेश दो दिन के पुलिस रिमांड पर

**गन्नौर:** अगवानपुर गांव में 23 वर्षीय सन्नी की हत्या के आरोप में राकेश को थाना गन्नौर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपित राकेश को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस हत्या के कारणों व वारदात के प्रयुक्त हथियारों को बरामद करने का प्रयास करेगी। इसके ही पुलिस मामले में संलिप्त अन्य आरोपितों के बारे में भी पता लगाने का प्रयास करेगी। बता दें कि 13 नवंबर की रात को अगवानपुर गांव के राकेश, राकेश की पत्नी अंजु, अनिल, रिंकू, सुरेश व दिनेश ने पुरानी रंजिश रखते हुए गांव के ही सन्नी की जबरदस्ती अपने घर में ले जा कर डंडो व राड पिटाई कर दी थी।

## सीजेएम जसबीर कौर ने किया उपमण्डल विधिक सेवा समिति इन्द्री का दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य न्यायिक** मजिस्ट्रेट और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जसबीर ने वीरवार को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम-1987, नियमों और विनियमों के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार उपमण्डल कानूनी सेवा समिति की जाँच करने के लिए इन्द्री का दौरा किया। सीजेएम ने उपमण्डल विधिक सेवा समिति इन्द्री द्वारा चलाए जा रहे मध्यस्थता केंद्र और फ्रंट ऑफिस का निरीक्षण किया तथा अनुमंडल विधिक सेवा समिति इन्द्री के प्रति अपने कार्य के प्रति समर्पण को लेकर पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक भी की। इसके अलावा उनको होने वाली लीगल लिटरेसी



कैंप लगाते हुए किसी भी तरह की परेशानी के बारे में जानकारी ली। सुश्री जसबीर ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मिशन प्रगतिशील कानून के माध्यम से वादियों और पक्षों की सुरक्षा और सुरक्षा को मजबूत करना, जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना और एक निष्पक्ष और कुशल शिकायत निवारण तंत्र तक पहुंच प्रदान करना है।
यह वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्रों में से एक है। यह एक ऐसा मंच है, जहां अदालतों-आयोगों में लंबित विवादों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाराध्समझौता किया जाता है।

## विधायक जून ने किया तीन विकास कार्यों का नारियल फोड़कर शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**विकास कार्य** के निर्माण में इस्तेमाल होने वाली किसी भी सामग्री में गुणवत्ता की अनदेखी सहन नहीं की जाएगी। विकास कार्य टेंडर के अनुसार तय मानकों के अनुसार किया जाए ताकि इन विकास कार्यों का लंबे समय तक ग्राम वासियों को लाभ मिलता रहे।
यह बात विधायक राजेंद्र सिंह जून ने बृहस्पतिवार को गांव नूना माजरा में 35 लाख रुपये की धनराशि से विधायक आदर्श विकास योजना के अंतर्गत होने वाले तीन विकास कार्यों का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ करते हुए कही। विकास कार्यों का शुभारंभ करने पहुंचे



विधायक राजेंद्र सिंह जून का गांव के सरपंच मास्टर जयभगवान सहित ग्राम वासियों ने फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।
नूना माजरा गांव में 35 लाख की लागत से विधायक आदर्श विकास योजना के तहत जनरल चौपाल का निर्माण,मैन रोड से हरिजन बस्ती तक गली निर्माण कार्य, डाबोदा रोड पर महेंद्र मास्टर से धीरज के मकान तक पुलिया व गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।
इस अवसर पर विधायक राजेंद्र सिंह जून ने ठेकेदार को कड़ी हिदायत देते हुए कहा के निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार की लापरवाही व कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । इसलिए निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।
विधायक राजेंद्र सिंह जून ने मौके पर मौजूद ग्राम सरपंच मास्टर जयभगवान व ग्राम वासियों से भी कहा कि आप भी इन विकास कार्यों पर अपनी नजर रखें। अगर कहीं पर भी निर्माण सामग्री या अन्य कार्य मे गुणवत्ता से संबंधित किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही दिखाई दे तो तुरंत मुझे इसकी सूचना दें ताकि पूरा कार्य टेंडर के तय मानकों के अनुसार गुणवत्ता से पूरा कराया जा सके। नूना माजरा गांव में निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत विधायक राजेंद्र सिंह जून ने दिल्ली रोहतक रोड स्थित कार्यालय पर जन समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। जन समस्याएं सुनने के उपरांत विधायक राजेंद्र सिंह जून हलके में सुख-दुख के कार्यक्रमों में शरीक हुए।
पूर्व चेयरमैन आजाद राठी, नूना माजरा गांव के सरपंच मास्टर जयभगवान ,धीरज सतबीर ,रामफल, महावीर, आजाद, मूलचंद, सुखबीर, राजेश, नरेंद्र ,कर्मवीर ,राहुल महेंद्र मास्टर ,धर्मवीर सहित काफी संख्या में ग्राम वासी मौजूद रहे।

## बेसहारा पशुओं को पकडने की मुहिम में तेजी लाने के निर्देश



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि शहर की सडकों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकडने का अभियान शुरू किया जाये ताकि इनके कारण होने वाले सडक हादसों में कमी लाई जा सके। उन्होंने बताया कि साम्भली में गौ-वन बनाने के लिये पंचायत द्वारा प्रस्ताव पास किया जा चुका है। अब आगामी कार्यवाही के लिये इसे सरकार को भेजा गया है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अगली कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होंने निगम अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि फूसगढ़ गौशाला को फौरन गौ सेवा आयोग से पंजीकृत कराया जाये ताकि गौशाला में रखे जाने वाले पशुओं के चारे आदि के लिये आयोग से आर्थिक सहायता मिल सके।
उपायुक्त ने यह जानकारी आज मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव केएम पांडुरंग के साथ आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग में दी। यह बैठक बेसहारा पशुओं के पुनर्वास को लेकर छह जिलों के उपायुक्तों के साथ आयोजित की गई। बैठक में डीडीपीओ राजबीर खुंडिया, पशुपालन विभाग से एसडीओ डॉ. रूपेंद्र, नगर निगम के मुख्य सेनेटरी इंस्पेक्टर सुरेंद्र चोपड़ा मौजूद रहे।
उपायुक्त ने पशुपालकों से भी अपील की है कि वे अपने मवेशियों को सडकों पर खुला न छोड़ें। उन्होंने बताया कि जिला के गांव साम्भली में 105 एकड़ जमीन में जल्द गौ-वन बनाया जायेगा।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, नहीं हुई पहचान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग** पर गढ़ी झंझारा फाटक के निकट ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना के बाद जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त के प्रयास में जुट गई, लेकिन मृतक के पास कोई दस्तावेज न मिलने की वजह से उसकी पहचान नहीं हो सकी। गन्नौर जीआरपी चौकी इंचार्ज सुरेश कुमार ने बताया कि मृतक की आयु करीब 25 वर्ष है। वह सफेद रंग का कुर्ता, पायजामा पहने हुए था। फिलहाल पुलिस ने शव को सोनीपत सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## 'शरीर की इम्युनिटी और स्वास्थ्य के लिए योग सर्वोपरि'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के तत्वाधान में मिशन के संचालक योग गुरु दिनेश गुलाटी द्वारा 16 नवंबर से शीतकालीन सत्र के लिए सेक्टर 12 फव्वारा पार्क, सेक्टर 13 ग्रीन बेल्ट तथा पार्क एनक्लेव तीनों कक्षाओं को संयुक्त रूप से बलदेव मिशन स्कूल में स्थानांतरित किया गया, जिससे कि बदलते मौसम में भी बिना किसी व्यवधान के नियमित रूप से योग किया जा सके। शीतकालीन सत्र के पहले दिन योग गुरु दिनेश गुलाटी ने योग कक्षा में साधकों को विभिन्न



सूक्ष्म क्रियाएं और योगासनों का अभ्यास करवाया और बताया कि शरीर को लचीला बनाने में योगासन अहम भूमिका निभाते हैं।
कुछ खास योगासनों से शरीर और जीवन का संतुलन बना रहता है। योग शिक्षिका निधि गुप्ता और एनफ चौधरी, नरेश चौधरी ने साधकों को एरोबिक्स के साथ सूक्ष्म क्रियाएं करवाई। दिनेश गुलाटी ने बताया कि सर्दी के इस मौसम की शुरूआत में शरीर की इम्युनिटी और स्वास्थ्य के लिए योग सर्वोपरि है और सभी से अधिक से अधिक संख्या में प्रातः साढे पांच बजे से सवा सात बजे तक योग कक्षा में पहुंचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बलवान होगी तभी बीमारियों से हम बचाव कर पाएंगे। कक्षा में बहुत से योग साधक मौजूद रहे और सभी ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास का लाभ लिया।

## छठ पर्व के दृष्टिगत सांसद एवं मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव ने किया घाटों का मुआयना

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**सूर्य देव** की उपासना के महापर्व छठ पूजा महोत्सव के दृष्टिद्गत वीरवार सुबह सांसद संजय भाटिया ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ घाटों का मौका मुआयना कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। छठ पर्व के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का 19 नवम्बर को कार्यक्रम में शामिल होना प्रस्तावित है। सांसद संजय भाटिया ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पूर्वांचल के



पवित्र त्यौहार छठ पूजा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पानीपत आएंगे। उन्होंने कहा पानीपत औद्योगिक नगरी है और पानीपत के विकास में पूर्वांचल के श्रमिक भाईयों का अहम योगदान है। पूर्वांचल के पवित्र त्यौहार छठ पूजा कार्यक्रम की खुशी में भागीदारी करने के लिए मुख्यमंत्री आ रहे हैं।
मौका मुआयना के दौरान पत्रकारों से अनऔपचारिक चर्चा करते हुए डॉ. अमित अग्रवाल ने मीडिया के साथियों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ मीडिया की राष्ट्र के विकास और निर्माण में अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि छठी मय्द्या की पूजा के इस पर्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा भगवान सूर्य देव की उपासना का यह पर्व पूर्वांचल के ही नही बल्कि पूरे समाज की आस्था का एक पर्व है। इस पर्व को बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाएगा।
इसी के दृष्टिगत आज व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है। व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कोई कमी नही रहने दी जाएगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया, एसपी अजीत सिंह शेखावत, अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा, सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी, एसडीएम पानीपत मनदीप, पार्षद लोकेश नांगरू, हरपाल ढांडा और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**व्यवस्था**

**8 प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पूर्वांचल के पवित्र त्यौहार छठ पूजा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पानीपत आएंगे**

## 'फूसगढ़ गौशाला में दुधारू व गर्भावस्था गायों की हुई पांचवी खुली बोली'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**फूसगढ़ स्थित** गौशाला में मौजूद दुधारू व गर्भावस्था की गायों को खरीदने की पांचवी खुली बोली गुरूवार को सम्पन्न हुई। बोली में कुल 14 गाय, 1 लाख 7 हजार रुपये में बिकी। बोली प्रातः 11 बजे शुरू होकर दोपहर अढाई बजे तक चली। यह जानकारी नगर निगम के उप निगम आयुक्त अरूण भार्गव ने दी। उप निगमायुक्त ने बताया कि सबसे पहले बोली में भाग लेने वाले बोलीदाताओं को मौके पर गाय दिखाई गई। नगर निगम की ओर से गायों पर टैग नम्बर लगाए गए थे।



उसके बाद बोलीदाताओं से 5 हजार रुपये बतौर सिक्योरिटी राशि जमा करवाए गए और उन्हें टोकन नम्बर जारी किए गए। इसके बाद सभी को नियम व शर्तें पढकर सुनाई गई। शर्तों के अनुसार गायों का रिजर्व प्राईस 5 हजार रुपये रखा गया था। इसके बाद ब्रिकी के लिए तैयार गायों के पास खड़े होकर एक-एक कर इनकी बोली की गई। उन्होंने बताया कि बीत गई बोली व गुरूवार को हुई बोली को मिलाकर अब तक कुल 62 गाय, करीब 6 लाख 33 हजार रुपये में बिक गई हैं।

## संपादकीय

# सनातन वैदिक संस्कृति और साहित्य वर्तमान परिपेक्ष्य में सार्थक

**साहित्य** सत्य की साधना शिवत्व की कामना और सौंदर्य की अभिव्यंजना है' शुद्ध, जीवंत एवं उत्कृष्ट साहित्य मानव एवं समाज की संवेदना और उसकी सहज वृत्तियों को युगों युगों तक जनमानस मैं संचारित करता आ रहा है और यही कारण है कि कालिदास, सूरदास, कबीर, प्रेमचंद, शेक्सपियर की कृतियाँ आज भी लोगों के मध्य अपनी रस सुधा से हृदय को भिगोती रहती है' राजनैतिक और भौगोलिक दृष्टि से विश्व कितने ही भागों में बट जाए, मतभेद और विवादों की खाई कितनी भी गहरी हो जाए, पर साहित्य धरातल पर सब सामान्य और एक हैं। दुनिया में मानव एक है। उनकी रचनाएं सभी जगह एक और समान है' यह भी सत्य है कि किसी भी देश की भाषा और साहित्य के अध्ययन के आधार पर वहां की सभ्यता संस्कृति के विकास का सहज विधि का अनुमान लगाया जा सकता है। साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा, उत्थान पतन का स्पष्ट चित्रण होता है। साहित्य की इन्हीं विशेषताओं के कारण साहित्य कालजई और सास्वत होता है। मुंशी प्रेमचंद जी ने साहित्य को "जीवन की आलोचना" भी कहा है। साहित्य एक स्वायत्त आत्मा है, और उसकी सृष्टि करने वाला भी ठीक से नहीं घोषणा कर सकता है कि उसके द्वारा रचे गये साहित्य की अनुगूंज कब और कहां तक जाएगी। इस तरह साहित्य का सत्य समाज की नैतिक चिंता है। समाज की विसंगतियों को दूर करने वाला एक बड़ा रक्षक भी है। प्राचीन मनीषियों द्वारा लिखा गया साहित्य अत्यंत आकर्षक एवं प्रिय इसलिए भी लगता है कि मनुष्यता का एक संपूर्ण चरित्र चित्रण होता है। साहित्य और संस्कृति एक दूसरे से गहरे जुड़े हुए हैं। मानवी जीवन की तरह साहित्य मैं भी संघर्ष और निरंतरता की निरंतरता समाहित होती है। समय और परिस्थिति की संस्कृति का प्रभाव साहित्य पर निरंतर परिलक्षित होता रहता है। यह साहित्य ही है जो वर्तमान को सामने रख भविष्य की रूपरेखा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज की सुषुप्त विवेक शक्ति को जागृत कर समाज का दिशा दर्शन भी करता है। अपने समय की विसंगतियों को दूर करने के साथ ही गुणात्मक साहित्य सदैव प्रासंगिक बना रहता है। समाज और जनमानस को आलोक स्तंभ की तरह पल्लवित एवं प्रकाशित करता है। वर्तमान के भौतिक समय में जब मानवता और संवेदना की पीड़ा की गूंज सभी जगह फैली हुई है, ऐसे में सत साहिब से और अवार्चीन संस्कृति दिशा दर्शन और माननीय संवेदनाओं को संबल देने में अत्यंत प्रासंगिक भी है। यह कतई कहने की आवश्यकता नहीं है कि श्रेष्ठ साहित्य वही है जो मनुष्य के भीतर और बाहर प्रासंगिक मूल्यों,संदेश और उद्देश्यों को समाए रखता है। कबीर दास रविंद्र नाथ टैगोर, शरद चंद, जयशंकर प्रसाद, रेणु, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर, मिल्टन आदि का साहित्य जनमानस के मन में और जीवन में रच बस गया है। इन्होंने प्रतिभा सापेक्ष श्रेष्ठ रचनाएं समाज को दी हैं। और यही कारण है इनकी रचनाओं से संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। साहित्य सदैव सामाजिक प्रक्रिया के आर्थिक राजनीतिक और समकालीन विचारधारा से बहुत ज्यादा प्रभावित रहा है। उनको प्रभावित भी करता है। इस तरह साहित्य संस्कृति के परिपेक्ष में देश कालिक होता है।

# पुरुष संवेदनशीलता के बिना महिला सशक्तिकरण अधूरा



–प्रियंका सौरभ

> वह एक अलग कैरियर मार्ग चुन सकती है जिसके बारे में वह भावुक नहीं है। इसके अलावा, लड़कियों पर लगाए गए प्रतिबंध उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डाल सकते हैं। वे अपने ऊपर लगाई गई अपेक्षाओं के कारण फंसा हुआ और घुटन महसूस कर सकते हैं, जिससे चिंता और अवसाद हो सकता है। उदाहरण के लिए, जिस लड़की को लगातार विनम्र रहने और ध्यान आकर्षित करने से बचने के लिए कहा जाता है, वह अपने शरीर को लेकर शर्म महसूस कर सकती है और शारीरिक छवि के मुद्दों से जूझ सकती है। पुरुषों में 29.3% की तुलना में महिलाओं में न्यूरोसाइकियाट्रिक विकारों से होने वाली विकलांगता में अवसादग्रस्त विकारों का योगदान 41.9% के करीब है। ज्यादातर महिलाएं अकेले यात्रा करने या रात में बाहर जाने को लेकर संशय में होंगी

**यह** कहना कि केवल महिलाएं ही इस मानसिकता की शिकार हैं, आधा सच होगा। हाल के दिनों में, पुरुषों पर पितृसत्ता के प्रभाव के संबंध में अधिक जागरूकता उत्पन्न हुई है, विशेष रूप से अनुचित मांग को देखते हुए जिसे उन्हें पूरा करना होता है। प्राचीन काल से, हमारी अधिकांश कहानियाँ एक मजबूत और गुणी व्यक्ति के इर्द-गिर्द केंद्रित हैं, जो दुनिया पर शासन करने के योग्य है और उसे बिना आंसू बहाए इसके लिए लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसी कहानियों ने मनुष्य पर मर्दानगी के बहुत ऊँचे, फिर भी बहुत जहरीले मानक स्थापित कर दिए हैं। बहुत छोटी उम्र से, ये अप्राकृतिक अपेक्षाएं और नायक परिसर एक प्रभावशाली बच्चे के मनोविज्ञान को आकार देना शुरू कर देते हैं, वे जिस भी क्षेत्र में प्रवेश करते हैं, उसमें उन्हें अग्रणी बनना होता है। उन्हें केवल मदार्ना भावनाओं, शक्ति, क्रोध, जुनून को महसूस करने की अनुमति है और प्यार, करुणा, पोषण आदि जैसी स्त्री भावनाओं को जगह नहीं देनी चाहिए।
मान लीजिए कि किसी पिछली सदी का कोई व्यक्ति आज हमारे समय में आता है। जब वे महिलाओं को विमान, कार, बस आदि चलाते हुए देखेंगे तो उन्हें कैसा झटका लगेगा। उनकी भ्रम की स्थिति की कल्पना करें जब उन्हें पता चलता है कि भारत में एक तिहाई गांवों का नेतृत्व महिला सरपंचों द्वारा किया जाता है, जबकि पुरुष घर पर बूढ़े माता-पिता या अन्य घरेलू कामों की देखभाल कर सकते हैं। आज हमारे लिए यह सब रोजमर्रा की बात लग सकती है, लेकिन किसी ऐसे व्यक्ति के लिए जिसके पास लिंग-आधारित बहुत कठोर और सख्त विचार हैं, लिंग-आधारित मानदंडों में रहते हैं और विश्वास करते हैं और समाज को पितृसत्ता के चश्मे से देखते हैं, महिलाओं को अपनी शादियों में दखल देने और अन्य लिंगों के प्रति बढ़ती स्वीकार्यता से उनको अधिक झटका लगेगा।
लैंगिक भूमिकाएँ और अपेक्षाएँ सदियों से समाज में व्याप्त हैं। लड़कियों से आज्ञाकारी, विनम्र और पोषण करने वाली होने की उम्मीद की जाती है, जबकि लड़कों से मजबूत, दृढ़ और प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद की जाती है। ये अपेक्षाएं अक्सर प्रतिबंधों और मांगों के साथ आती हैं जो दोनों लिंगों के लिए समान रूप से हानिकारक हो सकती हैं। समस्या केवल यह नहीं है कि पितृसत्ता और लिंग-आधारित अलगाव आज भी बहुत प्रचलित है, बल्कि मुद्दा यह भी है कि यह जानने के बावजूद यह लगातार फल-फूल रहा है। यदि यह एक महिला को अनुचित और अतार्किक प्रतिबंधों से विकलांग बनाता है, तो यह पुरुष को अत्यधिक और अप्राकृतिक अपेक्षाओं से विकलांग बनाता है। आज भी लड़कियों को परिवार में आर्थिक और सामाजिक बोझ के रूप में देखा जाता है। एक कारण के रूप में, एक युवा लड़की के सपनों को अक्सर छोटा कर दिया जाता है, और उसे कम उम्र में ही दूसरे परिवार पर बोझ के रूप में निपटा दिया जाता है। यह सिर्फ विकासशील या गरीब देशों की घटना नहीं है, बल्कि अच्छे मानव सूचकांक वाले विकसित देशों में भी बाल विवाह में वृद्धि देखी जा रही है। जब एक युवा लड़की, जिसके पास बच्चों को जन्म देने और घरेलू काम करने के अलावा जीवन में कोई संभावना नहीं होती, की शादी एक परिवार में कर दी जाती है, तो वहां भी उसे बोझ के रूप में या सबसे खराब स्थिति में पति की संपत्ति के रूप में देखा जाता है। ऐसे मामलों में, जिन महिलाओं के पास किसी भी आर्थिक एजेंसी का अभाव होता है। वे घरेलू हिंसा, दुर्व्यवहार, वैवाहिक बलात्कार, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों आदि का शिकार बन जाती हैं। महिलाओं की भूमिका को व्यवस्थित रूप से घर की चार दीवारों तक सीमित कर दिया गया है और समाज में उनकी जो भी भूमिका हो सकती थी, उसे विनम्रता के नाम पर छीन लिया गया है। महिलाओं की शिक्षा रोक दी गई है और उन्हें अच्छे धार्मिक प्रथाओं के नाम पर दासता का जीवन जीने के लिए मजबूर किया जाता है। पितृसत्ता का सार हमारे दिमाग में इस तरह अंतर्निहित हो गया है कि हमें अक्सर इसका एहसास भी नहीं होता है कि हम इसे कब और कैसे व्यवहार में लाते हैं।

प्रतिबंधों का लड़कियों के आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है। जब लड़कियों को लगातार बताया जाता है कि वे क्या नहीं कर सकती हैं या उन्हें क्या नहीं करना चाहिए, तो वे यह मानने लगती हैं कि वे अपने लक्ष्य हासिल करने में सक्षम नहीं हैं। इससे महत्वाकांक्षा की कमी और जोखिम लेने का डर पैदा हो सकता है। वह एक अलग कैरियर मार्ग चुन सकती है जिसके बारे में वह भावुक नहीं है। इसके अलावा, लड़कियों पर लगाए गए प्रतिबंध उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डाल सकते हैं। वे अपने ऊपर लगाई गई अपेक्षाओं के कारण फंसा हुआ और घुटन महसूस कर सकते हैं, जिससे चिंता और अवसाद हो सकता है। उदाहरण के लिए, जिस लड़की को लगातार विनम्र रहने और ध्यान आकर्षित करने से बचने के लिए कहा जाता है, वह अपने शरीर को लेकर शर्म महसूस कर सकती है और शारीरिक छवि के मुद्दों से जूझ सकती है। पुरुषों में 29.3% की तुलना में महिलाओं में न्यूरोसाइकियाट्रिक विकारों से होने वाली विकलांगता में अवसादग्रस्त विकारों का योगदान 41.9% के करीब है। ज्यादातर महिलाएं अकेले यात्रा करने या रात में बाहर जाने को लेकर संशय में होंगी। भले ही यह उन्हें निर्भया को हुए नुकसान से नहीं बचाएगा, फिर भी, उन्हें किसी ज्ञात व्यक्ति की संगति में सुरक्षा की मनोवैज्ञानिक भावना मिलेगी।

लेकिन यह कहना कि केवल महिलाएं ही इस मानसिकता की शिकार हैं, आधा सच होगा। हाल के दिनों में, पुरुषों पर पितृसत्ता के प्रभाव के संबंध में अधिक जागरूकता उत्पन्न हुई है, विशेष रूप से अनुचित मांग को देखते हुए जिसे उन्हें पूरा करना होता है। प्राचीन काल से, हमारी अधिकांश कहानियाँ एक मजबूत और गुणी व्यक्ति के इर्द-गिर्द केंद्रित हैं, जो दुनिया पर शासन करने के योग्य है और उसे बिना आंसू बहाए इसके लिए लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसी कहानियों ने मनुष्य पर मर्दानगी के बहुत ऊँचे, फिर भी बहुत जहरीले मानक स्थापित कर दिए हैं। बहुत छोटी उम्र से, ये अप्राकृतिक अपेक्षाएं और नायक परिसर एक प्रभावशाली बच्चे के मनोविज्ञान को आकार देना शुरू कर देते हैं, वे जिस भी क्षेत्र में प्रवेश करते हैं, उसमें उन्हें अग्रणी बनना होता है। उन्हें केवल मदार्ना भावनाओं, शक्ति, क्रोध, जुनून को महसूस करने की अनुमति है और प्यार, करुणा, पोषण आदि जैसी स्त्री भावनाओं को जगह नहीं देनी चाहिए। इससे उनके दिमाग में संज्ञानात्मक असंगति और संघर्ष पैदा होता है क्योंकि जो कुछ भी होता है उसमें बेमेल प्रतीत होता है। वे महसूस करते हैं और समाज उनसे क्या महसूस करने की अपेक्षा करता है। उन पर जो दबाव डाला जाता है वह आम तौर पर उनके भावनात्मक विकास और संज्ञानात्मक कल्याण को रोक देता है। अंत में अच्छे लोगों को अवसाद, चिंता आदि जैसे मुद्दों का सामना करना पड़ता है और कमजोर नैतिक क्षमता वाले लोग सामूहिक बलात्कार, घरेलू हिंसा, हत्या आदि जैसे अपराध करते हैं। जिन लड़कों को मजबूत और दृढ़ रहना सिखाया जाता है, उन्हें ऐसा महसूस हो सकता है कि उन्हें इन व्यवहारों के माध्यम से अपनी मर्दानगी साबित करने की जरूरत है, जिससे हिंसा और दुर्व्यवहार की संस्कृति पैदा होगी।अब समय आ गया है कि हम यह समझें कि जब प्रकृति मनुष्यों को क्षमताएं प्रदान करने का निर्णय लेती है तो वह बहुत अधिक उदार होती है। प्रजनन की क्षमता के अलावा प्रकृति लिंग के आधार पर भी भेदभाव नहीं करती।



## कविता

### युद्ध का अनुवाद केवल विनाश

सिर्फ युद्ध का उन्माद,
डरा देता है अंदर तक,
दिल और दिमाग
सहम जाते हैं,
आने वाले कल की
भयानक तस्वीर,
विभीषिका मानव को
कम्पित कर देती है।
क्या हम भूल गए
नागासाकी की विभीषिका को,
अभी भी जापान में
मानव जाति कराह रही है,
अणु और परमाणु बमों की
त्रासदाई पीड़ा और संत्रास से,
क्या हम भूल गए हिरोशिमा के विनाश
को,जहां मानवता रोती कराहती बिलबिला रही
है,
निर्दयी बम और बारूद के
निर्दयी संताप से।
मानव की कई पीढ़ियां
उसके प्रभाव को झेल रही है।
अब फिर विश्व, युद्ध की कगार पर,
पाकिस्तान कई बार भारत से हार कर,
नहीं समझ में आती उसे शांति-नीति,
उसे न जाने क्यों हिंसा से है प्रीति।

संजीव

## क्या है तालिबानी सोच ?

**तनवीर जाफरी**

**वैसे तो** इस समय अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार सत्ता में है। अमेरिकी सेना से दो दशक की लड़ाई के बाद अफगानिस्तान में 15 अगस्त, 2021 को तालिबान की वापसी हुई। निश्चित रूप से तालिबानों ने वहां की राष्ट्रपति अशरफ गनी सरकार के साथ बिना किसी खून खराबे के हुये संघर्ष के बाद सत्ता पर बलात कब्जा जमाया है।

चीन सहित कई देशों ने उसे मान्यता भी दे दी है। परन्तु दरअसल तालिबानों का नाम 1990 के दशक से ही बदनाम है जबकि इसकी लगाम कट्टरपंथी तालिबानी नेता मुल्ला उमर के हाथों में थी। हालांकि पाकिस्तान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों ने तो 1996 में अफगानिस्तान में मुल्ला उमर की सरकार को भी मान्यता दे दी थी। दरअसल तालिबानी शब्द प्रायः तालिब इल्म के साथ प्रचलित शब्द है। तालिब इल्म का अर्थ विद्यार्थी अर्थात विद्या का चाहने वाला विद्या की तलब रखने वाले इसी तरह इल्म का तलबगार तालिब इल्म कहा जायेगा। परन्तु तालिबान सत्ता से लेकर सत्ता संघर्ष या अमेरिका विरोधी संघर्ष के दौरान धार्मिक मान्यताओं या शरीया कानून के नाम पर अपने ही देश के लोगों के साथ बर्बरता से पेश आये। इसी संगठन के लोग सजा के तौर लोगों को सरे आम गोलियों से उड़ा देते थे। लोगों की गर्दनें काट देते। स्कूलों को बमों से उड़ा देते। शिक्षा, खासकर महिला शिक्षा का विरोध करते। अन्य धर्मों व धर्मस्थलों के प्रति असहिष्णुता पूर्ण रवैय्या अपनाते। इसी मानवाधिकार विरोधी क्रूर हरकतों के चलते इन्हें पूरे विश्व में एक कट्टरपंथी जमाअत के रूप में देखा जाने लगा। गोया कट्टरपंथी सोच को ही तालिबानी सोच कहा जाने लगा। कुछ उसी तरह जैसे तानाशाही का पर्यायवाची हिटलर शाही बन चुका है। पिछले दिनों राजस्थान के अलवर में एक विधानसभा क्षेत्र की चुनावी सभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने स्वभाव के अनुरूप पूरे हिंदुत्ववादी रंग में दिखाई दिये। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से लेकर यूपी में बुलडोजर कार्रवाई का श्रेय लेने तथा उदयपुर में मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा की गयी कन्हैया लाल की हत्या तक की याद दिलाई। उन्होंने अति उत्साह में यहां तक कहा कि -देख रहे हैं न इस समय गाजा में इजरायल, तालिबानी मानसिकता को कैसे कुचलने का काम कर रहा है? उन्होंने अपने भाषण में यह भी कहा कि तालिबानी सोच का इलाज बजरंगबली की गदा ही है। अब सवाल यह है कि योगी आदित्यनाथ की नजरों में तालिबानी सोच के मायने क्या हैं ?
धर्म के नाम पर या धर्म का हवाला देकर कट्टरपंथ फैलाना यदि तालिबानी सोच है तो यह तो लगभग सभी धर्मों के किसी न किसी वर्ग में पायी जाती है। क्या सभी तालिबानी सोच रखने वालों का इलाज बजरंगबली की गदा है ?

## विचार

### दम घोंटती दिल्ली की हवा

**रोहित माहेश्वरी**

दिल्ली में हर साल की तरह फिर वही कहानी दोहराई गई। दीवाली के बाद फिर वायु प्रदूषण की खबरें सुर्खियां बनीं। असल में तंत्र के नाकारापन और लोगों के गैरजिम्मेदार व्यवहार से दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जहरीली हवा बह रही थी, कुदरत की फुहार से उसमें बड़ी राहत मिली थी। लोग चैन की सांस लेने लगे थे। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद दिल्ली व केंद्र सरकार कार्रवाई करने की बात कर रहे थे। लेकिन दिवाली पर जमकर हुई आतिशबाजी ने एक बार फिर उन लोगों के अरमानों पर पानी फेर दिया जो प्रदूषण कम होने से राहत की उम्मीद लगा रहे थे। लेकिन दिवाली के बाद अगली सुबह दर्ज आंकड़ों ने फिर दिल्ली की जहरीली हुई हवा की हकीकत बता दी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जमकर आतिशबाजी हुई और सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक नौ सौ पार कर गया। यह विडंबना ही है कि लोग संपन्नता के प्रदर्शन व क्षणिक सुख के लिये दूसरों के जीवन से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आते। यह विचारणीय विषय है कि जब शीर्ष अदालत के आदेश के अनुसार दिल्ली व आसपास के इलाकों में पटाखों की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा हुआ था तो इतने पटाखे कैसे फूटे? जाहिर है, तंत्र की नाकामी ही सामने आई। इस मुद्दे पर जमकर राजनीतिक बयानबाजी हो रही है। दिल्ली सरकार का आरोप है कि दिल्ली में तो पटाखों पर प्रतिबंध था लेकिन भाजपा शासित हरियाणा में पटाखों पर रोक नहीं लगाई गई, जिसके चलते हरियाणा से लगते दिल्ली के इलाकों में जमकर पटाखों की खरीद-फरोख्त हुई। सवाल यह भी कि दिल्ली शासन-प्रशासन ने इस पर अंकुश लगाने की पहल क्यों नहीं की। दिल्ली में दिवाली के दिन आठ वर्षों में सबसे बेहतर वायु गुणवत्ता दर्ज की गई थी. इस दौरान 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक शाम चार बजे 218 दर्ज किया गया था। हालांकि, दीवाली की देर रात तक आतिशबाजी होने से कम तापमान के बीच प्रदूषण के स्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई। एक्यूआई शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 450 के बीच गंभीर माना जाता है। एक्यूआई के 450 से ऊपर हो जाने पर इसे अति गंभीर श्रेणी में माना जाता है। निश्चित रूप से नागरिक के रूप में तो हमारी यह विफलता है लेकिन तंत्र भी अपनी नाकामी को नहीं छुपा सकता। दिल्ली सरकार व भाजपा के आरोप-प्रत्यारोपों के बीच मानवता इस संकट की कीमत चुका रही है। जो एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। बेहतर होता कि इस स्थिति को टालने के प्रयास किये जाते और राजनीतिक दल मतभेद भुलाकर सामने आते। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि दिवाली के दूसरे दिन एक्यूआई का स्तर नौ सौ का आंकड़ा पार कर गया। जो दुनिया में भारतीय तंत्र की नाकामी की वजह से देश की प्रतिष्ठा पर आंच लाने वाला है। विडंबना है कि जब सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्देश में कहा था कि बेरियम से बने पटाखों पर बैन है तो यह प्रतिबंध सिर्फ दिल्ली-एनसीआर पर ही नहीं, हर राज्य पर लागू होता है। सवाल यह है कि दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रों वाले पड़ोसी राज्यों का पुलिस प्रशासन यदि सख्ती दिखाता तो यह संकट इतना गहरा नहीं होता। यदि सतर्कता बरती जाती तो नौ-दस नवंबर की बारिश से जो राहत मिली थी, वह किसी सीमा तक बरकरार रह सकती थी। इस बारिश से करीब पचास फीसदी प्रदूषण कम हो गया था। मगर भारी आतिशबाजी के चलते तेरह नवंबर को दिल्ली के लाजपत नगर में वायु गुणवत्ता सूचकांक साढ़े नौ सौ से अधिक दर्ज किया गया। इस आतिशबाजी से देश में एक्यूआई चार गुना होने की बात कही जा रही है। दिवाली के एक दिन बाद राजधनी दिल्ली का एक्यूआई साल 2015 में 360, 2016 में 445, 2017 में 403, 2018 में 390, 2019 में 368, 2020 में 435, 2021 में 462 और 2022 में 303 था। इस दिवाली से ठीक पहले रुक-रुक कर हुई बारिश और तेज हवा के चलते राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार और रविवार को आसमान साफ रहा और धूप खिली रही। शहर में 28 अक्टूबर से दो सप्ताह तक हवा की गुणवत्ता बेहद खराब से गंभीर तक रही और इस अवधि के दौरान राजधानी में दमघोंटू धुंध छाई रही।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

### विकसित होने वाली भाषाएँ एक जोड़ने वाली शक्ति होती हैं

**विजय गर्ग**

**भाषा आपसी ब**हिष्कार और विरोध का कारण नहीं हो सकती संचार सभी जीवित संस्थाओं के लिए केंद्रीय है। पौधे संवाद करते हैं; जीव-जंतु संवाद करते हैं; और, निःसंदेह, मनुष्य संवाद करते हैं। वे न केवल आपस में बल्कि विभिन्न श्रेणियों और प्रजातियों में भी संवाद करते हैं। उदाहरण अनेक हैं, दृष्टांत असंख्य हैं, अतः संचार के इस पहलू पर अधिक जोर देने की आवश्यकता नहीं है। बड़ी चिंता संचार के कार्य को लेकर नहीं बल्कि संचार के तरीकों को लेकर है। उदाहरण के लिए, पौधों के बीच संचार के उपयोग और शारीरिक रचना को अच्छी तरह से मैप किया गया है, लेकिन ऐसे बहुत से लोग नहीं हैं जिन्होंने पौधों के संचार के व्यापक शोध अध्ययन का प्रयास किया है। पौधे उस तरह से आवाज नहीं निकालते जैसे जानवर, कीड़े-मकौड़े या अन्य जीव-जंतु करते हैं। यह कीड़ों और जानवरों के बीच संचार के कार्य को कुछ हद तक अधिक परिष्कृत बनाता है। किसी न किसी किस्म के कीड़ों का चहचहाना संचार का एक कार्य है, जैसा कि वास्तव में जानवरों का आपस में और विभिन्न प्रजातियों में चिल्लाना, भौंकना, रोना और ऐसे कार्य हैं। ये सभी जीव अपने गले और मुंह से आवाज निकालते हैं और जानवर से निकलने वाली आवाज के प्रकार के आधार पर इसे एन्कोड और डिकोड किया जाता है। भय की ध्वनियाँ हैं, जैसे निमंत्रण की ध्वनियाँ हैं। क्रोध की ध्वनियाँ हैं और शांति के अलावा और कुछ नहीं की ध्वनियाँ हैं और एक समूह को एक साथ लाने या किसी खतरे के बारे में चेतावनी देने के प्रयास का निमंत्रण है। सभी को एक साथ रखने पर, व्युत्पत्ति स्पष्ट हैः संचार केवल एक मानवीय घटना नहीं है। यह इकाई के दिमाग जितना ही समृद्ध है। उदाहरण के लिए, एक कुत्ता कई तरीकों से संचार करता है और एकत्रीकरण, संभोग, चेतावनी और बहुत कुछ करने में सक्षम है। कुत्ते की आवाज अलग-अलग प्रजातियों और एक नस्ल से दूसरी नस्ल में भिन्न-भिन्न होती है। यह और बात है कि इस विषय पर बहुत अधिक ग्रंथ लिखे नहीं गए हैं, और इसलिए कुत्तों की भाषा पर बहुत कम उपलब्ध है। मनुष्यों में भी, सभी जातियों के पास कोई लिपि नहीं है, फिर भी जाति के भीतर वे संवाद करते हैं।

### पकौड़े तलने से बड़ा कोई धंधा नहीं होता

**डॉ. सुरेश**

"**हर** जगह फोकट की रबड़ियाँ बट रही हैं और आप अभी भी ईमानदारी की पिपुड़ी बजा रहे हैं। आप नेता हैं कि पैजामा। यहाँ झूठ बोलना पड़ता है। जनता को विकास का विएफएक्स दिखाकर झोली में उतारना पड़ता है। बड़े चले ईमानदार बनने। आप तो डूबेंगे ही डूबेंगे बतौर कार्यकर्ता हमें भी ले डूबेंगे सनम!!" कार्यकर्ता का अंदाज ऐसा था कि उसने मानो ईमानदार नेता जी को रंगे हाथों पकड़ लिया। मनमोहक हंसी के अतिरिक्त नेता जी हँसकर कर ही क्या सकते थे? कार्यकर्ता ने आगे कहा- ह्लईमानदारी की पिपुड़ी बजाने का मतलब यह नहीं कि शराफत दिखाने लगो। यहाँ छल, कपट, धूर्तता, पाप सब करने और दिखाने पड़ते हैं। आप भगवद गीता के दर्शन की तरह खाली हाथ वाले फामुर्ले का अनुसरण मत कीजिए। यह जनता है जनता। सब जानती है। यह न कभी खाली हाथ थी, न है और न रहेगी। यह कल प्रचार करने के लिए जो पार्टी आयी थी उससे लिया, आज जो दूसरी पार्टियाँ आ रही हैं उससे ले रही हैं और कल जो पार्टियाँ आयेंगी उनसे भी लेंगी। वे लेने, बटोरने और किसे वोट देना है उस मामले में बड़े क्लियर हैं। जो क्लियर नहीं हैं वह हम और मीडिया हैं। हमेशा से चूना हमें ही लगता है। आगे देखो, पीछे देखो. ऊपर देखो, नीचे देखो, दाएँ देखो, बाएँ देखो और धोखा वहीं से खाओ जहाँ बार-बार देखकर खुद को बड़ा निश्चिंत पाओ। यहाँ दिखने से ज्यादा नहीं दिखने वाली चीजों पर बड़ा ध्यान देना पड़ता है। यही नीति है, यही मंत्र है, इसी में छिपा है जीतने का रहस्य। इससे पहले कि जनता हमें धोखा दे उससे पहले हमें उसे धोखा देना आना चाहिए। यहाँ मेहनत से नहीं धोखे से जीता जाता है। इस कला के प्रति प्रेम का अर्थ है सफलता की सच्ची गारंटी। नेता जी कार्यकर्ता के प्रेरक वचनों से इतने प्रेरित हो गए कि उन्हें एक उपाय सूझा। उन्होंने कहा हम एक नई व्यवस्था कर सकते हैं। लोगों को जितनी रबड़ी बाँटनी होगी बाँट देंगे। उन्हें वोट देने के झंझट से सदा के लिए मुक्ति दे दी जाएगी। उन्हें यह जानकर खुशी होगी कि नये लोकतंत्र में कोई चुनाव नहीं होगा। तब विरोध की क्या जरूरत? बेकार की भागमदौड़। सिर्फ रबड़ी बाँट तमाशा देख वाली रणनीति शानदार रहेगी।

## न्यूज फ्लैश

### विधायक भव्य व निर्मल चौधरी 17 को जिले के विभिन्न गांवों में करेंगे जन संवाद कार्यक्रम

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**विधायक** भव्य बिश्नोई व निर्मल चौधरी 17 नवंबर को जिले के विभिन्न गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम करेंगे।
डीसी वीरेन्द्र दहिया ने बताया की विधायक भव्य बिश्नोई शुक्रवार को जिले के समालखा ब्लॉक के गांव बापौली से अपना जनसंवाद कार्यक्रम शुरू करेंगे और बहरामपुर, पसीना कलां, पसीना खुर्द और किवाना गांव में ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे। इसी प्रकार विधायक निर्मल चौधरी समालखा ब्लॉक के हथवाला गांव से जनसंवाद शुरू करेंगी और बिलासपुर, आटा, जौरसी खालसा, बिहौली में ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगी और उनकी समस्याएं सुनेंगी।

### निमोनिया को लेकर सिविल अस्पताल में सांस कार्यक्रम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**



**अम्बाला छावनी के** नागरिक अस्पताल में लोगो को निमोनिया के प्रति जागरूक करने के बारे में सांस कार्यक्रम को आंरभ किया गया। इस अवसर पर पीएमओ डॉ राकेश सहल, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेश कंसल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ चित्रा ने रोगियों व उनके परिजनों को सरकार की इस योजना से अवगत करवाया। डॉ चित्रा ने बताया कि सरकार समय समय पर लोगो को जागरूक करती है। सर्दी का मौसम आ रहा है इसलिए सांस कार्यक्रम चलाया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों जिनकी उम्र 5 वर्ष से कम है। उनमें मुख्यत यह रोग अधिक होता है। लेकिन यदि लोग जागरूक होंगे तो इस बिमारी को जल्द ही काबू किया जा सकता है। बाल रोग विशेषज्ञ व एडिशन सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ सुरेश कंसल ने बताया कि आज हमारा कार्यक्रम (सांस) निमोनिया को सफलतापूर्वक खत्म करने के लिए सामाजिक जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। जिसमें हम लोगो को बता रहें है कि सर्दियों में निमोनिया के मामले अधिक आते है। लोगो को चाहिए कि बच्चे की हालत बिगड़ने से पहले ही उसे अपने नजदीकी चिक्तिसा केंद्र पर लेकर जांए और जांच करवाएं। उन्होनें कहा कि कुछ समय पहले सरकार द्वारा निमोनिया रोकथाम के लिए टीकाकरण भी शुरू किया गया था। यह काफी कारगर सिद्ध हो रहा है। उन्होनें कहा कि इस कार्यक्रम के तहत लोगो में सामाजिक जागरूकता फैलानी है। इस रोग को बढ़ने नहीं देना है। उन्होनें कहा कि इसके सकारात्मक परिणाम भी आ रहे है। यूनिसेफ द्वारा चलाए जा रहे अभियान की भी उन्होनें सरहाना करते हुए कहा कि समय समय पर वह लोगो को स्वस्थ रखना तथा बिमारियों को खत्म करने के लिए कार्य करता है। वहीं पीएमओ डॉ राकेश सहल ने भी लोगो को बताया कि वह शुरूआती दिनों में ही यदि बिमारी को पहचान लेते है तो बिमारी पर शिघ्रता से काबू पाया जा सकता है।

### नगर निगम की हॉउस मीटिंग रही हंगामेदार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**शहर** के पंचायत भवन में निगम की हाऊस मिटिंग हुई। बैठक में लगभग सभी पार्षदों ने भाग लिया। इस दौरान फिर पार्षद पुराने मुद्दों को लेकर नगर निगम के अधिकारियों को घेरते नजर आए। पार्षदों ने कहा कि 48 घंटे पहले पार्षदों को एजेंडे की कॉपी नहीं दी गई। डीएमसी ने कहा कि यह इमरजेंसी मीटिंग बुलाई गई है। मीटिंग में पार्षदों ने मेयर शक्ति रानी शर्मा से हाउस की मीटिंग देरी से कराने बारे सवाल किया। इसमें मेयर ने कहा कि उन्हे 3 नवंबर को लिखा गया था। इस पर डीएमसी ने प्रोसिडिंग में देरी होने की बात कही। डीएमसी ने मेयर को चिट्ठी लिखने की बात कही। इस बात पर मेयर ने कहा कि उन्होंने 5 चिट्ठी प्रोसिडिंग के लिए लिखी थी। कहा कि जिस दिन डीएमसी ने चिट्ठी दी तो अगले दिन की रिवर्ट करके चिट्ठी दोबारा लिखी गई। इसके बाद मेयर ने कमिश्नर संगीता तेतरवाल को कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान मेयर शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि प्रत्येक पार्षद के 3-3 एजेंडे शामिल किए गए हैं। इस दौरान मनोनीत पार्षद संदीप सचदेवा और कांग्रेस पार्षद मिथुन वर्मा ने मीटिंग को असंवैधानिक बताया। इस दौरान मेयर ने वोट कराई तो मात्र 2-3 पार्षदों ने मीटिंग न बुलाने का समर्थन किया। इस पर मेयर ने कहा कि किसी एक व्यक्ति के कहने पर मिटिंग रद्द नहीं होगी।

### एचडीएफसी बैंक ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रेक्टिसिज पर उपभोक्ताओं को शिक्षित करने के लिए एक कॉन्फ्रेंस के साथ इंटरनेशनल फ्रॉड अवेयरनेस सप्ताह मनाया

**हिसार:** एचडीएफसी बैंक, भारत में प्राइवेट सेक्टर के प्रमुख बैंक ने अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी जागरूकता सप्ताह (आईएफएडब्ल्यू) के उपलक्ष्य में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडिमिनिस्ट्रेशन (आईआईपीए) के सहयोग से बैंकिंग/फाइनेंशियल साइबर क्राइम प्रिवेंशन एंड डिटेक्शन पर एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस की मेजबानी की। यह लगातार चौथा वर्ष है जब एचडीएफसी बैंक आईएफएडब्ल्यू के दौरान साइबर धोखाधड़ी जागरूकता में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए, श्री प्रशांत मेहरा, ग्रुप हेड, रिटेल पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड फ्रॉड कंट्रोल, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि ह्यह्यसाइबर अपराध व्यक्तियों और संगठनों की गोपनीयता और भलाई के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। साइबर धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना जरूरी है और एचडीएफसी बैंक का ह्यस्टे सेफ-स्टे विजिल-सुरक्षित रहें, सतर्क रहेंह्न अभियान ऐसा करने के लिए बैंक की एक और पहल है। एचडीएफसी बैंक पिछले चार वर्षों से देश भर में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षित बैंकिंग पहल के तहत साइबर धोखाधड़ी जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित कर रहा है।

# अवैध कट तुरंत प्रभाव से करवाएं बंद: उपायुक्त

## आने वाले दिनों में बढ़ते कोहरे के चलते सभी संबंधित विभाग सड़कों पर सफेद पट्टी लगवाने के साथ-साथ सडकों पर लगे पेड़ पौधों की भी करवाएं छंटाई

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत, उपायुक्त डॉ०** मनोज कुमार ने कहा कि बहुत बार देखा गया है कि सडकों पर बने अवैध कटों के कारण हुई सडक दुर्घटनाओं में लोगों को अपनी जान गवानी पड़ती है। इसलिए सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जिला से गुजरने वाले नेशनल हाइवे तथा केएमपी व केजीपी पर बने अवैध कट तुरंत प्रभाव से बंद करवाएं और अवैध कट करने वाले लोगों के खिलाफ की कड़ी कार्यवाही की जाए।
उपायुक्त ने गुरूवार को लघु सचिवालय में आयोजित सडक सुरक्षा व सुरक्षित वाहन पॉलिसी से संबंधित मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सडक सुरक्षा को लेकर किसी भी कार्य में कोई कोताही बर्दाश नहीं की जाएगी अगर इस कार्य में किसी प्रकार की खामी पाई गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।
उन्होंने निर्देश दिए कि आने वाले दिनों में बढ़ते कोहरे के मौसम के चलते सभी सडकों पर सफेद पट्टी लगवाने के साथ-साथ सडकों पर लगे पेड-पौधों की भी छटाई करवाएं ताकि इससे कोई सडक हादसा न हो। इसके अलावा जिला में जितने भी सडके टूटी हुई है उन्हें भी तुंरत ठीक करवाएं ताकि लोगों को आने जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उपायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत अपने क्षेत्र में स्कूल बसों की लगातार चैकिंग करें और खामिया मिलने पर उनके चालान करें। उन्होंने टॉल प्लाजा अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि टॉल प्लाजा पर लोगों के ठहरने की अच्छी व्यवस्था करवाई जाए और



टॉल प्लाजा पर लोगों को सभी सुविधाएं भी दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रोड़ के साथ जो नाले बनाए जाते हैं उनकी लगातार सफाई करवाई जाए और टूटने पर तुरंत उनकी मरम्मत करवाएं ताकि उससे कोई सडक हादसा न हो।
उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां पर नहरों के पट्टद्दरी पर कोई सडक बनी है तो वहां पर टूटी नहरी दिवारों को तुरंत प्रभाव से ठीक करवाएं और वहां सडक पर सिफ्टी का विशेष ध्यान रखा जाए।
जीटी रोड़ से नाहरा रोड़ पर इक्ट्ठा हो रहे पानी को लेकर उपायुक्त ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस स्थान का तुरंत दौरा करें और सडक पर इकद्दा हो रहे पानी के कारणों का पता लगार इसका तुरंत समाधान करवाएं। इसके बाद उन्होंने जीटी रोड़ स्थित बहालगढ़ चौंक से दीपालपुर रोड़ पर लगने वाली रहडियों के कारण हुई जाम व्यवस्था को लेकर पुलिस व नगर निगम के अधिकारियो को निर्देश दिए कि वे तुरंत अभियान चलाकर रहेड़ी वालों पर कार्यवाही करें ताकि वहां लोगों को जाम से निजात मिल सके। इसके अलावा शहर में सडकों पर पीली पट्टद्दी लगवाएं ताकि कोई दुकानदार अवैध रूप से सडक पर सामान न रख सके। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि केएमपी व केजीपी पर अवैध रूप से वाहन खड़ा करने वालों के चालाना करें और सुनिश्चि करें कि बिना टॉल के कोई भी वाहन सडक पर खड़ा हो सके।
इसके साथ ही सडकों पर बने ढाबा मालिकों को भी निर्देश दे कि वे अपने कर्मचारियों को रिफलेक्टर जैकेट पहनने के लिए दें ताकि ढाबे के बाहर खड़ा कर्मचारी वाहन चालको को आसानी से दिख सके। इसके अलावा जो भी किसान रात को खेत में किसी कार्य के लिए जाता है तो वह भी सफेद चादर या रिफलेक्टर जैकेट का प्रयोग करें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गलत दिशा और ओवर स्पीड से चलने वाले वाहनों के ज्यादा से ज्यादा चालान करें इसके अलावा मुख्य चौक पर चालान करने के लिए कैमरे भी लगवाएं। स्कूलों में जो भी नाबालिक वाहन लेकर आता है तो उसका चालान करें और उसके परिजनों के खिलाफ भी कार्यवाही करें। बैठक में डीसीपी विरेन्द्र सिंह, एसडीएम आशीष कुमार, एसडीएम निर्मल नागर, एसडीएम डॉ० अनमोल, एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी, आरटीए डॉ० नीरज जिंदल, जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री, डीडीपीओ राजपाल चहल सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## राजबीर हत्या मामले में तीनों आरोपी दो दिन के रिमांड पर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला कैंट के बस स्टैंड पर मारे गए हरियाणा रोडवेज के ड्राइवर राजवीर का 3 दिन बाद आज सोनीपत में अंतिम संस्कार हो गया है। उधर, पड़ाव थाना पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करके 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस रिमांड के दौरान वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी को बरामद करेगी। आरोपियों में तोपखाना के मनीष, जतिन और धीरज शामिल हैं। जिन्होंने पार्किंग विवाद में राजवीर को मुंह पर मुक्के मारे थे, जिसकी वजह से राजवीर को गंभीर चोटें आईं। चंडीगढ़ में इलाज के दौरान राजवीर की मौत हुई थी। पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी जतिन तोपखाना में ही होंडा की एक कंपनी में जॉब करता है, जबकि मनीष और धीरज की नाई की दुकान है। खुलासा यह भी हुआ है कि इसमें मनीष पर पहले भी मारपीट का एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ड्राइवर राजवीर के परिजन और रोडवेज यूनियन पदाधिकारी सोमवार रात से शव को अंबाला कैंट बस स्टैंड पर रख धरना दे रहे थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा: 'कवर होंगे सभी वार्ड और गांव'

**बैठक**

**8 एडीसी वीना हुड्डा ने कार्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर अधिकारियों की बैठक की**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**एडीसी वीना** हुड्डा ने वीरवार को अपने कार्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर अधिकारियों की बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान सरकार का



फ्लैगशिप कार्यक्रम है, जनसहभागिता के साथ यह अभियान गांव से लेकर वार्ड स्तर पर चलाया जाएगा, सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंच बनाने के उद्देश्य से यह अभियान प्रभावी रहेगा, जिसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। अभियान के लिए सभी विभाग नोडल अधिकारी नियुक्त करें ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करते हुए लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य मकसद है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे, इसके लिए इस अभियान की शुरूआत की जा रही है। इस अभियान के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में योजनाओं का लाभ ले चुके लाभार्थियों को जोड़ा जाए। एडीसी वीना हुड्डा ने कहा कि संकल्प यात्रा वैन के साथ करीब 45 दिन तक चलेगी और जिला की सभी ग्राम पंचायतों और शहरी वार्डों को कवर करेगी। इस बैठक में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

## अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**सीआईए** टू पुलिस टीम ने बापौली में जलालपुर मोड़ पर एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान खालिद निवासी जसाला शामली यूपी के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम बुधवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान बापौली में जलालपुर मोड़ पर मौजूद थी। पुलिस टीम को इसी दौरान गांव जलालपुर की और से एक संदिग्ध किस्म का युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान खालिद पुत्र जमील निवासी जसाला शामली यूपी के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी के पहने हुए पजामें से अवैध एक देसी पिस्तौल 315 बौर बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया आरोपी खालिद के खिलाफ थाना बापौली में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पूछताछ के बाद पुलिस ने वीरवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।



## जहरीली शराब मामले में 2 अन्य आरोपी जेल भेजे

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) जहरीली** शराब के मामले में रिमांड पर चल रहे मास्टर माइंड उगाला के अंकित उर्फ मोगली ने अपने अन्य कई साथियों के नाम उगले हैं। सी आई ए शहजादपुर रिमांड के पहले दिन मास्टरमाइंड मोगली को करनाल और दिल्ली लेकर पहुंची। यहां से पुलिस ने 2 आरोपियों को काबू किया है। हालांकि,पुलिस ने आरोपियों के नाम सार्वजनिक नहीं किए हैं। विदित हो कि अंबाला में तैयार हुई जहरीली शराब ने अंबाला ही नहीं यमुनानगर में भी कहर बरपाया है। अभी तक 22 लोग दम तोड़ चुके हैं।

## छठ पर्व: सीएम कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा, लोगों से बातचीत करेंगे



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**मुख्यमंत्री के** मीडिया सेक्रेटरी प्रवीण अत्रे ने वीरवार को पानीपत के लोक निर्माण विश्रामगृह में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल आगामी 19 नवंबर को पानीपत में पूर्वांचल समाज की ओर से आयोजित छठ पूजा के कार्यक्रम में भाग लेंगे और पूजन विधि में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्थानीय प्रशासन और सरकार द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल छठ पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्वांचल के लोगों से बातचीत भी करेंगे। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जब मुख्यमंत्री पद का पदभार संभाला तो एक बहुत बड़ा व्यवस्था परिवर्तन हुआ और गरीब व वंचित लोगों के लिए योजनाओं को क्रियान्वित किया गया। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य गरीबों का उत्थान करना था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गरीब मजदूर और कमेरा वर्ग के लिए विगत 9 साल में अभूतपूर्व विकास कार्य किए हैं। भ्रष्टाचार, जातिवाद और परिवारवाद को खत्म कर प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को नई दिशा दी है। उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन कर आम व्यक्ति की सरकार होने का एहसास कराया है। गरीबों और वंचितों के लिए विकास कार्य करवाए हैं। प्रवीन अत्रे ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के तहत गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाया है और इसी योजना के तहत 50 हजार लोगों को ऋण उपलब्ध करवाकर उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में से पर्ची खर्ची सिस्टम बंद कर मेरिट के आधार पर नौकरियां दी हैं। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीतियां बनाकर भ्रष्टाचार पर कुठाराघात किया है। प्रदेश सरकार की नई उद्योग नीति के तहत प्रदेश में छोटे व मंझोले लगभग 1 लाख 60 हजार उद्योग लगे हैं जिनके तहत 12 लाख 60 हजार लोगों को नौकरियां प्राप्त हुई हैं। मुख्यमंत्री ने गरीब व्यक्ति को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया है।

## रबी-2022 सीजन के तहत गेहूं खराबा का मुआवजा 25 नवंबर तक उठायें किसान: उपायुक्त डा. मनोज कुमार

### खानपुर कलां व सोनीपत तहसीलों के करीब 7998 किसानों ने नहीं उठाई अपनी मुआवजा राशि

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने खानपुर कलां व सोनीपत तहसीलों के किसानों का आह्वद्दान किया कि वे रबी-2022 सीजन के तहत गेहूं खराबा का अपना मुआवजा 25 नवंबर तक जरूर उठा लें। यदि निर्धारित तिथि तक मुआवजा नहीं उठाया गया तो मुआवजा राशि सरकार को वापस चली जाएगी। इसलिए समय का



ध्यान रखते हुए मुआवजा ले लें। उपायुक्त ने बताया कि रबी-2022 सीजन के तहत खराब हुई गेहूं की फसल की मुआवजा राशि सरकार आवंटित कर चुकी है, किंतु खानपुर कलां व सोनीपत तहसीलों के किसानों ने यह राशि अभी तक नहीं उठाई। जबकि शेष तहसीलों के किसान अपनी मुआवजा राशि उठा चुके हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि इसके लिए समयसीमा तय की गई है। इस संदर्भ में जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री ने बताया कि खानपुर कलां व सोनीपत तहसीलों के करीब 7998 किसानों का मुआवजा लंबित है। जबकि उनकी मुआवजा राशि आ चुकी है लेकिन किसानों ने मुआवजा राशि नहीं उठाई है। उन्होंने भी किसानों से अपील की कि वे निर्धारित तिथि तक अपना मुआवजा उठा लें।

## गमगीन माहौल में हुआ चालक राजबीर का अंतिम संस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) सोनीपत** में अम्बाला रोडवेज में चालक के पद पर तैनात राजबीर का अंतिम संस्कार किया गया। इस दुखद घड़ी में परिवार को संतावना देने के लिए अम्बाला रोडवेज जीएम, अम्बाला रोडवेज के विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में रोडवेज कर्मी मौजूद रहे। इससे पहले बीते कल परिवहन मंत्री से हुई बातचीत के बाद राजबीर के शव को उसके परिजन अम्बाला छावनी बस अडडे से अपने साथ सोनीपत ले गए तथा मंत्री के आसवासन के बाद रोडवेज कर्मियों ने चक्का जाम को भी समाप्त किया।



उधर, पुलिस ने राजबीर की हत्या मामले में तीनों आरोपियों को काबू कर लिया है। आज उन्हें कोर्ट में पेश करने पर पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। बताया जाता है कि तीनों आरोपी डस्टर में सवार होकर बस स्टैंड के बाहर सिगरेट लेने के लिए आए थे। चालक राजबीर बस स्टैंड के मुख्य गेट पर पार्किंग बूथ पर तैनात था। उसकी ड्यूटी यह थी कि वो बाहरी राज्यों से आने वाली बसों की सरकारी फीस लेता था। इतने में कार के आगे आने पर चालक को हटाने को लेकर बहस हो गई। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। गंभीर रूप से घायल चालक ने चंडीगढ़ पीजीआई में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था।
बैठक में सरकार द्वारा हरियाणा रोडवेज के ड्राइवर राजवीर के परिजनों को 15 लाख रुपये मुआवजा, योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर शहीद का दर्जा देगी।

## अवैध निर्माणों को तुरंत करवायें बंद: उपायुक्त डा. मनोज कुमार

### अवैध खनन नहीं स्वीकृत, ग्रैप के तहत खुले में स्टॉक रखने वालों पर करें कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत उपायुक्त डा.** मनोज कुमार ने स्पष्टद्द किया कि अवैध निर्माण और अवैध खनन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। इनकी रोकथाम के लिए हर संभव कदम उठाये जायें। ग्रैप के चलते इस दिशा में और सख्त कदम उठाये जायें।
लघु सचिवालय में बुधवार को अवैध कालोनी व निर्माण की रोकथाम के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसके साथ ही उन्होंने अवैध खनन रोकने के लिए गठित कमेटी की भी बैठक ली। संयुक्त रूप से



आयोजित इन बैठकों की अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे।
उपायुक्त ने पिछली बैठक की एक्शन टेकन रिपोर्ट तलब करते हुए कड़े निर्देश दिए कि अवैध कालोनियों को विकसित होने से रोका जाए। यदि कहीं अवैध कालोनी निर्माण की सूचना मिलती है तो तुरंत कार्रवाई की जाए। साथ ही अवैध निमार्णों को भी ध्वस्त किया जाए। फिलहाल ग्रैप के तहत जारी निदेर्शों की अनुपालना की जाए। किंतु कहीं भी अवैध कालोनी व निर्माण की अनुमति नहीं है। उन्होंने आम जनमानस से भी अपील की कि वे अवैध कालोनियों में कोई भी प्लाट न खरीदें।
इसके साथ ही उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने अवैध खनन को लेकर भी कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन की स्वीकृति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कहीं भी अवैध खनन की सूचना मिलती है तो फौरन कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने खनन अधिकारी को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से जांच करें व दौरा करते रहें। अवैध खनन बंद करवायें। जेसीबी इत्यादि को जब्त करें। उन्होंने खुले में रखे गए स्टॉक पर भी ऐतराज व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्रैप के चलते खुले में स्टॉक नहीं रखा जा सकता। जहां भी खुले में स्टॉक मिले वहां संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। बैठक में डीसीपी विरेंद्र सिंह, एसडीएम निर्मल नागर, एसडीएम आशीष कुमार, एसडीएम अमित कुमार, एसडीएम डा. अनमोल, सीटीएम पूजा कुमारी, डीटीपी नरेश कुमार आदि संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

# बाल महोत्सव: विजेता बच्चों को किया सम्मानित

**सम्मान**

**8 बाल महोत्सव के विजेता बच्चों व निर्णायक मंडल को स्थानीय बाल भवन में सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/ कमाल हुसैन**
**बाल महोत्सव** के विजेता बच्चों व निर्णायक मंडल को स्थानीय बाल भवन में सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के तौर पर सीटीएम राजेश कुमार सोनी पहुँचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने की। सम्मान समारोह के पाँच सौ पचास बच्चों को सम्मानित किया गया। सीटीएम राजेश कुमार सोनी ने बच्चो को सम्बोधित करते कहा कि एक मंच पर पर सभी स्कूलों के बच्चे प्रतिभा दिखा रहे है इसे ही समावेश विकास कहते है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे के अंदर कुछ ना कुछ सीखने की जिज्ञासा होनी चाहिए । यही जिज्ञ-ासा बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।इसके साथ ही सीटीएम ने बच्चो के उज्वल भविष्य की कामना की।

**पिछले वर्षों के मुकाबले पानीपत से विजेता ज्यादा निकले-रितु राठी:** जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने कहा कि हमारा परिणाम पिछले कई वर्षों से बेहतर रहा है। पहले हमारे चार सौ बच्चे पोजिशन लाते थे अबकी बार हमारे पांच सौ पचास बच्चे सम्मानित हुए है।हमारे परिणाम में बेहतर सुधार आया है।

**निर्णायक मंडल हुआ सम्मानित;** बाल महोत्सव में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाने वाले सदस्यों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया निर्णायक मंडल में दयाला पहलवान राजेश कुमार पांचाल किरण कुमार बाबरा. राकेश कुमार। राजेश कुमार। अंशिका राजीव कुमार राहुल चरणालिया लक्ष्मी गौरव धवन, रणबीर सुनील मलिक हिंदू पनिया पवन कुमार सुरेंद्र चिराग खरब मिंटू भारद्वाज अमृतपाल कौर संतोष कुमारी आभा गुप्ता धीरज चौधरी नरेंद्र गर्ग तरुण शर्मा मनप्रीत सिंह रजनी बेनीवाल रमनदीप व बाल भवन स्टाफ हुआ।

# रामपुर की रीना देवी को मिला बेस्ट मेंगो ग्रोवर का आम रत्न पुरस्कार



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**शहजादपुर खण्ड़ के गांव** रामपुर की महिला किसान रीना देवी लगभग 12 एकड़ में रीना देवी द्वारा बागवानी की खेती की जा रही है। जिससे प्रति वर्ष प्रति एकड़ लगभग एक लाख बीस हजार रुपए की आमदन होती है।
बागवानी की गतिविधियों को बढावा देने के लिए उन्हें सरकार की योजना के अनुरूप अनुदान भी मिला है। रीना देवी को बैस्ट मैगो ग्रोवर का खिताब भी मिल चुका है तथा गत अक्तुबर मास में हिसार में आयोजित कृषि मेले में भी इन्होंने भाग लिया था। वे हरियाणा के उन 50 चुनींदा प्रगतिशील किसानों में शुमार थी, जिन्हें प्रदेश सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों पर सम्मानित किया जा चुका है। इन किसानों को उपराष्ट्रपति द्वारा नए संसद भवन को देखने व दोपहर भोज के लिए आमंत्रित किया गया था। रीना देवी ने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से बातचीत करने का मौका मिला जोकि उनके लिए एक ऐतिहासिक क्षण था। इस अवसर पर किसानों को सम्मानित भी किया गया।
रीना देवी का कहना है कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि उन्हें नये संसद भवन को देखने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि उनके बाग में आम, जामुन, निम्बू, कटल तथा अमरूद आदि के पेड़ लगाये गये है।
विगत मास पिंजौर में आयोजित मैगों मेला में भी उन्हें बेस्ट मैगों ग्रोवर का आम रतन पुरस्कार मिला था। इसके अलावा उन्हें हिसार में आयोजित कृषि मेले में भी बागवानी फसल उत्पादन तकनीक के प्रदर्शन में बागवानी फसल के लिए प्रगतिशील किसान के तौर पर पुरस्कार से नवाजा गया है।
उद्यान विकास अधिकारी डॉ. अंकुश कम्बोज ने बताया कि रीना देवी की तरह दूसरे किसान भी बागवानी की खेती को अपना कर लाभ कमा सकते है। बागवानी का क्षेत्र किसानों के लिए विकास की नई राहे खोल रहा है। प्रदेश में नये बाग लगाने के लिए सरकार की ओर से अनुदान दिया जा रहा है। बागवानों के लिए भी भावांतर भरपाई योजना शुरू की गई है।
बता दें कि 1 जनवरी 2018 से सभी प्रमुख बागवानी फसलों में भावांतर भरपाई योजना शुरू करने वाला हरियाणा पहला राज्य है। किसानों को बाजार में होने वाले उतार-चढावों के जोखिम से बचाने के लिए प्रदेश में 21 फलों और सब्जियों के संरक्षित मूल्य तय किये गये है। प्रदेश में वर्ष 2022-23 तक 12082 किसानों को 33.26 करोड़ रुपए का प्रोत्साहन दिया जा चुका है।
सम्मानों की लगी झड़ी-बागवानी के क्षेत्र में समग्र उपलब्धियों के लिए 9 सितम्बर 2016 में हरियाणा राज्य को सर्वश्रेष्ठ बागवानी राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। राज्य को 21 अक्तूबर 2021 को कृषि नेतृत्व पुरस्कार 2021 और 12 नवम्बर 2021 को एग्री फूड एम्पोवेरिंग इण्डिया-2021 द्वारा सर्वश्रेष्ठ बागवानी राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्य को 10 नवम्बर 2022 को इंडिया एग्री बिजनैस अवार्ड 2022 तथा 19 दिसम्बर 2022 को स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

**न्यूज फ्लैश**

## सीआईए पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में दो युवाओं को किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी नारनौल।** पुलिस ने अवैध हथियार रखने के शौकीन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीआईए नारनौल की टीम ने अवैध हाथियार रखने के मामले में दो युवाओं को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान आशीष उर्फ चुन्नू वासी सेका और हिम्मत वासी सेका के रूप में हुई। सीआईए की टीम द्वारा आरोपियों को गांव सेका क्षेत्र से गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपियों से अवैध हथियार के बारे में सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान पुलिस ने आरोपियों से एक देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। जांच में पुलिस ने पता लगाया कि आरोपी हिम्मत के खिलाफ पहले भी मामले दर्ज हैं। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। सीआईए नारनौल की टीम ने दिनांक 19 अक्टूबर को थाना सदर नारनौल के क्षेत्र में गांव मंढाना 148 बी हाईवे पुल के नीचे से गुप्त सूचना के आधार पर रेड कर एक युवक को काबू किया था और उससे जिंदा कारतूस सहित देसी पिस्टल बरामद किया गया था। आरोपी के खिलाफ थाना सदर नारनौल में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के बारे में बताया। जिस पर सीआईए की टीम ने अवैध हथियार के मामले में आरोपी आशीष उर्फ चुन्नू और हिम्मत को गिरफ्तार किया गया। जिनसे अवैध हथियार के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## बदलते मौसम में भी श्रीराम सुपर 3-एसआर -72 एंड 5-एसआर -05 गेहूँ बीज से मिल रही किसानों को बेहतर उत्पादकता और बम्पर मुनाफा



**रेवाड़ी।** हरियाणा के किसानों ने बताया कि श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स की ओर से पेश किए गए श्रीराम सुपर 3-एसआर -72 एंड 5-एस आर -05 गेहूं बीज से उनकी उत्पादकता बढ़ी है। लांच के बाद से ही श्रीराम सुपर 3-एसआर -72 एंड 5-एसआर -05 गेहूं बीज इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते हरियाणा के किसानो में बेहद लोकप्रिय हो रहे हैं. सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभर रही नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों के परिणाम श्रेष्ठ हैं। अधिक तापमान और पीली रतुआ के प्रति सहनशीलता, कल्लों की संख्या अधिक, बड़े-सुनहरे दाने, उपयुक्त फसल की ऊंचाई और गिरने की समस्या कम होने के कारण ये हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, और बिहार में गेहूं के किसानो की पहली पसंद बन रहे हैं.
हरियाणा से कुरुक्षेत्र के किसान गुरनाम सिंह ने पिछले वर्ष नयी किस्म श्रीराम सुपर 3-एसआर -72 की बुवाई की थी और वे इसके बेहतर परिणाम से काफी संतुष्ट है. उनका कहना है कि श्रीराम सुपर 3-एसआर -72 में 14-15 कल्ले और प्रति बाली 70-75 दाने पाए गए. इसमें ना पीली रतुआ व अन्य बीमारियों की कोई समस्या है ना ही फसल गिरने की. गुरनाम सिंह, अन्य किस्म की तुलना में 2 क्विंटल प्रति एकड़ अधिक उपज पा कर और रू 4000 प्रति एकड़ अतिरिक्त मुनाफा पा कर बेहद खुश है और वे अन्य किसानो को श्रीराम सुपर 3-एसआर -72 की बुवाई करने की ही सलाह देते है.
हरियाणा के अन्य किसान श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 गेहूं बीज बोने से भी इसी तरह की सफलता पा रहे है. सरनजीत सिंह, फतेहाबाद से एक किसान, ने श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स की ओर से दिए गए एक डेमो देखने के बाद पिछले साल अपने खेत में श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 गेहूं बीज इस्तेमाल किया.उनका कहना है कि इसमें कई विशेषताएं देखने को मिली जैसे अधिक दानों की संख्या 80-85 दाने प्रति बाली, पीली रतुआ और फसल गिरने के प्रति सहनशीलता व अधिक उपज क्षमता. श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 की अधिक उत्पादकता और बेहतर गुणवत्ता वाली फसल को देखकर वे बेहद प्रसन्न है।

# विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने सांसद धर्मबीर सिंह को मांग पत्र सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेंद्रगढ़**
**गाँव** मालड़ा, बूडीन व ऊष्मापुर के पशु औषधालयों को स्वीकृत करवाने के लिए
विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने सांसद धर्मबीर सिंह को मांग पत्र सौंपा है। इस बारे में जानकारी देते हुए संदीप मालड़ा ने बताया कि गाँव मालड़ा, बूडीन व ऊष्मापुर में पशु औषधालय पिछले लगभग 30 वर्ष से चल रहे हैं। यहां पर तीनों गाँवों में पशु औषधालय के लिए जमीन भी दे रखी है तथा भवन भी बना हुआ है। मालड़ा में तो हाल ही में नये भवन का निर्माण
भी हुआ है। इतना सब होने के बावजूद भी पशुपालन विभाग के रिकार्ड में ये
तीनों ही पशु औषधालय सेंक्शन नहीं है। विभाग के रिकार्ड में सेंक्शन ना होने से हाल तक तो ज्यादा समस्या नहीं आ रही थी। जो भी स्टाफ यहां नियुक्त होता था उसकी हाजरी आसपास के किसी पशु अस्पताल में लग जाती थी तथा तनख्वाह भी उसी आधार पर मैपिंग से निकल आती थी। परंतु हाल ही के दिनों में पशुपालन विभाग में ट्रांसफर का सिस्टम आनलाइन हो गया है। ऐसे में ये तीनों ही पशु औषधालय विभाग के पोर्टल पर दिखाई ही नहीं पड़ते जिससे कोई भी स्टाफ यहां पोस्टिंग के लिए अप्लाई ही नहीं कर पाता। इसकी वजह से आसपास के भी किसी पशु अस्पताल अथवा पशु औषधालय से यहां नियुक्ति मुश्किल होती जा रही है। आने वाले समय में यहां स्टाफ नहीं आयेगा तथा भवन भी जर्जर होना शुरू हो जाएगा। जब तीनों ही गाँवों ने यहां पशुपालन विभाग को जमीन भी दे रखी है जोकि रिकार्ड में भी विभाग के नाम है तथा भवन भी बना हुआ है तो फिर इन तीनों पश औषधालयों को जल्द से जल्द विभाग के रिकार्ड में सेंक्शन करवाया जाए।
संदीप मालड़ा ने बताया कि इस मामले को लेकर दिसंबर 2020 में पशुपालन
विभाग के डिप्टी डायरेक्टर ने पंचकूला स्थित पशुपालन विभाग के डायरेक्टर
जनरल को पत्र भी लिखा था जिसमें इन तीनों ही पशु औषधालयों को विभाग के रिकार्ड में नियमित करने का निवेदन किया गया था।

## जे.जे. एक्ट एवं पोक्सो एक्ट एवं बाल अधिकारों कार्यक्रम किया आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**वीरवार को** हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के द्वारा जिला पानीपत में एक दिवसीय कंसल्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा बाल संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी एवं डॉ. मांगेराम रहे। कार्यक्रम में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड सभी बाल देखरेख केंद्र व वन स्टॉप सेंटर के द्वारा भी भाग लिया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी सतीश गौतम ने बताया कि पुलिस को आप सब लोग अपना दोस्त समझे, पुलिस आप सब की सहायता के लिए है। उन्होंने कहा कि बच्चे पुलिस से घबराएं नहीं, जो भी बच्चा किसी गलत संगत में फंस जाता है या किसी के साथ कोई गलत होता है तो वह पुलिस के पास आए और अपनी समस्याओं को उनके साथ सांझा करे। पुलिस उनके साथ दोस्ताना व्यवहार करेगी और उनकी समस्या का समाधान करेगी।
हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी व मांगेराम द्वारा सभी विभागों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया।

## 25 को राजस्व व अन्य सहायक मामलों के निपटान हेतु किया जा रहा लोक अदालत का आयोजन

**निपटारा**

**8 राजस्व व अन्य सहायक मामलों का पक्षकारो की आपसी सहमति से मौके पर ही निपटारा किया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मुख्य न्यायिक** दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक मान ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रमोद गोयल के नेतृत्व में 25 नवंबर को राजस्व व अन्य सहायक मामलों से संबंधित लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में राजस्व व अन्य सहायक मामलों का पक्षकारो की आपसी सहमति से मौके पर ही तुरंत निपटारा किया जाएगा।
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने बताया कि लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायिक परिसर सोनीपत, गन्नौर, गोहाना तथा खरखौदा में प्री लोक अदालत का भी आयोजन किया जा रहा है। इसलिए जिन व्यक्तियों के राजस्व व अन्य सहायक मामले न्यायालय में लंबित है व संबंधित न्यायालय में जाकर अपने केस को प्री लोक अदालत अथवा राजस्व व अन्य सहायक मामलों से संबंधित लोक अदालत में लगवाकर अपने केसों का निपटारा करवाएं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपने केसों का जल्द निपटारा करवाने के लिए प्री लोक अदालत व लोक अदालत का फायदा जरूर उठाएं।

## अगवानपुर गांव में सन्नी की हत्या के मामले में एक गिरफ्तार

**गन्नौर: अगवानपुर** गांव में 23 वर्षीय सन्नी की हत्या के मामले में गन्नौर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित राकेश अगवानपुर गांव का रहने वाला है। आरोपित राकेश को पुलिस बृहस्पतिवार को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी। बता दें कि अगवानपुर गांव का सन्नी 13 नवंबर की रात करीब 9 बजे दुकान से सामान लाने की बात कह कर घर से निकला था। रास्ते में गांव के ही राकेश, राकेश की पत्नी अंजू, अनिल, रिंकू, सुरेश व दिनेश ने उसका रास्ता रोक लिया और उसे घर में ले जा कर डंडो व राड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# सरकार की गलत नीतियों के कारण रोडवेज को 3.50 करोड़ से अधिक का नुकसान



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गत** दिवस रोडवेज कर्मचारियों द्वार अपने कर्मचारी साथी की हत्या के विरोध में चक्का जाम किया गया। जिसके चलते सरकार को करोड़ो रूपए का नुक्सान भी झेलना पड़ा। लेकिन यदि समय रहते सरकार कर्मचारियों के हित में योजनाएं बनाती तो यह नुक्सान न उठाना पड़ता। मृतक राजवीर के परिजन पिछले दो दिनों से अम्बाला छावनी बस अडडे पर शव को रख प्रदेश सरकार से कह रहे थे कि राजवीर की डयूटी के दौरान मौत हुई है ऐसे में उसकी सुरक्षा का जिम्मा सरकार को लेना चाहिए था। यहां तक की पुलिस कई घंटों तक तो आरोपियों को ही गिरफ्तार नहीं कर सकी थी। राजवीर अपने घर में अकेला कमाने वाला था। ऐसे में उसके बेटे को तुरंत नौकरी दी जाए और मुआवजा राशि भी 50 लाख रूपए दी जाए। रोडवेज की 3350 बसों ने चक्का जाम किया। त्यौहारों के दिनों में हुए इस चक्का जाम के कारण लोगो को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यहां तक की लोग प्राइवेट बसों की छतों पर चढ़कर सफर करते नजर आ रहे थे। इतना ही नहीं टैक्सी चालक भी मनमाने तरीके से यात्रियों से किराया वसूल रहे थे। जिसके कारण अम्बाला से दिल्ली जाने के लिए जहां 250 रूपए लगते थे तो वहीं चक्का जाम के दौरान टैक्सी चालकों ने 600 रूपए तक वसूले है। जिसके कारण आम लोगो को आर्थिक नुक्सान भी हुआ है। इसके साथ ही भाईदूज के चलते भारी संख्या में महिलाओं व बच्चों ने सफर किया था। लेकिन बसों के चक्का जाम के कारण बच्चों को भी भीड़ भड़ाके में सफर करने को मजबूर होना पड़ा।

## छीनाझपटी करने के मामले में एक ओर आरोपित गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़**
**कब्जा** करने से रोकने के लिए गए व्यक्ति के साथ लाठीझडंडों से मारपीट करने, छीना-झपटी करने और उसके ऊपर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश करने के मामले में पुलिस ने एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान मनोज वासी खायरा के रूप में हुई। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान पूछताछ में पुलिस ने आरोपित से स्कूटी बरामद की है। पुलिस द्वारा आरोपित से पूछताछ की जा रही है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पांच आरोपितों पंकज वासी ताजपुर, मोहित वासी तुर्कियावास, सिद्धार्थ वासी उनींदा, ब्रह्मप्रकाश वासी छापड़ा सलीमपुर और शुभम वासी मांढन को गिरफ्तार किया था, जिनसे पूछताछ में एक स्कॉर्पियो गाड़ी, एक कैम्पर गाड़ी और डंडे बरामद किए गए थे। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अरुण गोमी निवासी गांव खातोद ने थाना शहर महेंद्रगढ़ में नामजद व अन्य के खिलाफ उसके ऊपर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश करने और लाठी डंडों से मारपीट करने, पैसे व चैन छीनने की शिकायत दी थी।
शिकायतकर्ता ने बताया कि दिनांक 05 नवम्बर की सुबह उसको सुचना मिली कि नजदीक राव तुलाराम चौक नारनौल रोड पर स्थित उनकी दुकान पर धर्मेन्द्र निवासी तुलाराम चौक महेन्द्रगढ कब्जा करने और गेट चढाने की कोशिश कर रहे हैं। इस पर व अपने घर के सदस्यों के साथ वहां गया और उनको रोका तथा 112 नम्बर पर पुलिस को कॉल किया। उसके परिवार के सदस्य थाने में शिकायत करने चले गए और वह वहीं दुकान पर रुक गया। थोडी देर बाद वहां एक कैम्पर व दो ओर गाडियां आई, जिनमें से 15-20 आदमी उतरे, कैम्पर चालक ने शिकायतकर्ता के ऊपर गाडी चढाने कि कोशिश की, अपने आप को बचाने के लिये हड़बडी मे उसके वहां से भागने की कोशिश कि तो आरोपितों ने उसके उपर लाठी व डन्डो से प्रहार किया और छीना झपटी भी की। इस दौरान गले से सोने की चैन तोड़ ली और पोकेट से 1300झ1400 रुपये भी निकाल लिए। शिकायतकर्ता भागकर शीला अस्पताल में घुस गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

# राष्ट्रीय प्रैस दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित किया गया कवि सम्मेलन

**कवि निधि गुप्ता कशिश, शरफ बहराइच व सुरेश मक्कड़ साहिल की रचनाएं देश-विदेश के मुद्दों, प्यार बेवफाई, इंसानियत, संस्कार तथा हिंदी व उर्दू भाषा के विकास पर रहीं**

**कवि सम्मेलन**

**8 कवि सम्मेलन में कवियों की कविताओं व शायरी से श्रोताओं को देर रात तक मंत्रमुग्ध होते रहें**



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना/महेंद्रगढ़**
**स्थानीय** यादव धर्मशाला में बुधवार की रात को हरियाणा पत्रकार संघ की जिला ईकाई की ओर से राष्ट्रीय प्रैस दिवस की पूर्व संध्या पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में कवियों की कविताओं व शायरी से श्रोताओं को देर रात तक मंत्रमुग्ध होते रहें। कवि निधि गुप्ता कशिश, शरफ बहराइच व सुरेश मक्कड़ साहिल की रचनाएं देश-विदेश के मुद्दों, प्यार बेवफाई, इंसानियत, संस्कार तथा हिंदी व उर्दू भाषा के विकास पर रहीं। हरियाणा पत्रकार संघ के प्रदेशााध्यक्ष केबी पंडित की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में जिला प्रमुख राकेश यादव मुख्यातिथि रहें।
वहीं भाजपा के जिला महामंत्री अमित मिश्रा ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान शहर के विभिन्न राजनैतिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी विशेष तौर पर मौजूद रहें। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। केबी पंडित ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा पत्रकार संघ में हमेशा पत्रकार के हित की रक्षा के लिए तत्पर रहता हैं। हरियाणा पत्रकार संघ की ओर से पीड़ित पत्रकारों की परिजनों की करीब 2.25 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता की जा चुकी हैं। भविष्य में ही हरियाणा पत्रकार संघ मीड़िया जगत से जुड़े लोगों के साथ हमेशा खड़ा रहेगा।
इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष कंवर सिंह यादव, पूर्व डिप्टी डायरेक्टर भूपसिंह, समाजसेवी बलवान फौजी, यादव सभा के प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव, समाजसेवी राधेश्याम गोमला, कृषि विभाग के एसडीओ डॉ. अजय यादव, विनोद पाली, सीडीपीओ सरला यादव, एडवोकेट रेखा यादव, डिम्पल यादव, सुडाराम ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप मालड़ा, समाजसेवी नवीन राव, महेंद्र सिंह देवनगर, नरेश चेयरमैंन, मुकेश मेहता, विक्रम कोका, सुधीर दिवान, कृष्ण चेयरमैंन, सूबेदार हरिसिंह, श्रीकृष्णा ग्रुप के एमडी कर्मबीर राव, जीनियस अकेड़मी संचालक अमित यादव, राव जयराम ग्रुप के निदेशक सुरेंद्र यादव, मनोज गौतम आदि मौजूद थे।

# शकूरपुरः डीडीए पार्क में कब्जा, संबंधित विभाग बैठा है मौन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर वार्ड नंबर-62 स्थित शकूरपुर गांव के यादव मार्किट में काफी लंबे समय से डीडीए पार्क प्रशासन की लापरवाही के चलते पार्किंग स्थल में तब्दील हो चुका हैं और संबंधित विभाग व अधिकारी आंखे मूंदे बैठे हैं।

**बलपूर्वक हो रहा हैं पार्कों में अवैध कब्जाः** दिल्ली के अधिकांश पार्कों में लोगों ने बल का प्रयोग कर पार्कों पर अवैध कब्जा कर मनमानी कर रहे हैं। इस ताकत के चलते वह पार्कों में पार्किंग पशु पालन आदि तो कर ही रहे। मिली जानकारी के अनुसार शकूरपुर गांव के मैन रोड़ पर ठाकुर द्वारा मंदिर के पास डीडीए का पार्क हैं जोकि संबंधित विभाग व संबंधित अधिकारी की लापरवाही के चलते अब पार्किंग में बदल चुका हैं। यह अधिकारियों की लापरवाही का ही नतीजा है। अगर अधिकारी समय पर ध्यान देते तो पार्क पर अवैध अतिक्रमण न होता।

**अधिकांश पार्कों में अवैध कब्जाः** त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए एमसीडी व डीडीए ने एक नहीं बल्कि अलग-अलग जगहों पर कई पार्क बनवाए थे, उन पार्कों की हालत आज बदहाल हो चुकी हैं। पार्क में काफी संख्या में आस-पास के दुकानदार ना सिर्फ पार्क में काम करते बल्कि अपना सामान भी रखते है, ऐसा इसलिए क्योंकि ना ही पार्क की दीवार है और ना ही कोई दरवाजा हैं, और रखरखाव की बात करना तो दूर की बात हैं।



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के नेतृत्व में केंद्र सरकार और उनके केंद्रीय मंत्रियो के द्वारा किए गए भ्रष्टाचारों को लेकर ईडी व दूसरी एजेंसियों के द्वारा कोई करवाई ना किए जाने के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिन्दल व कांग्रेस कार्यकर्ता।

## बढ़ती महंगाई से परेशान हो रहे हैं लोगः बद्रूदीन खान



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस नेता** बद्रूदीन खान ने कहा कि रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है, लेकिन सरकार महंगाई कम करने की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दे रही है।

बद्रूदीन खान ने बताया महंगाई के चलते लोग परेशान हो रहे है, लेकिन सरकार का उस ओर ख्याल नहीं है, जिसके चलते लोग परेशान है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए।



बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में वार्ड-18 जहांगीर पुरी में सभी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल टीम की मीटिंग हुई। जिसमें आप नेता सुरेश शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष परविन्दर सिंह, जिला सचिव हीरालाल किराड़, वार्ड प्रभारी रामधन प्रजापति, वार्ड अध्यक्ष लख्मी पाल एवं सभी मंडल अध्यक्ष व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पार्षद चित्रा विद्यार्थी ने किया छठ घाट का निरीक्षण




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके के वजीरपुर नहर पर बन रहे छठ घाट का निरीक्षण वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व पूर्व पार्षद विकास गोयल ने किया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि मैंने कर्मचारियों को सख्त निर्देश दे रखे है कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न बरते। उन्होंने आगे बताया कि आज वजीरपुर नहर के छठ घाट का मैंने निरीक्षण किया और जहां पर भी मुझे कोताही नजर आई वहां पर मैंने कार्य को ठीक से करने के आदेश दिये है। जिससे की यहां पर आने वाले छठव्रतियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि पूर्वांचल के सभी भाइयों-बहनों और माताओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए सभी संभव प्रयास मैं कर रही हूं।

# पार्षद सुशील जोंटी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल टाउन** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले संगम पार्क वार्ड में कई छठ घाटों का स्थानीय निगम पार्षद सुशील जोंटी ने निरीक्षण किया और जो कमियां नजर आई, उसको तुरन्त ठीक करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इस मौके पर निगम पार्षद सुशील जोंटी के साथ कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद सुशील जोंटी ने कहा कि मैं छठ मईयां से प्रार्थना करता हूं, छठ मईया सभी के जीवन में खुशियां लाये और सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें। उन्होंने आगे बताया कि आज मैंने अपने क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले लगभग सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया है।

# राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद दिल्ली नगर निगम के खिलाफ करेगी भूख हडताल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद निगम में चल रहे भ्रष्टाचार को लेकर आप शासित दिल्ली नगर निगम के खिलाफ एक दिन की भूख हडताल करेगी।

जिसको लेकर परिषद के अध्यक्ष दलीप कुमार बरवाला ने बताया कि जहां एक ओर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को पक्का करने की प्रक्रिया चलाई जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर सफाई कर्मचारियों को पक्का करने की आड़ में रिश्वतखोरी भी खूब चल रही हैं।

दलीप ने बताया कि अगर कर्मचारियों को अपनी किसी फाइल पर किसी अधिकारी का हस्ताक्षर भी करवाना हो तो भी रिश्वत के बिना नहीं होता हैं। जहां एक ओर तो सफाई कर्मी कच्चे पर काम कर रहा हैं, वहीं दूसरी ओर उनको पक्का करने की आड़ में उनसे रिश्वत के नाम पर खासी मोटी रकम ऐंठी जा रही हैं।

**मामलें की हो निक्षपक्ष जांचः** दलीप ने बताया कि मामलें में हमारी संस्था कई बार उच्चाधिकारियों से मौखिक व लिखित में शिकायत भी कर चुकी हैं, बावजूद इसके रिश्वतखोरों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं हुई हैं।

**करेंगे भूख हडतालः** उन्होंने बताया कि सभी संबंधित अधिकारियों को लिखित में शिकायत पत्र देने के बाद भी नहीं हुई हैं निक्ष्पक्ष जांच जिसको लेकर आने वाले रविवार को गांव देहात स्थित बरवाला के अंबेडकर पार्क में भूख हडताल करने को विवश होंगे।

## प्रदूषण से बचने के लिए मास्क का करें प्रयोगः हेमलता वरूण



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहां एक** ओर तो राजधानी में ठंड ने दस्तक दे दी हैं, वहीं दूसरी ओर वायु प्रदूषण का स्तर भी खासा खराब हो गया हैं जिसके चलते लोगों पर इसका असर साफ देखने को मिल रहा हैं। एक्यूआई खराब होने से राजधानी में सुबह हो या शाम, घर से बाहर निकलना लोगों के लिए दूभर हो गया हैं जिसमें कि अधिकतर बच्चों व वृद्व जनों को खासा परेशानी होने लगी हैं। सूता फाउंडेशन के संस्थापिका हेमलता वरूण ने बताया कि दिल्ली में खराब वायु प्रदूषण की वजह से राजधानी के आम लोग ही नहीं बल्कि मॉर्निंग वॉकर्स भी परेशान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सर्दियां अभी शुरू भी नहीं हुई है, लेकिन प्रदूषण का स्तर पहले से काफी ज्यादा बढ़ गया है, इसका हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ हैं।

**किस तरह करें बचावः** खिड़कियों और दरवाजों से जहरीले प्रदूषक घर में प्रवेश कर जाते हैं, इसलिए इन्हें बंद रखें।



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हाईटेंशन पोल लगाने के खिलाफ लामबंद हुए बवाना विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पावरग्रिड कारपोरेशन** आफ इंडिया द्वारा प्रभावित किसानों की बिना अनुमति लिए हाईटेंशन पोल लगाने के लिए जमीन खोदने पर विरोध में दिल्ली के बवाना विधानसभा क्षेत्र के गांव पंजाब खोड, मुंगेशपुर ओचंदी गांव के किसानों की संघर्ष समिति का धरना आज भी पंजाब खोड़ गांव की उस कृषि भूमि पर सतबीर फौजी की अध्यक्षता में हुआ। किसानों की मांग है कि एक पोल एक खेत में लग जाने से पूरे एक एकड़ खेत की भूमि बेकार हो जाती है। ना उसमें खेती हो सकेगी और ना ही मकान बना सकते हैं। हर समय जान जाने का खतरा बना रहेगा। इसलिए यदि पावरग्रिड कारपोरेशन को पोल लगाने ही हैं तो वह पूरी एक एकड़ भूमि का अधिग्रहण करें और शहरीकृत गांव के सर्कल रेट से किसानों को मुआवजा दें। ठीक इसके उल्ट पावरग्रिड कारपोरेशन के अधिकारियों ने जबरन खेतों में घुस कर पोल लगाने के लिए बड़े बड़े गड्ढे खोद डाले। जिसका पता चलते ही ग्रामीण किसानों में हड़कंप मच गया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो किसानों की पुलिस में शिकायत कर दी गई। किसान भगवान सिंह डबास का कहना है कि पावरग्रिड कारपोरेशन महज फसल नष्ट होने भर का नाममात्र का मुआवजा दे रहा है।



जिस जमीन पर हाईटेंशन पोल गाडने हैं उसका और बाकी बेकार हुई भूमि का कोई मुआवजा पावरग्रिड कारपोरेशन नहीं दे रहा है। ओचंदी गांव के किसान रामप्रकाश ने बताया कि उनके 82वर्षीय पिताजी जो बीमार हैं और घर पर ही रहते हैं उनके खिलाफ भी पुलिस कंप्लेंट कर दी। दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने भी आज पंजाब खोड गांव की उस कृषि भूमि का दौरा किया और पाया कि हाईटेंशन लाइन के पोल लगने से किसानों की जिस भूमि का रेट आज 41 करोड रुपये का है वह पोल लगने के बाद उस भूमि की कीमत 4 लाख भी नहीं रह जाएगी। इसलिए सब किसान चाहते हैं कि पोल खुशी से लगाओ, कोई ऐतराज नहीं है। बस उनकी पूरे एक एकड़ की भूमि का पहले अधिग्रहण करें और बाजार भाव से उसका भुगतान किसानों को पावरग्रिड कारपोरेशन लिमिटेड कर दें। संघर्ष समिति के अध्यक्ष फौजी सतबीर सिंह ने दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज के अध्यक्ष दयानंद वत्स भारतीय को बताया कि इस संबंध में समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर डीएम अलीपुर नार्थ दिल्ली तक सभी संबंधित जिम्मेदार लोगों को ज्ञापन दे दिया है।

दयानंद वत्स भारतीय ने प्रभावित किसानों से आग्रह किया कि वे एक बार केंद्रीय उर्जा मंत्री आर. के सिंह से भी मिल लें और उन्हें सीधे अपनी परेशानी समझाएं ताकि समस्या का सम्मान जनक समाधान हो सके।

इस मौके पर बवाना के चौधरी प्रवीन सहरावत नंबरदार, रविन्द्र सिंह डबास, समाजसेवी रविन्द्र इंद्राज ने भी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय प्रशासन और उर्जा मंत्रालय से जन-संवाद जारी रखें।

# 'मोदी व मनोहर सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति से कर रही है विकास'

**संवेदनशील**

**8 जन संवाद कार्यक्रमों के जरिये सरकार है संवेदनशील और गम्भीर: विधायक सीमा त्रिखा**




**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** तिगांव से विधायक राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की निति चलते हुए जनकल्याणकारी कार्य कर रही है। जिससे आमजन को योजनाओं का त्वरित लाभ प्राप्त हो रहा है। केंद्र व प्रदेश की सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचकर अन्त्योदय का सपना साकार कर रही है। तिगांव विधायक राजेश नागर ने आज वीरवार को मुख्यमंत्री का विशेष दूत बनकर बड़खल विधानसभा क्षेत्र के गांव लक्कड़पुर, अनंगपुर, अनखीर, मेवला महाराजपुर, फतेहपुर चंदीला, भाकरी में जन संवाद कार्यक्रमों में की अध्यक्षता कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा उपस्थित अधिकारीयों को समस्याओं के समाधान के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उनके साथ बड़खल विधानसभा से स्थानीय विधायक सीमा त्रिखा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। विधायक श्री नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जन समस्याओं के समाधान के लिए गम्भीरता से कार्य कर रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरुप आज बिन पर्ची और खर्ची के योग्य युवाओं को मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य व शिक्षा सहित बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कर्तसंकल्प है। इसी कड़ी में सरकार के नुमाइंदे जनता के बीच जाकर जन संवाद कार्यक्रमों के जरिये लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार के मंत्री, सांसद गण, विधायक गण प्रदेश के सभी गावों और शहरों के वार्डो में पहुंच कर वहां पर जन संवाद कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुन रहे है और मांगो और सुझावों को साँझे कर उनका मौके पर निवारण करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग की भलाई के लिए लगातार कार्य कर रही है और प्रदेश के लोगों को हर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कर्तसंकल्प है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने लोगों की भलाई के लिए आयुष्मान योजना का विस्तार करते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिरायु योजना को क्रियांवित किया है। इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना का लाभ देना है। विधायक ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना को क्रियान्वित करके गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये की धनराशि तक मुफ्त में इलाज करवाया जा रहा है। वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में चिरायु योजना के दूसरे चरण का आरंभ किया गया है, जिसके तहत प्रदेश में 14 लाख परिवारों को जोड़ा गया है। इस योजना के तहत कोई भी लाभार्थी परिवार एक वर्ष में पांच लाख तक का इलाज मुफ्त में करवा सकता है। उन्होंने जन संवाद कार्यक्रमों में उपस्थित सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह परिवार पहचान पत्र अवश्य बनवाएं ताकि उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर बैठे ही मिल सके।

**बड़खल विधानसभा क्षेत्र के सभी छः गावों में अलग से बुस्टर लगाए जाएँः विधायक सीमा त्रिखा**

विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने विधायक राजेश नागर का बड़खल विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जन संवाद कार्यक्रमों पहुँचने पर स्वागत किया। विधायक सीमा त्रिखा ने बड़खल विधानसभा क्षेत्र के सभी छः गावों में अलग से बुस्टर लगाए जाने की मांग रखी।विधायक श्रीमती त्रिखा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश से तथा मुख्यमंत्री मनोहर ने प्रदेश से भाई भतीजावाद को खत्म करने का काम किया है। मैरिट के आधार पर योग्य युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही है। आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये सीधा पूरी राशि का लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना के तहत सीधा किसानों के खाते में आ रहे हैं। अन्त्योदय परिवार उत्थान मेलों के जरिये गरीब परिवारों को रोजगार देने के लिए कारगर साबित हो रहे हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का फीडबैक मौके पर जाकर लिया जा रहा है। जन संवाद के दौरान गांव के युवाओं ने बताया कि उन्हें बिना पर्ची व खर्ची के सरकारी नौकरी मिली है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का धन्यवाद भी किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं भी जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर सभी कैबिनेट मंत्री, सांसद गण और विधायक गण जन संवाद कार्यक्रमों के जरिये लोगों की समस्याएं सुनकर लोगों की समस्याएं दूर कर रहे हैं।
जन संवाद कार्यक्रमों में बड़खल एसडीएम अमित मान, एमसीएफ की ज्वाइंट कमीशनर अल्का चौधरी, एसीपी महेश श्योरान, बीजेपी नेता सुखबीर मलेरना, गजराज नागर, अत्तर सिंह, ग्रीराज त्यागी, अजय चंदीला, शशिपाल अवाना, प्रहलाद शर्मा, सुरेंद्र बिधूड़ी, अमित भारद्वाज, जमलाल पहलवान, पार्षद रतनपाल, भीम भड़ाना, हरी भड़ाना सहित सभी विभागों के अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### होटल, धर्मशाला, हॉस्पिटल, सराय, शैक्षणिक संस्थान, ओयो, गेस्ट हाउस संचालक या निजी तौर पर किसी के यहाँ विदेशी नागरिक के ठहरने पर पुलिस को दें सूचना

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निदेर्शानुसार सभी नागरिक व संस्थाएं अपने क्षेत्राधिकार में ठहरने वाले विदेशी नागरिक की सूचना पुलिस को दें और वेरिफिकेशन करवाएं। इस संबंध में पूर्व में भी प्रशासन द्वारा निर्देश भी जारी किए गए हैं। लेकिन फिर भी कुछ संस्थाएं /व्यक्ति पुलिस वेरिफिकेशन से बचते हैं और अपने आप की वह शहर की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं ऐसी लापरवाही के कारण कोई भी घटना घटित हो सकती है।



पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बहुत से विदेशी नागरिक फरीदाबाद में इलाज करवाने के लिए आते हैं और हस्पताल की परमिसिस या आसपास के एरिया में किराए पर कमरा लेकर रहने की कोशिश करते हैं। विदेशी नागरिक भारत में अन्य भी बहुत सारे कार्यों से आते हैं और यहां पर ठहरते हैं। विदेशी नागरिकों को किराए पर कमरा देने से पहले हॉस्पिटल, शिक्षण संस्थान, होटल, सराय, धर्मशाला या गेस्ट हाउस संचालक को पुलिस विभाग से इसकी अनुमति लेना अति आवश्यक है। इसके लिए पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21 से विदेशी नागरिकों को ठहरने के लिए फॉर्म उ भरने की अनुमति लें। बिना अनुमति किसी विदेशी नागरिक को किराए पर रखना देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है। इसके साथ ही होटल संचालक विदेशियों के पहचान पत्र की जांच करने के पश्चात उनके आने व जाने का समय अपने रजिस्टर में दर्ज करें एवं पुलिस को सूचना दें। नियमों का उल्लंघन करने पर हॉस्पिटल या होटल या गेस्ट हाउस के संचालक के खिलाफ फॉर्नर एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिसके अंतर्गत 5 साल तक की सजा और जुमार्ने का प्रावधान है इसलिए सभी नागरिकों से अनुरोध है कि बाहर से आए किसी भी व्यक्ति को किराए पर रखने से पहले उसकी अनुमति लें अवश्य लें तथा पुलिस जांच पूरी के पश्चात ही उन्हें किराए पर रखें।

### फतेहाबाद: विकास कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करवाएं अधिकारी: देवेंद्र बबली

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी जिला में विभिन्न परियोजनाओं के तहत किए जा रहे विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि में पूर्ण करवाएं। कैबिनेट मंत्री गुरुवार को उपायुक्त कार्यालय में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज, टोहाना बस अड्डा सहित जिला में चल रहे विकास कार्यों का समय-समय पर अधिकारी निरीक्षण करें। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा जनता के उत्थान के लिए लागू की गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ देने में अधिकारी देरी ना करें। उन्होंने बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना, आयुष्मान चिरायु योजना, मुख्यमंत्री घोषणाओं सहित अनेक योजनाओं के बारे में अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की।
कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा पर चर्चा करते हुए कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य यात्रा को कैसे आगे बढ़ाया जाना है, यात्रा के दौरान क्या-क्या किया जाना है, भारत सरकार और राज्य सरकार की किन स्कीमों को शामिल किया जाना है, के बारे में विस्तार से जिला प्रशासन के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में सामाजिक संगठनों व युवाओं को ज्यादा से ज्यादा सहयोग लें।
उन्होंने कहा कि उनका स्वयं का भी एक संगठन पिछले कई सालों से जनहित में कार्य कर रहा है।
संगठन भी इस यात्रा में पूर्णरूप से शामिल होकर जिला प्रशासन का सहयोग करेगा। यात्रा के सफल संचालन के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं को समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें। इस अवसर पर

## व्यापारी से एक करोड़ की फिरौती मांगने वाला तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
व्यापारी से फिरौती मांगने के मामले में क्राइम ब्रांच-48 ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।
इस मामले में शामिल आरोपी सत्येंद्र तथा मोनू को अगस्त 2023 मे पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अभिषेक है, जो दिल्ली के संगम विहार का रहने वाला है। पुलिस ने इससे पहले अगस्त 2023 में संगम विहार के ही रहने वाले आरोपी सत्यप्रकाश तथा मोनू उर्फ मोटा को गिरफ्तार किया था।

## 25 जनवरी तक जिला में होगा "विकसित भारत संकल्प यात्रा" का आयोजन: एडीसी

**उद्देश्य**

**8 एडीसी ने कहा, यात्रा का उद्देश्य आमजन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि देशभर के जिलों में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकारों के सहयोग से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आगामी 25 जनवरी तक किया जाएगा। जिसके माध्यम से आमजन तक केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। तथा भावी लाभार्थियों को चयनित कर उन्हें योजना का लाभ देने का कार्य किया जाएगा। एडीसी आनंद शर्मा ने आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर संबंधित विभागों की बैठक में अधिकारीयों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रचार वाहन उपलब्ध करवाए जाएँगे। जो जिला में गाँव-गाँव व शहर के वार्डों में जाकर आमजन को केंद्र व प्रदेश की नीतियों से रूबरू करवाएँगे। उन्होंने अधिकारीयों को निर्देश देते हुए कहा कि इस यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियां पूरी रखें। शहरी क्षेत्र में इस कार्य की मॉनिटरिंग निगम आयुक्त करेंगे व ग्रामीण क्षेत्र में सीईओ जिला परिषद द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी मॉनिटरिंग करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि गांव तथा शहरों के वार्डों का कलस्तर व रूट बनाकर जन भागीदारी ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित की जाए। जिस स्थान पर प्रचार वाहन जाए, वहां मौके पर ही स्वास्थ्य जांच, परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने, आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, अंत्योदय योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम स्वनिधि, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना आदि का लाभ मौके पर मौजूद पात्र व्यक्तियों को देना सुनिश्चित करें। एडीसी ने कहा कि जहां पर भी केंद्र सरकार की ओर से भेजा गया प्रचार वाहन पहुंचें, वहां पर उसका स्वागत किया जाए। उसके बाद प्रधानमंत्री का संदेश प्रेषित होगा और उपस्थित लोगों से विकसित भारत का संकल्प भी लिया जाएगा। प्रदेश व केंद्र की योजना के लाभ पात्रों को भी वहां पर बुलाया जाए। व केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति उनके अनुभव के बारे में चर्चा कर लोगों को जागरूक व प्रेरित किया जाए। बैठक में एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त शिखा, नगराधीश हरी राम, जिला सूचना जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। फोटो :- एडीसी आनंद शर्मा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए।

## बेरोजगारी भत्ते हेतु 30 नवंबर तक सरल पोर्टल पर करें ऑनलाइन आवेदन: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि रोजगार विभाग हरियाणा द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश अनुसार बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत मंडल रोजगार कार्यालय फरीदाबाद में पंजीकृत 12वीं, ग्रेजुएट, पोस्ट-ग्रेजुएट बेरोजगार प्रार्थी जिनके 31.10.2022 तक 3 वर्ष पूरे हो चुके हैं, वे बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने हेतु आगामी 30 नवम्बर तक सरल पोर्टल ँttps://sar-alharyana.gov.in/ पर आवेदन कर सकते हैं।
आवेदन करने की शर्तें निम्न प्राकर से हैं:-



उपायुक्त ने विस्तृत जानकरी देते हुए बताया कि आवेदक के पास सम्बन्धित जिले का रिहायशी प्रमाण पत्र होना चाहिए। तथा आवेदक का 01 नवम्बर 2021 को 03 वर्ष पुराना पंजीकरण होना चाहिए। यदि आवेदक द्वारा अपनी शैक्षणिक योग्यता को अपडेट किया गया हो तो उसे 01 नवम्बर 2021 को 03 वर्ष पूर्ण होने चाहिए। आवेदक की आयु 21 से 35 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक के रिहायशी व कमर्शियल संपत्ति की कीमत 10 लाख से अधिक न हो अथवा कृषि भूमि 02 हेक्टेयर से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक की योग्यता 12वीं अथवा 10वीं के पश्चात दो वर्षीय कोर्स, स्नातक तथा स्नातकोत्तर पास होना चाहिए। वर्तमान में प्रार्थी विद्यार्थी/प्रशिक्षणार्थी /अप्रेन्टिस न हो। शादी शुदा महिला के केस में परिवार में उसके ससुराल का परिवार शामिल किया जायेगा न कि माता-पिता व भाई बहन।

## रेवाड़ी: पति दूध देने गया पीछे से नई नवेली दुल्हन हुई गायब

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**
रेवाड़ी में एक नई नवेली दुल्हन अचानक घर से लापता हो गई। उसका पति उस समय दूध लेने के लिए गया हुआ था। वापस आया तो घर पर पत्नी नहीं मिली। दोनों ने 20 दिन पहले नई दिल्ली स्थित एक ट्रस्ट में शादी की थी। बावल थाना पुलिस ने बुधवार को पति की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।
पुलिस के अनुसार रेवाड़ी जिले के कस्बा बावल निवासी रवींद्र खेती-बाड़ी का काम करता है। इसके साथ-साथ वह दूध की डेयरी का भी काम करता है।

## हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद का 11वां सर्कल कबड्डी कप 17 को

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद द्वारा 11वां सर्कल कबड्डी कप शुक्रवार 17 नवम्बर को तथा 17वां धाकड़ हरियाणवीं रागनी कम्पीटिशन शनिवार 18 नवम्बर को रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगा। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद के संस्थापक अनिल दहिया, प्रधान महेश श्योकंद, महासचिव देवेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष अजय दहिया ने बताया कि हरियाणा युवा संघ प्रत्येक वर्ष सर्कल कबड्डी कप का आयोजन करता आ रहा है। इस बार 11वां सर्कल कबड्डी कप दशहरा मैदान फरीदाबाद में शुक्रवार 17 नवम्बर को सुबह 9 बजे हवन के बाद प्रारंभ होगा। इस सर्कल कबड्डी कप में पहला ईनाम 1 लाख 1 हजार रूपए का, दूसरा ईनाम 71000 रूपए का, तीसरा ईनाम 41000 रूपए का, चौथा ईनाम 21 हजार रूपए का रखा गया है। क्वार्टर फाईनल में हारने वाली टीमों को 5100-5100 रूपए दिए जायेगें।
वहीं बैस्ट रैडर व बैस्ट कैचर को मोटरसाईकिल भेंट की जाएगी। इस बार हरियाणा एवं पंजाब की लड़कियों का एक मैच ओपन का होगा। जिसमें पहला ईनाम 31 हजार व दूसरा ईनाम 21 हजार का रखा गया है। वहीं कार्यक्रम स्थल पर गौतम आयुवेर्दा के सहयोग से एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विक्टोरा आटो ग्रुप के



एमडी एच.एस. बांगा, विशेष अतिथि के रूप में संयुक्त पुलिस आयुक्त फरीदाबाद ओ.पी. नरवाल, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त गौर आंतिल, विशेष रूप से मनसा ग्रुप के चेयरमैन नरेश मलिक, पूर्व कबड्डी खिलाड़ी नवदीप टूल्स के एम.डी. चौ. वेदपाल दलाल मौजूद होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगें। हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद के संस्थापक अनिल दहिया ने बताया कि 17वां धाकड़ हरियाणवी रागनी कम्पीटिशन शनिवार 18 नवम्बर को रात्रि 8 बजे से शुरू होगा। इसमें मुख्य रूप से हरियाणवीं कलाकार रमेश कल्हावडि ?ा, विकास सातरोड़, सुरेश निदाना तथा महिला कलाकार, राकेश श्योराण, आर.सी. उपाध्याय और हास्य कलाकार पवन दहिया एवं कर्मबीर रेढ़ू अपनी रागनियों के माध्यम से श्रोताओं को गुदगुदायगें।
इस अवसर हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद के संस्थापक अनिल दहिया, प्रधान महेश श्योकंद, महासचिव देवेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष अजय दहिया, जीतू पहलवान, पवन दहिया, नरेंद्र सांगवान, संजय खासा ने दशहरा मैदान एनआईटी में पहुंच कर तैयारियों का जायजा भी लिया।

## ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए कैम्प का आयोजन: डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आज वीरवार को सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन हॉल में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। इस विशेष कैंप के माध्यम से ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों के लिए एक ही स्थान पर अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए लोन देने की सुविधा, जिन लोगों के परिवार पहचान पत्र तथा आधार कार्ड नहीं बने हैं या उनमें किसी प्रकार की त्रुटी है, तो उसके के लिए भी यूआईडीएआई तथा पीपीपी के ऑपरेटरों की टीम के माध्यम से इन त्रुटियों को दूर करने के लिए आवेदन कराया गया।




डीसी ने कहा कि इस विशेष कैम्प का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना तथा सरकार की योजनाओं का उपलब्ध कराना है। इस प्रकार के कैम्प इस समुदाय के लोगों को मूलभूत सुविधाओं व सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित होने से बचाने में कारगर साबित होंगे।
डीसी विक्रम सिंह ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि कैम्प में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया जिसके माध्यम से ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सहित एचआईवी जांच की गयी तथा मुफ्त उपचार भी उपलब्ध कराया गया। जिन लोगों को कृत्रिम अंग की आवश्यकता है, उनका जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा माप लेकर कृत्रिम अंग प्राप्त करने के लिए आवेदन भी करवाया गया।

## ऑटो चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

### डीसीपी ट्रैफिक द्वारा सभी ऑटो चालकों को यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर प्लेट लगवाने के दिए थे आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश तथा एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस ने ऑटो पर यूनिक कोड नहीं लगवाने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर 530 ऑटो चालकों के चालान तथा 97 ऑटो को इंपाउंड किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के आदेश अनुसार पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने फरीदाबाद



में सेफ सिटी परियोजना शुरू की थी जिसके लिए रात्रि के समय यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में कुछ अहम कदम उठाए गए हैं। इसके लिए फरीदाबाद के ऑटो चालकों को एक यूनिक नंबर(यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर प्लेट्स) अलॉट किया जाता है ताकि उनको ट्रैक करना आसान हो।
ऑटो चालकों को निर्देशित किया गया है कि वह अपना व ऑटो मलिक का मोबाइल नंबर सहित सारी जानकारी ऑटो के अंदर सामने वाली साइड पर लगाकर रखें ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाएं यह फोटो डायल 112 पर भेज सकें जिससे पुलिस को जानकारी प्राप्त हो जाएगी की यह महिला किस ऑटो में सफर कर रही है। इसके लिए यातायात पुलिस द्वारा प्रत्येक ऑटो चालक को अपने ऑटो पर यूनिक कोड लगवाने के लिए निर्देशित किया गया था परंतु कुछ ऑटो चालकों ने नियमों की अवमानना करते हुए अपने वाहन पर यूनिक कोड नहीं लगवाए।
इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त तथा डीसीपी ट्रैफिक के निदेर्शानुसार आदेशों की अनुपालना में उल्लंघनकर्ता ऑटो चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर चालान किए गए तथा ऑटो को इंपाउंड किया गया। सभी ऑटो चालकों को हिदायत दी गई की वह अपने वाहन पर जल्द से जल्द यूनिक कोड लगवाएं अन्यथा उनके खिलाफ ओर भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे आरोपी को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 48 की टीम ने एक आरोपी को बटनदार चाकू सहित गिरफ्तार किया है जो किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम गुलशन उर्फ कालू है जो फरीदाबाद के खेड़ी गुजरान गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए



आरोपी को कुरेशीपुर मोड़ से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक बटनदार चाकू बरामद किया गया। आरोपी को धौज थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की आपूर्ति के लिए आपराधिक वारदातों को अंजाम देता है जो आज भी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 17 नवंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

फास्ट न्यूज

## बासमती धान की हैफेड से खरीद करने की मांग, प्रदर्शन

**कैथल:** हैफेड द्वारा बासमती धान की खरीद करने की मांग को लेकर गुरुवार को किसान नेताओं ने नई अनाज मंडी में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन धन्ना भगत के प्रदेश अध्यक्ष होशियार सिंह गिल ने किया। उनका कहना था कि हैफेड को बासमती धान की खरीद करनी चाहिए, ताकि किसानों को धान बेचने में आसानी हो। इसी मांग को लेकर उन्होंने मार्केट कमेटी सचिव बसाऊ राम से भी मुलाकात की। प्रदर्शन में भूराराम पबनावा, राम दिया पूनिया व गुरदेव सिंह सिसला ने हिस्सा लिया। किसान नेताओं से मुलाकात के बाद मार्केट कमेटी के सचिव बसाऊ राम ने बताया कि उन्होंने तुरंत हैफेड के डीएम सुरेश कुमार से इस मामले में बात की। डीएम ने उन्हें बताया कि हैफेड नॉन पीआर यानी बासमती धान की खरीद कर रहा है। बासमती धान खरीद करने के लिए है हैफेड 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल का मानक तय कर रखा है। मौजूदा समय में बासमती धान का भाव मार्केट में 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल से अधिक चल रहा है। इस भाव पर प्राइवेट खरीददार धान खरीद रहे हैं। हैफेड ने इस कारण खरीद बंद कर रखी है जिसे जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। दोनों अधिकारियों की बातचीत से संतुष्ट होकर प्रदर्शनकारी किसान नेता वापस लौट गए। उनका कहना था कि उन्हें मालूम नहीं था कि हैफेड बासमती धान खरीद रही है।

## शराब बांटने से रोका तो कांग्रेस कार्यकर्ता पर छिड़का पेट्रोल, बाइक में आग लगाई

**मैहर:** अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र के रामनगर में बुधवार को देर रात शराब बांटने को लेकर हंगामा हो गया। नगर परिषद के कर्मचारी शराब बांट रहे थे। जब कांग्रेस कार्यकर्ता ने इसका विरोध किया तो नगर परिषद के कर्मचारी भड़क गए और कांग्रेस कार्यकर्ता पर पेट्रोल छिड़ककर बाइक को आग के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के लिए शराब बांट जा रही थी। पुलिस जांच कर रही है। अजय तिवारी की शिकायत के अनुसार उन्हें देर रात शराब बांटे जाने की खबर मिली थी। वह वार्ड नंबर 5 में पहुंचे तो राजेंद्र पटेल और सुजीत पटेल शराब बांट रहे थे। अजय तिवारी ने दोनों का विरोध किया तो राजेंद्र और सुजीत हमला कर दिया तथा ऊपर पेट्रोल डालकर उन पर आग लगाने की कोशिश की। जब राजेंद्र और सुजीत अपने इरादों में कामयाब नहीं हुए तब उन्होंने अजय की बाइक को फूंक दिया। बाइक जलकर खाक हो गई। इस घटना के बाद कांग्रेस और भाजपा समर्थक थाने पहुंचकर अपना पक्ष बताने लगे।

## पिछले 9 सालों में देश में तेजी से हुआ विकास: धर्मवीर सिंह

**नारनौल।** हरियाणा उदय के तहत भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने गुरूवार को अटेली विधानसभा क्षेत्र के गांव सागरपुर, भोडी, खोड़, धानौदा, उनिंदा, अटेली, बेगपुर गावों में जन संवाद कार्यक्रम कर लोगों की समस्याएं सुनी व सरकार की योजनाओं का फीडबैक लिया। इस मौके पर अटेली विधानसभा क्षेत्र के विधायक सीताराम यादव भी मौजूद रहे। सांसद धर्मवीर सिंह ने डी प्लान स्कीम के तहत गांव भोड़ी में नवनिर्मित वीकेसी नॉलेज सेंटर के चौक का उद्घाटन किया।

# बदलेगी ऐतिहासिक धरोहरों की सूरत

## उत्तर प्रदेश में 490 करोड़ रुपए के निवेश से बदलेगी 9 ऐतिहासिक धरोहरों की सूरत



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर प्रदेश को** पर्यटन के लिहाज से देश का फेवरेट डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में कार्य कर रही योगी सरकार ने प्रदेश की 9 चुनिंदा ऐतिहासिक धरोहरों को लग्जरी होटल समेत एडैप्टिव रीयूज एसेट्स में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, इस विषय में एक विस्तृत कार्ययोजना का निर्माण हुआ था जिसको अमलीजामा पहनाने का दायित्व उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग को सौंपा गया है। इस क्रम में जो खाका खींचा गया है उसके अनुसार कुल 490 करोड़ रुपए के निवेश के जरिए इन ऐतिहासिक धरोहरों की रूपरेखा तय की गई है। इस कार्य को अंजाम देने के लिए एजेंसियों के निर्धारण की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। कार्ययोजना के अनुसार, लखनऊ के छतरमंजिल में 100 करोड़ रुपए के निवेश से कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त होगा।

वहीं, मिजार्पुर के चुनार फोर्ट व झांसी के बरुआ सागर फोर्ट में भी 100-100 करोड़ रुपए के निवेश से मेकओवर की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। इसी प्रकार, लखनऊ की कोठी गुलिस्तान-ए-इरम, कोठी दर्शन विलास व कोठी रौशन-उद्-दौला में 50-50 करोड़ रुपए के निवेश से मेकओवर की प्रक्रिया को पूर्ण करने की योजना पर काम हो रहा है। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा राज्य के 10 राही टूरिस्ट बंगलों के भी विकास के लिए लीज आधारित प्राइवेट सेक्टर पार्टिसिपेशन (पीएसपी) की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**जल महल, शुक्ला तलाब व टिकैतराय बारादरी का भी होगा मेकओवर:** सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, मथुरा के बरसाना स्थित जल महल समेत कानपुर देहात के शुक्ला तलाब व कानपुर नगर स्थित

कायाकल्प

- चुनिंदा धरोहरों को लग्जरी होटल समेत एडैप्टिव रीयूज एसेट्स में तब्दील करने की प्रक्रिया हुई शुरू

टिकैत राय बारादरी को भी 30-30 करोड़ रुपए के निवेश के जरिए एडैप्टिव रीयूज एसेट्स में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उल्लेखीय है कि योगी सरकार उत्तर प्रदेश को विरासत पर्यटन के लिए एक लोकप्रिय डेस्टीनेशन के तौर पर स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और उसका मौजूदा कदम इसी दिशा में उत्तर प्रदेश की स्थिति को और पुख्ता करेगा। सीएम योगी के मार्गदर्शन में निजी क्षेत्रों के निवेश के माध्यम से विरासत संपत्तियों को उनका प्राचीन गौरव लौटाने की महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में, इन स्थानों को वेलनेस सेंटर, हेरिटेज होटल, लग्जरी रिजॉर्ट्स, म्यूजियम, बुटीक रेस्तरां, मैरिज डेस्टिनेशन व वेडिंग वेन्यू, एडवेंचर टूरिज्म स्पॉट, होमस्टे, थीमपार्क तथा अन्य पर्यटक व अतिथि इकाइयों में परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**10 राही टूरिस्ट बंगलों के संचालन व कायाकल्प का मार्ग भी होगा प्रशस्त:** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा राज्य के 10 राही टूरिस्ट बंगलों के भी विकास के लिए लीज आधारित प्राइवेट सेक्टर पार्टिसिपेशन (पीएसपी) की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें बाराबंकी के देवा शरीफ, सीतापुर के हरगांव, शामली के कांढला, एटा के सोरों, बुलंदशहर के खुरजा, अमेठी के मुंशीगंज, एटा के पटना पक्षी विहार, बदायूं के काछला, मिर्जापुर के चुनार व प्रतापगढ़ के भूपिया मऊ प्रमुख हैं।

## वीके सिंह ने लिया राहत एवं बचाव कार्य का जायजा



**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**

**केंद्रीय** राज्यमंत्री वीके सिंह ने उत्तरकाशी के सिलक्यारा में साइट पर पहुंचकर निरीक्षण किया और रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने हादसे की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि काम चल रहा है। हम अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं। सभी एक्सपर्ट से बातचीत करके हमारा पूरा प्रयास है कि मजदूरों को जल्द से जल्द बाहर निकाला जाए। उनसे मेरी बात हुई है। हम सब तरह के विकल्प देख रहे हैं। कहा कि शुरूआती बचाव कार्य में ड्रिलिंग मशीन का उपयोग किया जा रहा था, जिसके कारण कुछ हिस्सों में

रेस्क्यू

- नई मशीन का उपयोग किया जा रहा है। इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने का प्रयास किया जा रहा

गड़बड़ी हुई, यही कारण है कि हमने इसे रोक दिया, क्योंकि इससे अधिक खतरनाक साबित हो सकता था। अब, एक नई मशीन का उपयोग किया जा रहा है। इस कार्य को दो-तीन दिनों में सफलतापूर्वक पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

## फर्जी वीडियो: कांग्रेस पर भड़की मायावती



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मध्य प्रदेश** विधानसभा चुनाव के लिए सभी 230 सीटों पर मतदान होगा। इससे पहले सोशल मीडिया पर नेताओं के बयानों से सियासी पारा बढ़ते जा रहा है। अब बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती अपने एक फर्जी वायरल वीडियो पर नाराज है। इसको लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि एमपी, छत्तीसगढ़, राजस्थान आदि में मतदान पूर्व चाहे भाजपा जीत जाए किंतु कांग्रेस को नहीं जीतना चाहिए। जैसा विशुद्ध गलत व फर्जी वीडियो को कांग्रेस द्वारा प्रचारित करना दुर्भाग्यपूर्ण व उनकी हताशा का प्रतीक है। उन्होंने आगे लिखा कि यह षड्यंत्र बीएसपी की मजबूत स्थिति को देखते हुए हुए हैं। लोग सावधान रहें। मायावती ने आगे लिखा कि कांग्रेस का इन राज्यों में अति मिथ्या प्रचार जारी है,जबकि बीएसपी द्वारा चुनावी सभाओं में लोगों से वोट देने तथा विरोधी पार्टियों के साम, दाम, दंड, भेद आदि हथकण्डों से सावधान रहने

सियासी पारा

- 'विशुद्ध गलत व फर्जी वीडियो को कांग्रेस द्वारा प्रचारित करना दुर्भाग्यपूर्ण व उनकी हताशा का प्रतीक है'

की अपील की गई। जो पार्टी की मजबूत स्थिति को देखते हुए कांग्रेस की बौखलाहट से स्पष्ट है। अब जबकि मतदान नजदीक है विरोधी पार्टियों में भी खासकर कांग्रेस द्वारा, भाजपा से मजबूती से लड़ने के बजाए, बीएसपी विरोधी अपनी पुरानी नापाक हरकतों व साजिशों को जारी रखना घोर अनुचित व दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे लोग सावधान रहें तथा चुनाव आयोग भी इसका समुचित संज्ञान लें।

बता दें सोशल मीडिया पर एक मायावती का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह कांग्रेस पार्टी को हराने की अपील करती नजर आ रही हैं।

## सेना ने जोड़ा तीस्ता नदी पर चुंगथांग बेली पुल

**टीम एक्शन इंडिया/सिक्किम**

**भारतीय** सेना के त्रिशक्ति कोर के जवानों ने बीआरओ की सहायता से चुंगथांग में तीस्ता नदी पर बेली ब्रिज पूरा किया। इसके पूरा होने से अंततः उत्तरी सिक्किम के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र राज्य के बाकी हिस्सों से जुड़ गए। उल्लेखनीय है कि तीन अक्तूबर की रात को आए भयंकर बाढ़ के बाद ये हिस्से कट गए थे।

पुल अब इन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वाहनों की निर्बाध आवाजाही और राहत सामग्री के प्रावधान का मार्ग प्रशस्त



करेगा। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने गुवाहाटी में बताया कि 200 फीट का बेली ब्रिज अपने आप में एक इंजीनियरिंग चमत्कार है क्योंकि यह सबसे लंबा और सबसे भारी सिंगल

बाढ़ प्रभावित

- 200 फीट का बेली ब्रिज अपने आप में एक इंजीनियरिंग चमत्कार है क्योंकि रसबसे भारी सिंगल स्पैन बेली ब्रिज है

स्पैन बेली ब्रिज है। चौबीसों घंटे काम करते हुए, बीआरओ ने शुरूआत में कंक्रीट के ढांचे का निर्माण किया। इसके बाद बाद त्रिशक्ति सैपर्स द्वारा पुल का निर्माण किया गया। इसमें लगभग पांच दिन लगे। पुल का उद्घाटन सिक्किम सरकार के सड़क और पुल मंत्री समदुप लेप्चा ने भारतीय सेना, बीआरओ और नागरिक प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में किया। उन्होंने बताया इस ब्रिजिंग ऑपरेशन के लिए त्रिशक्ति कोर और बीआरओ के इंजीनियर सैनिकों के साथ-साथ कई भारी अर्थ मूविंग प्लांटों को नियोजित किया गया था। भारतीय सेना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है और जरूरत की घड़ी में हमेशा देश के लोगों के साथ मजबूती से खड़ी रहती है।

## मद्रास आईआईटी ने मानसून की भविष्यवाणी को बेहतर बनाने की तकनीक विकसित की

**चेन्नई (तमिलनाडु):** केंद्र सरकार की 'इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस' की फंडिंग से स्थापित जियोफिजिकल फ्लो लैब अत्याधुनिक समुद्र विज्ञान और रिमोट सेंसिंग तकनीकों का उपयोग करके ऊपरी महासागर और निचले वायुमंडलीय माप का स्थानिक जानकारी करने की तकनीक विकसित किया जा रहा है। पहली बार केंद्र ने अरब सागर और बंगाल की खाड़ी पर उच्च-रिजॉल्यूशन पर्यावरण निगरानी के लिए मानवरहित हवाई प्रणालियों को विकसित कर तैनात की है।

## कांग्रेस की केरल में फलिस्तीन समर्थक विशाल रैली की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/तिरुवनंतपुरम**

**मुस्लिम** लीग और सीपीआई (एम) के बाद कांग्रेस अगले हफ्ते उत्तरी केरल के शहर कोझिकोड में फलिस्तीन समर्थक एक विशाल रैली आयोजित करने की तैयारी में है। कांग्रेस ने कहा कि वह एकमात्र राजनीतिक दल है जो भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा अपनाए गए इजरायल समर्थक रुख को सुधारने में सक्षम है। केपीसीसी प्रमुख के सुधाकरन ने कहा कि 23 नवंबर को होने वाली रैली में 50,000 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे और उन्हें कोझिकोड और अन्य जिलों से जुटाया जाएगा। सुधाकरन ने एक बयान में कहा, "सभी धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक विश्वासी 23 नवंबर को कोझिकोड समुद्र तट पर कांग्रेस के नेतृत्व वाली रैली में शामिल होंगे।" एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल एकजुटता रैली का उद्घाटन करेंगे, जिसमें विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्रों के नेता, लेखक और सांस्कृतिक प्रतीक भी उपस्थित होंगे।

## मणिपुर में असम राइफल्स पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर से बड़ी** आतंकी घटना सामने आ रही है। यहां असम राइफल्स के जवानों पर हमला किया गया है। बताया गया है कि आईईडी ब्लास्ट के बाद उन पर फायरिंग की गई। फिलहाल सभी जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घटना टेंग्नोपाल जिले की बताई जा रही है। सुरक्षाबलों को सतर्क कर दिया गया है और घटना के बाद तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक सुबह करीब 8.30 बजे भारत म्यांमार सीमा के पास टेंगनौपाल पुलिस स्टेशन के अंतर्गत नारुम शैबोल



(मारिंग नागा गांव) में तैनात एफ/20 असम राइफल्स की एक टुकड़ी पर अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने घात लगाकर हमला किया था। अभी तक किसी ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है।

हिंसा जारी

- आईईडी ब्लास्ट के बाद उन पर फायरिंग की गई। फिलहाल सभी जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं

संदेह वीबीआईजी आतंकी संगठन पर है। खबर लिखे जाने तक फायरिंग जारी थी। सुरक्षाबलों ने इलाके को चारों से घेर लिया है। बड़े स्तर पर तलाशी अभियान भी चल रहा है।





इंडिया इंटरनेशनल साईस फेस्टिवल पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह मीडिया से मुखातिब हुए।

## संजय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर घर-घर अभियान चलाएगी पाटी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**आम** आदमी पार्टी प्रदेश (आप) अपने सांसद व प्रदेश प्रभारी संजय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर 21 नवंबर से एक माह तक व्यापक अभियान चलाएगी। 25 लाख घरों तक इसके लिए पैंफलेट पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें उनकी गिरफ्तारी का कारण बताया गया है। सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी क्यों के नाम से यह अभियान चलेगा। प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी। उन्होंने कहा कि संजय सिंह की मुहिम को पार्टी आगे बढ़ाएगी। दुर्भावना के तहत उनकी गिरफ्तारी की गई। किसान, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर उन्होंने सवाल पूछा था। इन्हीं सवालों को लेकर पार्टी गांव-गांव, घर-घर तक जायेगी। पहले चरण में 25 लाख घरों तक जाएंगे। सभी स्तर के कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र को समाप्त करने की साजिश की जा रही है। सवाल उठाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

## तीन धामों के कपाट के साथ पंजीकरण भी हुए बंद



**टीम एक्शन इंडिया/केदारनाथ**

**केदारनाथ**, यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के बाद पर्यटन विभाग ने यात्रा पंजीकरण बंद कर दिया है। पंजीकरण पोर्टल बदरीनाथ धाम के लिए खुला है। अब तक चारधाम यात्रा के लिए 75 लाख यात्रियों ने पंजीकरण किया है। इसमें 55.80 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। 22 अप्रैल से शुरू हुई चारधाम यात्रा के लिए इस बार प्रदेश सरकार ने पंजीकरण अनिवार्य किया था। यात्रा शुरू होने से पहले पर्यटन विभाग ने पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सरकार को बीच-बीच में पंजीकरण रोकना पड़ा था।

विधि-विधान से केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट बंद हो गए। जबकि बीते दिन गंगोत्री धाम के कपाट बंद हुए हैं। पर्यटन विभाग ने तीन धामों की यात्रा के लिए पंजीकरण बंद कर दिया है। बदरीनाथ धाम के कपाट 18 नवंबर

रिकॉर्डतोड़

- चारधाम यात्रा में अब तक दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 55.78 लाख हो गई है

को बंद होंगे। तब तक बदरीनाथ की यात्रा के लिए पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है। पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक योगेंद्र गंगवार ने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए अब तक 75 लाख यात्रियों ने वेबसाइट, वाट्सएप और मोबाइल एप से पंजीकरण कराया है। जिसमें 55.80 लाख यात्रियों ने दर्शन किए हैं। बाबा केदार के दरबार में इस बार 19.61 लाख श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाई है। विधि विधान से बाबा केदार के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो गए हैं। चारधाम यात्रा में अब तक दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 55.78 लाख हो गई है।

पानी की कमी

मित्र कीट तो मर ही रहे हैं, ओजोन परत को भी नुकसान पहुंच रहा है

## खेतों में डाली यूरिया से निकल रही गैस पर्यावरण के लिए खतरनाक

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर।**

**रसायनिक** उर्वरकों के अंधाधुंध इस्तेमाल से पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। रासायनिक उर्वरकों से जहां खेतों की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है, वहीं सिंचाई के लिए पानी की भी कमी होती जा रही। खेत में डाली गई यूरिया से ग्रीन हाउस गैस, नाइट्रस ऑक्साइड से जैसी खतरनाक गैस निकल रहीं हैं, जो पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है। मित्र कीट तो मर ही रहे हैं, ओजोन परत को भी नुकसान पहुंच रहा है। गोविवि के प्राणि विज्ञान विभाग की वर्मी बायोटेक्नोलॉजी प्रयोगशाला में प्रो.



केशव सिंह के निर्देशन में हुए शोध में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। शोध में रासायनिक उर्वरक और वर्मी कंपोस्ट को लेकर खेत में फसल पर अलग-अलग अध्ययन किया गया। जिसमें पाया गया कि रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों का प्रयोग वातावरणीय प्रदूषण तथा मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ-साथ जीव जंतुओं की अस्तित्व के लिए भी खतरा बन गया है। इनका कुप्रभाव फसलों के लिए उपयोगी सूक्ष्म

यूरिया का असर

- शोध में रासायनिक उर्वरक और वर्मी कंपोस्ट को लेकर खेत में फसल पर अलग-अलग अध्ययन किया गया

जीवों पर पड़ रहा है। मसलन, खेत मित्र कीट केंचुआ, रेड लेडी बर्ड बीटल, कीट मेंटिस, जिओकारिस कीट, मकड़ी आदि अब खत्म होती जा रही हैं।

**रासायनिक खाद व कीटनाशक के प्रयोग से होने वाले नुकसान** जल, मृदा और वायु प्रदूषण का है बड़ा कारक, मिट्टी की उर्वरा शक्ति हो रही क्षीण, मिट्टी के क्षारीय होने से घट रही पैदावार, यूरिया व डीएपी जैसे उर्वरक के अधिक इस्तेमाल से मिट्टी से लोप हो रहे प्राकृतिक तत्व, मिट्टी के कणों में पानी संग्रह की क्षमता हो रही कम, अधिक सिंचाई की आवश्यकता, यूरिया का बीज के साथ सीधा संपर्क होने से अंकुरण दर में भी होती है कमी रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल से दलहन फसलों की ग्रंथि निर्माण व वायुमंडलीय नाइट्रोजन स्थिरीकरण पर भी विपरीत प्रभाव।

## मप्र: ड्यूटी के दौरान मतदान कर्मी की हार्ट अटैक से मौत

**बैतूल:** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। गुरुवार को जिला मुख्यालयों से मतदान दलों को सामग्री के साथ मतदान केंद्रों पर रवाना कर दिया गया है। मतदान सामग्री का वितरण करने के दौरान मुलताई में ड्यूटी पर तैनात एक कर्मचारी की हृदयाघात से मौत हो गई।

बताया गया है कि अचानक उनके सीने में दर्द उठने की शिकायत की के बाद उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।